सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-344 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 26 मई 2024
17 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# राजकोट में भीषण आग से 20 लोगों की मौत

**हादसा**

- बचाव-अभियान जारी
- सीएम पटेल ने दिए निर्देश



**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में टीआरपी गेम जोन में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिशें शुरू की।

इस अग्निकांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। इस बारे में राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया कि दोपहर में टीआरपी गेमिंग जोन में आग लग गई थी। बचाव कार्य जारी है। फिलहाल आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि हम यथासंभव अधिक से अधिक शव निकालने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक, लगभग 20 शव बरामद किए गए हैं और उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस गेमिंग जोन का स्वामित्व युवराज सिंह सोलंकी नामक व्यक्ति के पास है। इस बारे में लापरवाही के लिए मामला दर्ज किया जाएगा। साथ ही मौतों के संबंध में बचाव अभियान के बाद जांच शुरू की जाएगी। राजकोट नगर निगम आयुक्त आनंद पटेल ने कहा कि घटनास्थल पर गर्मी की छुट्टियों के कारण बड़ी संख्या में मौके पर मौजूद थे। मृतकों और घायलों की सही संख्या बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही पता चलेगा। वहीं, सीएम भूपेंद्र पटेल ने भी इस हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए हैं।

### आठ राज्यों की 58 सीटों पर वोटिंग खत्म, 57.7 प्रतिशत हुई वोटिंग

# बंगाल में पड़े सबसे ज्यादा वोट

**छठा चरण**

- 77.99 प्रतिशत के साथ बंगाल में सबसे अधिक हुआ मतदान
- उत्तर प्रदेश में सबसे कम 52.02 प्रतिशत वोट पड़े
- अनंतनाग-राजौरी में 52 प्रतिशत हुआ मतदान



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में शनिवार को छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों पर पांच बजे तक 57.7 प्रतिशत मतदान हुआ। जम्मू-कश्मीर की आतंकियों और अलगाववादियों के प्रभाव वाली अनंतनाग-राजौरी सीट पर 28 वर्ष का रिकॉर्ड टूट गया और 52 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के मुताबिक, सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 77.99 प्रतिशत और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 51.35 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि अन्य राज्यों झारखंड 61.41 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 52.02 प्रतिशत, ओडिशा 59.60 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर 51.35 प्रतिशत, बिहार 52.24 प्रतिशत, हरियाणा 55.93 प्रतिशत, और दिल्ली 53.73 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुल 889 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। दिल्ली में मतदान के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, विदेश मंत्री एस जयशंकर, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी वोट डालने पहुंचे। बता दें कि लोकसभा के लिए सात चरणों में मतदान होना है। अब तक 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 428 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। अंतिम चरण का मतदान एक जून को होना है। जबकि मतगणना चार जून को होनी है।

### बंगाल में भाजपा प्रत्याशी पर पथराव

बंगाल में छठे चरण में भी छिटपुट हिंसा के बीच जमकर मतदान हुआ। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के अनुसार, प्रदेश की आठ सीटों पर शाम पांच बजे तक कुल 77.99 प्रतिशत वोट पड़े। चूंकि मतदान के निर्धारित समय के बाद भी विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की कतारें थीं, इसलिए अंतिम आंकड़ा बढ़ना स्वाभाविक है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने अपने पोलिंग एजेंटों की गिरफ्तारी पर रोष जताते हुए लगभग तीन घंटे तक बिजबिहाड़ा में पुलिस स्टेशन के बाहर धरना दिया। उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने अनंतनाग में कुछ मतदान केंद्रों में ईवीएम की धीमी गति का मुद्दा उठाया। बता दें कि इससे पहले श्रीनगर सीट पर 39 प्रतिशत और बारामुला में भी रिकॉर्ड 59 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है

**हमीरपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके)भारत का हिस्सा है और ''हम उसे लेकर रहेंगे।'' उन्होंने पड़ोसी देश के पास परमाणु बम होने संबंधी बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने हमीरपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के समर्थन में ऊना जिले के अम्ब में एक रैली में कहा, ''पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है, हमारा रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे।''

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों में 310 सीटें जीत ली हैं और छठे तथा आखिरी चरणों के चुनाव में ''400 पार'' का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 40 सीटों तक सीमित रहेंगे।

# जब तक मोदी जिंदा है, आरक्षण छीनने नहीं दूंगा: पीएम

**निशाना**

- गाजीपुर में पीएम मोदी ने विपक्षियों पर चलाया सियासी तीर
- ताड़ीघाट पुल का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला
- शहजादे राम मंदिर पर ताला लगवाना चाहते हैं

**गाजीपुर।** पीएम मोदी ने भोजपुरी में संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा गाजीपुर के पावन धरती के लोगों के हमार प्रणाम बा। काशी वासियों के लिए गाजीपुर आना ऐसा ही है जैसे बगल के मोहल्ले में आ गए।

अगर गाजीपुर वाला फोन करे तो काशी वाले बोलते हैं बस घर पर ही हैं। मैं भी गाजीपुर प्रचार करने नहीं आया हूं, अपने माता- बहनों का और आप सबका आशीर्वाद लेने आया हूं। कहा गाजीपुर का सामर्थ्य क्या है, यह इतिहासकारों से ज्यादा देश की सीमाओं को पता है। यह पराक्रम और शौर्य की गाथाएं बताती हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी जब तक जिंदा है, तब तक एससी-एसटी का आरक्षण नहीं छीनने दूंगा। वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। सपा के नेता राम मंदिर को बेकार बताते हैं। शहजादे राम मंदिर पर ताला लगवाना चाहते हैं। हर घर से जहां जांबाज निकालते हों गाजीपुर के अलावा और किसे ये उपलब्धि मिला होगा। मुझे आपके बीच कई बार आने का अवसर मिला है। संगठन का काम करता था चाहे गुजरात का मुख्यमंत्री था या लोकसभा में चुनाव का समय हो या विकास के काम हों। आता हूं तो मुझे एक पुराना प्रसंग बार-बार याद आता है। यह प्रसंग इस बात का गवाह है कि कैसे इंडिया गंठबंधन वालों ने गाजीपुर के साथ विश्वास घात किया। आजादी के बाद कांग्रेस ने कसम खा ली थी यह क्षेत्र का विकास नहीं करेगी। यहां के लोग गरीबी में घूट-घूट कर जीने को मजबूर रहें। पुराने लोगों को पता होगा यहां की तकलीफ। पीएम मोदी ने कहा आप याद करिए कांग्रेस कैसे सरकारें चलाती थी। ताड़ीघाट का शिलान्यास गहमरी बाबू ने कराया था, लेकिन छह दशक तक ये काम लटका रहा। इंडि पार्टियों की कितनी सरकारें आई और चली गई लेकिन, पुल नहीं बना। ये पुल तब बना जब आपने मोदी को सेवा करने का मौका दिया।

### पहले माफिया लालबत्ती में घूमते थे : प्रधानमंत्री



सपा के दौर में माफिया लाल बत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे, विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दंगों को यूपी की पहचान बना दिया गया था। इसका नुकसान व्यापारियों- कारोबारियों को होता था। सपा ने माफियाओं को पाला-पोसा, टिकट दिया। कहा कि सपा और कांग्रेस में कुछ आदतें मिलती हैं। पहला परिवारवाद, दूसरा जातिवाद और तीसरा भ्रष्टाचार। योगी जी की सरकार में दंगे भी बंद हैं और दंगाई भी बंद हैं। पीएम ने कहा कि कांग्रेस फिर से कश्मीर को आग में झोंकना चाहती है। गाजीपुर की जनता ऐसा नहीं होने देगी। गाजीपुर का बेटा जम्मू कश्मीर की कमान सांभाल रहा है।

### वोट और सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं सपा और कांग्रेस

वोट और सत्ता के लिए सपा और कांग्रेस कुछ भी कर सकते हैं। सपा के शहजादे ने कभी कहा था कि माफिया की इंट्री पर रोक लगाएंगे, लेकिन उन्हें ही गोद में बैठाया, उन्हें टिकट दिया। उन्होंने माफियाओं को पाला-पोशा। इंडि गठबंधन में जितनी पार्टियां हैं उनमें अवगुड़ हैं, वो घोर सांप्रदायिक, जातिवादी, परिवादी हैं। बाबा साहेब को भारत रत्न को कांग्रेस ने नहीं देने दिया था। दलित राष्ट्रपति को हराने के लिए एकजुट हो गए थे। इंडिया गठबंधन के लोग दलितों और पिछड़ों का आरक्षण लूटने में लगे हैं। ये पासी, नोनिया, यादव, बिंद, कुर्मी, पटेल सबका आरक्षण छिनने में लगे हैं। कर्नाटक में रातों रात मुस्लिमों को आरक्षण दे दिया था।

# बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर कोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**आरोप**

- 27 मई को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर नोटिस जारी कर पुलिस से जवाब मांगा है। बिभव कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद उनके वकीलों ने तत्काल जमानत पर सुनवाई का आग्रह किया। अदालत ने जमानत पर सुनवाई 27 मई को तय की है। बिभव कुमार को 28 मई को अदालत में पेश किया जाएगा। पहले उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। एफआईआर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की लिखित शिकायत पर दर्ज की गई थी। बिभव कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार के लिए चार दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया कि बिभव कुमार ने जांच के दौरान असहयोग किया और सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे। यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने जानबूझकर अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड नहीं बताया, जो सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच में एक महत्वपूर्ण जानकारी है।

# चरम पर बेरोजगारी और महंगाई : प्रियंका

**वार**

- 400 पार आने पर संविधान बदल देंगे और आरक्षण छीन लेंगे



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई को लेकर प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। प्रियंका ने कहा कि आज बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या है, लेकिन नरेंद्र मोदी इस बारे में एक शब्द नहीं बोलते। इसलिए अब समय आ गया है कि हम पीएम मोदी को बेरोजगारी और महंगाई का मतलब समझाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी कहते हैं कि 400 पार आने पर संविधान बदल देंगे और आरक्षण छीन लेंगे। वहीं, कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन आपसे आपके मद्दों की बात करती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम आपको बताते हैं कि महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ क्या किया जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम क्या कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कुशीनगर में 10 में 6 चीनी मिलें बंद हो गई। जहां व्यापार, रोजगार और लोगों के लिए सुविधाएं हैं, उन्हें बंद कराया गया है। पीएम मोदी ने सिर्फ अपने खरबपति मित्रों के लिए सरकार चलाई है। उनके 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए।

# शरिया कानून से नहीं, संविधान से चलेगा: योगी

## इंडी गठबंधन 400 सीटों पर चुनाव लड़ने की हिम्मत भी नहीं कर सकता

**पलटवार**

- अब जोर का पटाखा भी फूटने पर भी पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है : मुख्यमंत्री



**गाजीपुर।** गाजीपुर शहर के आरटीआई मैदान में आयोजित जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र पर प्रहार करते हुए कहा कि यह भारत के विभाजन को तैयार कराना चाहते हैं। पर्सनल लॉ लागू कर महिलाओं को बाजार जाने से रोकना और बुर्का पहनने को मजबूर करना चाहते हैं।

मोदी की गारंटी है कि भारत बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से ही चलेगा, शरिया कानून से नहीं। अब जोर का पटाखा भी फूटने पर भी पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। गाजीपुर भी सुशासन व विकास के मॉडल का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने बदलते भारत को देखा है। 2014 से पहले और 2024 के भारत में जमीन-आसमान का अंतर है। 2014 से पहले अविश्वास व पहचान का संकट था, लेकिन आज पहचान का संकट नहीं है। दुनिया भारत को अब सम्मान की दृष्टि से देखती है। दुनिया में भारत के पासपोर्ट का सम्मान बढ़ा है। कोई विदेशी पूछता है कि आप कहां से आए हैं, जवाब में भारत बोलने पर वह सम्मान से कहता है कि अच्छा, मोदी के इंडिया से। कहा कि प्रधानमंत्री का गाजीपुर में पांचवीं बार आगमन हुआ है। हर बार वे गाजीपुर को नई पहचान दिलाने आए हैं। 400 पार की बात सुनते ही कांग्रेस, सपा, राजद समेत इंडी गठबंधन के सभी दल चारों खाने चित हो रहे हैं, इन्होंने 400 सीटों पर लड़ने का सपना ही नहीं देखा। सीएम ने कहा कि एक समय था, जब बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। गाजीपुर इसका जीता जागता उदाहरण था। गाजीपुर हो आजमगढ़, मऊ हो या आसपास के जनपद भय और आतंक के साये में जीते थे। अब अयोध्या में रामलला विराजमान हुए और बड़े-बड़े माफिया का रामनाम सत्य भी हुआ। वहीं गाजीपुर भी सुशासन व विकास के मॉडल का केंद्र बनेगा। सीएम ने कहा कि पहले घुसपैठ व आतंकी वारदात होती थी।

सुबह की शुरुआत घोटाले और शाम आतंकी घटनाओं से होती थी पर ऐसा नहीं होता। अब जोर से पटाखा फूटने पर भी पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है, वजह वह जानता है नया भारत छेड़ता नहीं है, लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। अब आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्त सुरक्षित भारत है।

# रौद्र रूप दिखायेगा चक्रवात रेमल

**मौसम**

- सात राज्यों में बारिश-तूफान की चेतावनी
- बंगाल से बांग्लादेश तक दिखेगा असर



**कोलकाता।** देश के एक बड़े हिस्से में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। इस बीच, बंगाल की खाड़ी में सीजन का पहला चक्रवाती तूफान भी उठा है। इसे रेमल नाम दिया गया है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरा दबाव बना और शनिवार देर शाम तक भीषण चक्रवाती तूफान रेमल में बदल गया। चक्रवात रेमल पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपाड़ा के बीच रविवार आधी रात को टकरा सकता है। मौसम विभाग ने द्वारा शनिवार को यह जानकारी दी गई। बंगाल की खाड़ी में मानसून से पहले इस मौसम में यह पहला चक्रवात है। इस बारे में मौसम विभाग का कहना है कि यह चक्रवाती तूफान 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकरा सकता है। यह भी कहा गया है कि चक्रवाती तूफान 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार पकड़ सकता है। मौसम विभाग ने 26 मई और 27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

# मई ने तपाया जून जला देगा

**मौसम की मार**

- आज से लू का रेड अलर्ट
- रविवार को रवि के तेवर रहेंगे तल्ख
- 44 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है पारा



**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार से सूरज के तेवर और तल्ख होंगे। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए लू का रेड अलर्ट जारी किया है। ऐसे में कई इलाकों में भीषण लू चलने का अनुमान है। इस दौरान आसमान साफ रहेगा। दोपहर के समय धूल भरी आंधी चलने के साथ 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा चल सकती है। ऐसे में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहने की आशंका है। शनिवार को सुबह से चिलचिलाती गर्मी देखने को मिली। दोपहर को गर्मी और बढ़ गई। इससे लोग बेहाल दिखे। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य चार डिग्री अधिक 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम आर्द्रता का स्तर 64 फीसदी रहा। उधर, रविवार को आसमान साफ रहेगा। कई इलाकों में धूल भरी आंधी चलेगी। रात के समय एक से दो इलाकों में गर्मी अधिक महसूस होगी। इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। ऐसे में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने का अनुमान है। जबकि न्यूनतम तापमान भी 31 डिग्री सेल्सियस तक जाने की आशंका है। वहीं, दोपहर के समय तेज सतही गर्म हवा 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलेगी। यही स्थिति मंगलवार तक रहे सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मुंगेशपुर इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम 46.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। नजफगढ़ में 46.8, नरेला में 46.7, पीतमपुरा में 45.8, पूसा में 45.8, रिज में 44.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया।

**याचिका** — सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश देने से इनकार किया

# चुनाव आयोग ने पांच चरणों का आंकड़ा किया जारी

**आदेश**

- हर शंका का दिया जवाब
- झूठे आरोपों से चुनाव प्रक्रिया होती है बाधित



**नई दिल्ली।** मतों के आंकड़ों में फेरबदल के आरोपों को चुनाव आयोग ने मनगढ़ंत और आधारहीन बताते हुए चुनाव आयोग ने पांच चरणों में पड़े कुल वोटों के मत प्रतिशत के साथ इसकी कुल संख्या का आंकड़ा भी शनिवार को जारी कर दिया।

इस आंकड़े में आयोग ने हर संसदीय क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या के साथ मतदान करने वाले वास्तविक वोटरों की संख्या का खुलासा किया है। साथ ही कहा है कि आयोग के पास एक-एक वोट का हिसाब है। यह भी स्पष्ट किया कि मतदान के बाद फॉर्म-17 सी प्रत्याशियों के एजेंटों को सौंप कर ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया जाता है। ऐसे में किसी भी स्तर पर वोट के आंकड़ों में हेराफेरी नहीं की जा सकती है। चुनाव आयोग ने वोटों के आंकड़े को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को माहौल बिगाड़ने की साजिश करार दिया है और कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों एवं फैसले ने चुनाव प्रक्रिया को मजबूती दी है। इससे आयोग को बिना किसी दबाव के लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुपालन के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बोध होता है। इसलिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या को पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक करने का फैसला लिया गया है। मालूम हो कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने एडीआर की याचिका पर आयोग को किसी तरह का अंतरिम आदेश देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि चुनावों के बीच ऐसा करना उचित नहीं है। इस याचिका में सुप्रीम कोर्ट से आयोग को निर्देश देने का आग्रह किया गया था कि लोकसभा चुनावों के दौरान हर लोकसभा सीट के मतदान केंद्रों पर पड़े वोटों के आंकड़ों को वह अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे। संसदीय चुनाव में शनिवार की शाम तक छह चरणों के वोट पड़ चुके हैं। चुनाव आयोग ने पांच चरणों के मतदान के वोटों का आंकड़ा जारी कर आरोप को गलत बताते हुए कहा है कि सुबह मतदान शुरू होने से वोटों की गिनती के दिन तक की पूरी प्रक्रिया सटीक, सुसंगत और कानून के अनुसार संचालित होती है। किसी तरह की विसंगति नहीं हो सकती। फॉर्म 17सी के जरिए मतदान के दिन ही प्रत्याशियों के एजेंटों से आंकड़ा साझा कर लिया जाता है। इसे बाद में कैसे बदला जा सकता है। यह डाटा वोटर टर्नआउट एप पर 24 घंटे उपलब्ध रहता है, जिसे कोई कभी भी देख सकता है। ऐसे में वोटों की संख्या में गड़बड़ी का सवाल ही नहीं है। चुनाव आयोग ने कहा कि झूठे आरोपों से चुनाव प्रक्रिया बाधित होती है।

पारदर्शी व्यवस्था को और स्पष्ट करते हुए आयोग ने कहा कि किसी मतदान केंद्र में कुल पड़े वोटों की अंतिम सूची उम्मीदवारों को दी जाती है। अधिकृत एजेंटों के पास देश के सभी 543 संसदीय क्षेत्रों के 10.5 लाख बूथों में से प्रत्येक के लिए विशिष्ट रूप से फॉर्म 17सी होता है। मतदान केंद्रों से स्ट्रांग रूम में भंडारण तक एजेंटों को फॉर्म 17सी सहित ईवीएम और वैधानिक कागजात साथ ले जाने की अनुमति है।

# मिठाई की दुकान में अचानक लगी आग



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** ढखेरवा चौराहे की एक मिठाई की दुकान में अचानक से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा तैयार व कच्चा सामान सहित एक बाइक जलकर राख हो गई। शनिवार को बंदी का दिन होने की बजह से दुकानदार मौके पर मौजूद नहीं था। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका। देवाशीष की ढखेरवा में मेन चौराहे पर कलकत्ता मिठाई वाले के नाम से मिठाई की दुकान है। शनिवार दोपहर बाद दुकान में आग लग गई और धूं-धूं कर जलने लगी। आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आग बुझाने की कोसिस करने लगे। दमकल बालों को सूचना दी गई। जब तक निघासन से दमकल की गाड़ी पहुंचती उससे पहले ही दुकान का सारा सामान और अंदर खड़ी बाइक जल गई। घटना में करीब एक लाख रुपये कीमत का नुकसान बताया जा रहा है।

# मिलावट करने वालो के हौसले बुलन्द

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र में मिलावटी सामिग्री की बिक्री पर रोक नही लग पा रही है। कुछ माह पूर्व नगर के एक तेल कारखाने में खाद्य सुरक्षा टीम ने छापा मारा था और सैम्पल भी लिये गये थे उन सैम्पल पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गयी यह आज तक नहीं पता चल सका। जिस कारण मिलावट करने वालो के हौसले खासे बुलन्द है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है नगर क्षेत्र स्थित कांशीराम कालोनी के निकट लगी एक चक्की पर आटे में चावल मिलाकर पीसा जाता है और आटे के मूल्य पर बेचा जाता है जिसे गरीब जनता लेने को मजबूर है। यही नहीं इस चक्की पर पिसने वाले गेहूं को भी सही से साफ नहीं किया है गेहूं में चावल के साथ-साथ ककंड भी इस चक्की का मालिक पीस रहा है। इस तरह का चावल व कंकड मिक्स आटा खाने से कई प्रकार की बीमारिया उत्पन्न हो रही है जिनका गरीब व्यक्ति के लिये इलाज तक करा पाना सम्भव नहीं है। नगर की अधिकांश दुकानो पर मिलावटी आटा, तेल, दूध, पनीर बिकता मिल जायेगा। ऐसा नहीं है कि विभाग के अधिकारी कुछ जानते नहीं सब जानते है पर कोई कुछ कहता नहीं है। ज्यादा हो-हल्ला होने पर यदा-कदा छापामार कार्यवाही कर सैम्पल भर लिये जाते है उसके बाद मामला सत्ता की हनक व नोटो की चमक में मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है जैसे कुछ माह पूर्व एक नकली तेल के कारखाने में हुआ था सैम्पल तो भरे गये थे परन्तु कार्यवाही क्या की गयी कोई बताने को तैयार नहीं है।


## दो करोड़ खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है पीने तक के लिए पानी

**लखीमपुर खीरी।** चिलचिलाती धूप उमश भरी गर्मी में लोगों की हलक सूख रही है। ग्राम पंचायत धौरहरा खुर्द में 45 माह से पानी की टंकी का मोटर फुंका है। गांव के लोग पानी के लिए परेशान हैं। स्वच्छ धार योजनाओं के तहत करीब दो करोड़ खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों को शुद्ध जल छोड़ दीजिए पीने तक के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। ओवरहेड टैंक का निर्माण वर्ष 206 में शुरू हुआ था। 208 में पूरा हो पाया। टैंक का निर्माण पूरा हुआ तो धौरहरा डुर्द में ग्राम पंचायत में आधे गांव में पाइप बिछाई गई और आधे गांव में पाइप नहीं बिछाई। पानी सप्लाई चालू कर दी फिर भी आधे गांव में लोगों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। मोटर फुकने की सूचना ऑपरेट विपिन वाजपेई ने मार्च 2023 में दी थी। गांव के विकास कुमार,अंकित,भारती, रामकुमार यादव , रितेश कुमार, सुरेंद्र, इंद्रपाल चौरसिया, राकेश कुमार,मनोज चौरसिया ने पूरे गांव में पानी सप्लाई कराए जाने की मांग की है ताकि गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को देकर मदद के लिए लगाई गुहार

**लखीमपुर खीरी।** बीती 16 मई हुई दो बसों के आपस मैं लड़ने की दुर्घटना में घायल शशांक मिश्रा के लिए डिस्ट्रिक्ट बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को देकर शशांक के लिए मदद की गुहार लगाई है। शशांक वर्तमान मैं ट्रामा सैंटर लखनऊ में भर्ती है। एसोसिएशन का कहना है कि उसे वहां सही इलाज नहीं मिल पा रहा है। 16 मई को लखीमपुर के कटौली क्षेत्र में दो बसों की आपस में टक्कर हुई थी। जोरदार टक्कर में शशांक मिश्रा बस कंडक्टर बुरी तरह से घायल हो गया था। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शशांक मिश्रा एक गरीब परिवार का व्यक्ति है। जिसके घर में वही इकलौता सभी का सहारा है। ऐसे में शशांक की मदद के लिए आगे आए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज़ापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से हर संभव मदद की गुहार लगाई है।

## साइकिल व बाइक में आमने सामने की हुई टक्कर



**लखीमपुर खीरी।** पलिया गौरीफंटा रोड पर बनगवां के पास साइकिल व बाइक में आमने सामने की हुई टक्कर में बाइक सवार दो युवकों समेत साइकिल सवार एक नेपाली भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को सीएचसी पलिया लाया गया। बताया जाता है कि नेपाली नागरिक को जिला नेपाल के कस्बा मिलन बाजार में चाय आदि की दुकान चलाने वाले खेमचंद धामी साइकिल से कुछ सामान लेने बनगवां आ रहा था। इस दौरान बनगवां से बाइक सवार मोहल्ला किसान निवासी युवक गोपाल वर्मा व शाहजहांपुर निवासी सौरभ की बाइक से साइकिल में टक्कर हो गई। दुर्घटना मैं तीनों लोग घायल हो गए। सूचना गौरीफंटा कोतवाली पुलिस को हुई। सूचना पर पुलिस ने तीनों को सीएचसी पलिया में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत होने पर खेमचंद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## जहरीले सांप ने युवक को काटा



त्त्क्ष्ड्ड4 त्त्क्ष्ह्यड्ड्ह्य×द्बद्ध0 3

**लखीमपुर खीरी।** ग्राम कॉंधवा मैं सर्पदंश से एक युवक की हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया है। ग्राम कोंधवा निवासी कमलेश पुत्र बांकेलाल खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक किसी जहरीले सांप ने काट लिया। जिसे सीएचसी ले जाया गया जहां से डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# टैक्स एडवोकेट्स एसोसिएशन ने किया शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिला बांटे प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** टैक्स एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित



पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

अंबाला रोड स्थित एक होटल के सभागार में टैक्स एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में चुनाव अधिकारी चंद्रमोहन शर्मा, अनिल गुप्ता, अंकित गर्ग व संरक्षकगण एके चंदनानी, राकेश जैन, ज्ञानपाल गुप्ता ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष राजेश कपूर, महासचिव दीपक जैन, कोषाध्यक्ष अचिंत तायल, उपाध्यक्ष नितिन गोयल, रवि प्रकाश शर्मा, सचिव जावेद राशिद सिद्दकी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिला कर प्रमाण पत्र प्रदान किए। तत्पश्चात वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों प्रदीप जैन, अनिल मिश्रा ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा और नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कपूर ने कहा कि संगठन को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। जीएसटी में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी के लिए समय-समय पर विधिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। महासचिव दीपक जैन ने कहा कि संगठन की एकता में ही शक्ति है। एसोसिशन की उन्नति के लिए कार्य करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी में आ रही समस्याओं का समाधान कराकर अधिवक्ता एवं व्यापारी हित में कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में अंकित गर्ग व रवि प्रकाश शर्मा का विशेष सहयोग के लिए सम्मान किया गया। तत्पश्चात कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अमित गोयल को बार प्रोग्राम कमेटी का चेयरमैन व देवेंद्र वाधवा को को-चेयरमैन नियुक्त किया गया। इसके अलावा एचके अरोड़ा को लीगल सेल का चेयरमैन व अंकित गर्ग को को-चेयरमैन तथा प्रभात राणा एडवोकेट को ऑडिटर नियुक्त किया गया। इसी कड़ी में अनुशासन कमेटी में चंद्रमोहन शर्मा एडवोकेट व राकेश जैन एडवोकेट तथा इंद्रजीत सिंह सचदेवा, प्रियांक भारद्वाज, पराग गोयल, प्रवीण सूरी, रियाज अहमद, विनय अग्रवाल, पुष्कर कपूर को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में एडवोकेट बलदेव कृष्ण अरोड़ा, खुर्शीद अहमद, जितेंद्र ललित, आशीष गुप्ता, निशांत अग्रवाल, रवि शर्मा, अनिल सैनी, मनोज बंसल, पंकज अग्रवाल, नितिन मित्तल, विपिन त्यागी, रविंद्र गांधी, सुरेश नोमान, अरशद, नीरज, संजय, नारंग, संजीव जैन व आयुष जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चन्द्र ने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को परखा



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चंद्र ने सैंट्रल वेयर हाउस पहुंचकर वहां रखी ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की तथा डयूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को उचित दिशा निर्देश दिये। विदित हो कि सहारनपुर और कैराना लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को चुनाव हुआ था। मतदान के बाद ईवीएम को सैंट्रल वेयर हाउस में कड़ी सुरक्षा में रखे गए हैं। यहां अर्द्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पूरे सेंट्रल वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एक कंट्रोल रूम बनाया है, जहां पर एलईडी लगाई गई है। आज जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र सैंट्रल वेयर हाउस पहुंचे और कैमरों के अलावा ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। उन्होंने पिछले दिनों की सभी सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर चेक की। वहां तैनात अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि किसी वाहन को अंदर नहीं जाने दिया जाए। यदि कोई अधिकारी भी निरीक्षण को आ रहे हैं तो उनकी कार को चेक करें और उनकी पूरी पहचान करने के बाद ही अंदर जाने दिया जाए।

# जिला व्यापार मण्डल ने किया शहीद एवं समर्पण दिवस का आयोजन

**सहारनपुर।** उ.प्र.उद्योग व्यापार मण्डल के तत्वावधान में शहीद एवं समर्पण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापारी प्रतिनिधियों ने व्यापारी एकता एवं व्यापारिक हितों के लिए संघर्ष में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले उ.प्र. में बहादुर साथियों को भावभीनी व पुष्पाजंलि अर्पित की गयी और उनकी स्मृति में मौन भी रखा गया।

स्थानीय रेलवे रोड जिला मुख्यालय कार्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि जो बहादुर व्यापारी व्यापार जगत के लिए संघर्ष करते हुए पुलिस की लाठियों, डण्डों व दमन की परवाह न करते हुए कर्तव्य की वेदी पर शहीद हो गये ऐसे बहादुर व निष्ठावान व्यापारियों को प्रदेश के दो करोड से अधिक व्यापारी श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 13 व्यापारियों द्वारा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए अपने बलिदान दिये गये। इसमे हरीश चन्द्र अग्रवाल (लखनऊ) बुलन्दशहर से हरीशंकर अग्रवाल, नित्यानंद कौशिक, पटटी प्रताप से अशोक कुमार खण्डेलवाल, शिव सिंह, मारहरा ऐटा के मुन्ने मियां, मुफ्ती गंज जौनपुर के अशोक राय, गाजियाबाद के कमल जैन, कासगंज के रमेश बिन्दल, लक्सर हरिद्वार के अजय गुप्ता, मैनपुरी के अमित गुप्ता, मुजफ्फरनगर के राकेश कुमार, संतकबीर नगर के गोपाल पोद्दार उ0प्र0 के ऐसे बहादुर साथी हैं जिन्होंने उ.प्र. के व्यापारियों की हितों की रक्षा के लिए अपने प्राण तक त्याग दिये। व्यापारियों द्वारा किया गया बलिदान आने वाली पीढियों के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगा। कार्यक्रम में विभिन्न आंदोलनों के चलते शहीद व्यापारियों को याद करते हुए व्यापारी एकता एवं संगठन के प्रति समर्पण भी शपथ भी ली गयी। साथ ही आज भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय प्रकाश जैन जिनका पिछले वर्ष 26 मई को निधन हो गया था, उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि अर्पित करके शीतल टण्डन ने कहा कि श्री जैन संघर्ष व कर्मठता से पूर्ण देश के व्यापारियों के पथ प्रदर्शक थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन, जिला कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, जिला संयोजक कर्नल संजय मिडढा, संजीव सचदेवा, भोपाल सिंह सैनी, रोहित कर्णवाल, दिव्यांश सचदेवा, आकाश खुराना, विक्रम सिंह, तनिष्क सचदेवा, अजय भारद्वाज व राजीव सचदेवा आदि व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एसपी सिटी ने किया ग्रीष्म कालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। बच्चों की स्किल डेवलपमेंट के लिए एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का विधिवत् शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य सहारनपुर में क्रिकेट को बढावा देना रहा। श्री भूतेश्वर रोड स्थित एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी में आयोजित क्रिकेट शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक व मौ.अमान और उप्र सीनियर टीम के प्लेयर प्रशांतवीर ने फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने बच्चो से अपनी बचपन की बाते सांझा करते हुए मन लगाकर खिलाड़ियों से प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया। इस दौरान एसपी सिटी श्री मांगलिक ने मैदान पर अपने बल्लेबाजी का हुनर भी दिखाया। एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन रणधीर कपूर ने बताया कि शिविर 25 मई से 30 जून तक भूतेश्वर इंटर कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिविर लगाने का मकसद सहारनपुर में क्रिकेट को बढ़ावा देना है। शिविर में 150 बच्चे प्रतिभाग कर रहे है।

# क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेचने वाले कृषकों का 48 घंटे के अन्दर करें भुगतान

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने निर्देश दिये कि क्रय केन्द्रों पर गेहू बेचने वाले कृषकों का प्रत्येक दशा में 48 घंटे के अंदर भुगतान सुनिश्चित करा दिया जाये। प्रत्येक क्रय केन्द्र पर प्रतिदिन लक्ष्य के सापेक्ष खरीद अवश्य करायी जाये। मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद आज अपने कार्यालय में गेहूं खरीद प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद में गेहू के अवैध संचलन को रोकने के लिए गठित समिति को और अधिक सक्रिय होकर प्रवर्तन कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि अवैध संचलन पर रोक लगे और क्रय केन्द्रों पर विक्रय हेतु गेंहू आये। गेंहू खरीद समीक्षा में पाया गया कि सम्भाग में 1,98,000.00 मी.टन लक्ष्य के सापेक्ष 42381.414 मी.टन लक्ष्य खरीद हुई है, जो कि लक्ष्य का 21.40 प्रतिशत है। जिसमें खाद्य विभाग द्वारा 5802.150 मी.टन, पीसीएफ संस्था द्वारा 22078.962 मी.टन, पीसीयू संस्था द्वारा 8506.692 मी.टन, मण्डी समिति द्वारा 1665.750 मी.टन एवं भा0खा0नि0 द्वारा 4327.860 मी.टन गेहॅू की खरीद की गयी है। अभी तक सम्भाग में कुल 13837 कृषकों से खरीद हुई है। जिनमें से 93 प्रतिशत कृषकों का भुगतान उनके आधार सीडेड खातों में सीधे पीएफएमएस के माध्यम से किया जा चुका है। कुल क्रय किए गये गेहॅू 42381.414 मी.टन के सापेक्ष 35333.085 मी.टन का सम्प्रदान भाखानि में किया गया है। उन्होंने गेहॅू खरीद में प्रगति लाये जाने हेतु निर्देश दिये गये कि किसानों का रजिस्ट्रेशन अधिकाधिक किये जाने के दृष्टिगत समस्त गेहॅू क्रय केन्द्र प्रभारी व क्रय एजेंसी वर्ष 2021-22 में गेंहू विक्रय करने वाले कृषकों की सूची प्राप्त करके सम्बन्धित कृषकों से वार्ता व सम्पर्क करने के साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों से बैठक कर अधिक से अधिक कृषकों का पंजीकरण कराकर गेहॅू क्रय में और



प्रगति लाना सुनिश्चित करें। जनपद मुजफ्फरनगर एवं शामली में पी0सी0एफ0 संस्था की गेहॅू खरीद मण्डल एवं जनपद सहारनपुर में हुई खरीद के औसत से कम है। इसलिए सम्बन्धित क्रय एजेंसी के मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उक्त जनपदों में और अधिक प्रयास करके दैनिक लक्ष्य के सापेक्ष गेहॅू की खरीद करायें तथा एक सप्ताह के भीतर खरीद, मण्डल की औसत खरीद के सापेक्ष लायें। डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद संयुक्त निबन्धक व संयुक्त आयुक्त, सहकारिता सहारनपुर सम्भाग,सहारनपुर को निर्देश दिये गये कि समन्वय स्थापित कर उक्तानुसार कार्यवाही कर खरीद में प्रगति लायी जायें। शासन द्वारा समस्त गेंहूं क्रय केन्द्रों को मोबाईल क्रय केन्द्रों के माध्यम से संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसलिए सम्भाग के शत-प्रतिशत गेंहू क्रय केन्द्र मोबाईल क्रय केन्द्र के माध्यम से नियमानुसार गेंहू खरीद करें। हर स्थिति में सभी क्रय केन्द्रों पर मोबाईल क्रय केन्द्र के माध्यम से भी खरीद सुनिश्चित की जाये। बैठक में मण्डलायुक्त ने मण्डल में सर्वाधिक गेंहू खरीद करने वाले क्रय केन्द्र प्रभारियों को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना की तैयारियों को लेकर दिये उचित दिशा-निर्देश

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिये कि मतगणना डयूटी में तैनात सभी अधिकारी मतगणना संबंधी आदेशों का सही तरीके से अध्ययन कर लें, ताकि मतगणना पूरी तरह से निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ संपन्न करायी जा सकें। उन्होंने सभी बिन्दुओं पर आयोग के दिशा निर्देशों के तहत कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मतगणना की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ले रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र चार जून को होने वाली मतगणना की समस्त प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार सकुशल, पारदर्शी, निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को मतगणना स्थल पर बेरीकेडिंग, पानी, भोजन, सुरक्षा व्यवस्था, एंट्री गेट, पार्किंग, मतगणना स्थल के अंदर टेबल चेकिंग से संबंधित सभी बिन्दुओं पर आयोग के दिशा निर्देशों के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना सम्बन्धी आदेशों का सभी अधिकारीगण अच्छे से अध्ययन कर लें। मतगणना पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदशिता के साथ हों। मतगणना में किसी भी प्रकार की समस्या न आए। डीईओ ने अधिकारियों को जिम्मदारियों से अवगत कराते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का पालन निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित एसडीएम, तहसीलदार एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सम्पत्ति क्रय में निवेश किया हुआ धन सुरक्षित, रिर्टन भी ज्यादाः अनिल

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** धरातल ग्रीन के मुख्य प्रबंधक अनिल कुमार राव ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय पर मिलने वाला धन उनके जीवन भर की कड़ी मेहनत से प्राप्त संचित किया हुआ धन होता है, उन्हे उस धन का निवेश बड़ी ही सूझबूझ, समझदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। यद्यपि उनको अपने जीवनयापन के लिए पेंशन मिलती है, इसलिए उनके पास निवेश का विकल्प है।

अनिल कुमार आज यहां रेलवे पेंशनर्स समाज की मासिक मिलन बैठक व वित्त निवेश प्रबंधन विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सावधि योजनाओं में निवेशित धन सुरक्षित तो होता है पर उस पर रिटर्न कम मिलता है, जबकि सम्पत्ति क्रय में निवेश किया हुआ धन सुरक्षित तो होता ही है, उसमे रिटर्न भी ज्यादा मिलने की संभावना रहती है। साथ ही साथ उससे उनको सामाजिक स्टेटस भी मिलता है,



जिससे परिवार का भविष्य सुरक्षित होता है। संस्थापक आरसी शर्मा ने बताया कि रेलवे के संशोधित नियमों के अनुसार रेलवे सेवा निवृत कर्मचारियों की रेलवे एंपैनलड हॉस्पिटल में वार्ड की पात्रता मूल वेतन रू. 36500 तक जनरल वार्ड, रू.36501 से रू. 50500 तक सेमी प्राइवेट वार्ड तथा रू0 50500 से अधिक पर प्राइवेट वार्ड है। इसके अनुसार प्रशासन द्वारा उम्मीद कार्ड अपडेट कर दिए गए हैं। पेंशनर्स अपने अपडेट किए हुए उमीद कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे एंपैनलड हॉस्पिटलों को निर्देश दिए गए हैं कि वह रेलवे हॉस्पिटल से बिना रेफर कराए आए हुए रेलवे चिकित्सा लाभार्थियों को भी इमरजेंसी में बिना कोई धन लिए उमीद कार्ड के आधार पर भर्ती कर उपचार करे तथा इसकी स्वीकृति स्वयं रेलवे चिकित्सालय से लें। सहारनपुर में सक्षम हॉस्पिटल एवं मेडीग्राम हॉस्पिटल रेलवे पैनल पर हैं। इस दौरान महामंत्री एनएस चौहान, कोषाध्यक्ष अजय श्यार्मा, डॉ.प्रमोद कुमार, प्रेम कुमार, रामनरेश, मोहम्मद काशिफ मोहम्मद सलीम, आरके धींगड़ा, हरीश कुमार, बीपी श्रीवास्तव, एससी मनचंदा, अशोक शर्मा, स्वतंत्र भारद्वाज, मूलचंद रॉगड़ा, देवेंद्र कुमार, अजीतसिंह राणा, अमरनाथ त्यागी, इकबाल आज़मी, वी के शर्मा,वी के त्यागी,श्रीकृष्ण आर्य, इंद्रजीत कुमार, बलजीत जायसवाल, वेद प्रकाश आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अध्यक्षता जेपी शर्मा ने तथा संचालन जेएन शर्मा ने किया।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को थाना मण्डी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

विदित हो कि 09 मई को वादी ने एक लिखित तहरीर देकर अभियुक्त फरमान उर्फ बाबा खान पुत्र अय्युब अहमद निवासी मौ.अफगानान पश्चिमी निकट गदियों वाली मस्जिद नकुड़ रोड़ कस्बा व थाना सरसावा पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना मण्डी पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिये थे, जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर कोतवाली मण्डी पुलिस ने वांछित अभियुक्त फरमान उर्फ बाबा खान पुत्र अय्युब अहमद निवासी मौ.अफगानान पश्चिमी निकट गदियो वाली मस्जिद नकुड़ रोड़ कस्बा व थाना सरसावा को मण्डी रोड पर मण्डी परिसर के पास से गिरफ्तार किया। विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 (3) व धारा 4 (2) पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी।

# दुष्कर्म करने का आरोपी चढा पुलिस के हत्थे

सहारनपुर। थाना फतेहपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की को डरा धमकाकर दुष्कर्म करने के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

गौरतलब रहे कि 22 मई को वादी ने एक लिखित तहरीर देकर अभियुक्त सन्यासी पुत्र कर्म सिंह निवासी ग्राम चौबारा थाना फतेहपुर पर उसकी नाबालिग पुत्री को अपने घर बुलाकर डरा धमका कर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कराया था। फतेहपुर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना फतेहपुर पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त सन्यासी पुत्र कर्म सिंह निवासी ग्राम चौबारा थाना फतेहपुर को घास मण्डी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 506 भादवि की वृद्धि की गयी तथा धारा 5/6 पोक्सों अधिनियम के स्थान पर धारा 5एफ/6 तरमीम की गयी। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नवीन भाटी, हैड कांस्टेबल रोहित राणा शामिल रहे।

# राशन और पैसे पर वोट न दे बल्कि संविधान शिक्षा व आरक्षण पर दें : चंद्रशेखर आजाद



**चन्द्रशेखर आजाद ने स्वामी प्रसाद मौर्य के पक्ष में जनसभा कर जिताने का किया अपील**

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** जिले में चुनावी तापमान बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के चर्चित नेता स्वामी प्रसाद मौर्या भी अपना किस्मत कुशीनगर में आजमा रहे है। जिनके पक्ष में प्रचार के लिए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद ÷रावण÷ दो दिन से कुशीनगर जिले में कई जनसभा को सम्बोधित किया। स्वामी प्रसाद मौर्या के पक्ष में वोट की अपील करते हुए चन्द्रशेखर आजाद ने कहा भाजपा प्रत्यासी हार के डर से भयभीत होकर अपने कार्यकर्ताओं से विपक्ष पर हमला करा रहा है। राशन और पैसे पर वोट नही सविधान और शिक्षा व आरक्षण को बचाने के लिए स्वामी प्रसाद मौर्या को जिताने की अपील किया। लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी नवनिर्मित राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से ही स्वामी प्रसाद मौर्या मैदान में है। कुशीनगर लोकसभा में स्वामी प्रसाद का चुनाव निशान गन्ना किसान है। जिसको लेकर लगातार जनसभाओं को कर स्वामी अपने पक्ष में लोगो से वोट की अपील कर रहे है। कुशीनगर में दलित मतदाताओं की अच्छी सहभागिता रखने वाले मतदाताओं को साधने के लिए स्वामी प्रसाद मौर्या के समर्थन में चन्द्रशेखर आजाद ÷रावण÷ दो दिनों से लगातार जनसभा कर रहे। इसी क्रम में रामकोला विधानसभा के कप्तानगंज स्थित कनोडिया इंटरमीडिएट कालेज के मैदान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। शनिवार को लगभग 42 डिग्री तापमान की गर्मी के बीच हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ आजाद समाज पार्टी को सुनने पहुंची। लोगो ने सविधान और भीम राव अम्बेडकर के साथ चन्द्रशेखर और स्वामी प्रसाद मौर्या के जयकारे लगाए। लोगो को सम्बोधित करते चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि जहां एक तरफ सता से जुड़े लोग खाना-पानी, वाहन और संसाधनों को देकर भी भींड नही जुटा पा रही हैं। वही दूसरी तरफ प्रचंड गर्मी में भी आप का जनसैलाब आप के उत्साह को दिखा रहा हैं। आप लोगो के आशीर्वाद से आपकी मजबूत आवाज स्वामी प्रसाद मौर्या के रूप में दिल्ली पार्लियामेंट में जा रही है। सभी खुद को ही स्वामी प्रसाद मौर्या मान कर गन्ना किसान के पक्ष में मतदान और प्रचार करे। क्योंकि जिनका नेता मजबूत होता है उनकी बात सुनी जाती। उत्तर प्रदेश में गुंडाराज चल रहा जिसका जीता जागता उदाहरण मैं खुद खड़ा हूं मेरे ऊपर चार गोलियां चलाई गई। कानून का राज भाजपा नेताओ के दर पर दम तोड़ चुका है। जब हम ताकत में थे तो भाजपा के सामंतियों की इतनी हैसियत नही होती थी किसी बेटी बहु और गरीबों के जमीन पर कब्जा कर सके लेकिन अब समय बदल गया। आज जमीन के साथ हमारी इज्जत भी खतरे में है। जीवन की सबसे मूल जरूरत शिक्षा और स्वास्थ्य का बाजारीकरण जो गया जिंदा ही नही मुर्दो से भी पैसे लिए जाते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद मानते हैं की 80 करोड़ लोग राशन पर जी रहे है। सारी सरकारी व्यवस्था को प्राइवेट किया जा रहा जिसे पिछड़े और दलित के बच्चों का उत्थान नही हो पायेगा। अब कोई सामंती बूथों पर कब्जा नही कर पायेगा क्योंकि हमारा युवा साथी शिक्षित और सबल हो गया है।

# नया भारत किसी को छेड़ेगा नहीं जो छेड़ेगा उसे छोड़ेगा नहीं: योगी



**मोदी के समर्थन में सीएम योगी ने भरी हुंकार**

अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** सीएम योगी ने काशी में कहा कि 2014 के पहले का काशी याद करिए और उसके बाद का काशी याद करिए। हजारों वर्षों से सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही पूरी दुनिया में काशी की सांस्कृतिक झलक दिखती रही, मगर आजादी के बाद काशी की आकांक्षा को कांग्रेस ने इसका कायाकल्प नहीं किया। 2014 से पहले काशी उपेक्षाओं का दंश झेल रही थी। माफिया, आतंकी घटनाएं काशी की पहचान बन रही थी। मगर 2014 में मोदी को मां गंगा ने आशीर्वाद दिया उसके बाद नए भारत का नया उत्तर भारत और भव्य काशी व दिव्य काशी सामने है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की शाम अस्सी घाट पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि काशी के नाथ बाबा विश्वनाथ को, मां गंगा और मां अन्नपूर्णा व कोतवाल को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि याद करिए इसी अस्सी घाट पर मोदी जी ने स्वच्छता का संदेश दिया, जो आंदोलन बन गया। मोदी जी ने इसकी शुरुआत यहीं से की। सीएम योगी ने कहा कि याद करिए काशी को काशी की पहचान दिलाने के लिए पीएम मोदी ने कहा था उन्हें मां गंगा ने बुलाया है। उन्होंने गंगा को निर्मल बनाया। अब काशी के चारों ओर फोरलेन कनेक्टिविटी होती है। काशी का एयरपोर्ट सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट माना जाता है। देश का सबसे बड़ा रोपवे, मंदिरो का कायाकल्प किया गया। बाबा विश्वनाथ इंतजार कर ही रहे थे अपने भक्त मोदी का कब वो आएंगे और कब मंदिर बनेगा। अगर कहीं सर्वाधिक टूरिस्ट आ रहे हैं तो काशी में। काशी में आज क्या नहीं है। रेलवे का मॉडल, हाइवे सब कुछ काशी के पास है। वंदे भारत काशी के पास है। सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी ने कहा था मां गंगा आस्था तो हैं ही। इसीलिए काशी से होकर क्रूज का संचालन हुआ है। अब रोपवे का निर्माण हो रहा है। कैंट से विश्वनाथ तक कुछ ही मिनट में तय कर लेंगे। इस नई काशी ने मोदी जी को चुना तो मोदी जी ने पूरे भारत का कायाकल्प कर दिया। पीएम मोदी के कार्यकाल में आतकंवाद का समाप्त हुआ। बेहतर सुरक्षा व्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत हुआ है। भारत के अंदर विकास का मॉडल क्या होना चाहिए।

# तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है: पाठक



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को घोसी लोकसभा अन्तर्गत बलिया की रसड़ा विधानसभा में विशिष्टजनों की चौपाल को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। देश में भाजपा का सुशासन स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की रैलियों का मोर्चा अराजक तत्वों ने संभाला है, इसलिए अब जनता इनसे परमानेंट मुक्ति चाहती है। श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की रैलियों में आजकल अराजक तत्व पहुंच रहे हैं, जो इस बात को प्रमाणित करता है कि सपा के चाल और चरित्र में कोई बदलाव नहीं आ सका है। कहा कि प्रदेश में खुशहाली का वातावरण है बहन-बेटी सुरक्षित हैं, व्यापारी सुरक्षित हैं, युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिल रहे हैं, बिना भेदभाव के सरकारी नौकरियां योग्यता के अनुसार मिल रही हैं। यह सब सपा सरकार की विदाई और भाजपा की जन कल्याणकारी सरकार की बदौलत संभव हुआ है। भाजपा ने श्रीराम मंदिर बनाने के लिए वर्षों से संघर्ष जारी रखा और जन आकांक्षाओं के अनुरूप अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला, व्यापारी, नौजवानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# लोकतंत्र का चुनाव राजनीतिक दल के एजेंडे पर नहीं बल्कि जनता के एजेंडे पर होना चाहिए: तुषारकांत



अवधनामा संवाददाता

**घोसी।** गुरुदेव डॉक्टर इंद्रेश कुमार जी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के निर्देशन में संपूर्ण भारत में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हजारों युवा कार्यकर्ता व पदाधिकारी महोदय भारत माता के सर्वांगीण विकास के साथ साथ आपसी भाईचारा बना रहे। हमारी संस्कृति सुरक्षित रहे राष्ट्र का विकास निरंतर गति से होता रहे और भविष्य में ना रुके इस निमित्त संपूर्ण जिलों में भ्रमण कर रहे हैं। उसी क्रम में आज जनपद मऊ की घोसी लोकसभा के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र धरौली में प्रान्त सह संयोजक डा. अली जफर जी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों के साथ आने वाले मतदान पर्व को लेकर विचार संगोष्ठी हुई। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में तुषारकांत हिंदुस्तानी और विशिष्ट वक्ता आलोक चतुर्वेदी जी रहे। यथा संचालन की जिम्मेदारी डा. अली जफर ने निभाई। तुषारकांत जी ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाली 1 जून को शत प्रतिशत मतदान कराना हमारा दायित्व होना चाहिए। और लोकतंत्र का राजनीतिक दल के एजेंडे पे नही बल्कि जनता के एजेंडे पर होना चाहिए चुनाव वोट देते वक्त राष्ट्रहित को ध्यान में रखना ज़रूरी है तभी हम एक अच्छी सरकार चुन सकते हैं। डा. अली जफर ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा पहला कर्तव्य राष्ट्र और समाज का हित होना चाहिए मतदान राष्ट्र हित में बहुत ज़रूरी है। आलोक चतुर्वेदी जी ने शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक डा. अली जफर,धर्म जागरण मंच के जिला संयोजक बिंदुकांत त्रिपाठी जी, शहाबुद्दीन कुरेशी, आफताब, खालिद खान, इस्माइल, शमीम, खलील अहमद, नबील खान, आकिब, नूरुल इसलाम, आज़म आदि लोग उपस्थित रहे।

## मिट्टी खनन में लगे दो ट्रैक्टर ट्राली तथा जेसीबी पकड़ी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** खनन माफिया के खिलाफ प्रशासन ने



चलाया कानूनी हंटर ।रात में मिट्टी का खनन करने में लगे दो ट्रैक्टर तथा एक जेसीबी को उप जिलाधिकारी तथा सीओ ने प्रतापपुर के पास से पकड़ा। लगातार मिल रही मिट्टी खनन की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उपजिलाधिकारी अतुल कुमार तथा सीओ राम सिंह ने रात में तकरीबन 3 बजे प्रतापपुरा के पास छापा मारा यहां मिट्टी का खनन कार्य जोरों पर किया जा रहा था। प्रशासन की टीम के अचानक पहुंचने पर कुछ ट्रैक्टर ट्राली इधर-उधर भागने लगे तथा मिट्टी खनन में लगे मिट्टी माफिया भी रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गए। लेकिन मिट्टी लदे दो ट्रैक्टर ट्राली तथा एक जेसीबी मशीन को पकड़ लिया गया।

## शनिदेव मंदिर पर भक्तों ने की पूजा-अर्चना

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** शनिवार पर शनि देव मंदिर गुढ़ा में शनि भक्तों ने पहुंचकर तेल काले तिल तथा उड़द आदि चढ़ाकर शनि देव की पूजा अर्चना की। मंदिर के महंत बृजेश महाराज द्वारा शनि देव मंदिर पर पूजन अर्चना के बाद भंडारे किया गया आयोजन जिसमें सैकड़ों भक्तों ने शनिवार का प्रसाद ग्रहण किया।



नगर में एकमात्र गुढ़ा न्यामतपुर में शनि देव मंदिर स्थापित है जहां प्रत्येक शनिवार को सैकड़ो की संख्या में भक्त पहुंच कर शनिदेव की पूजा अर्चना कर उनकी आराधना करते हैं शनि भक्त शनि जी की प्रतिमा पर तेल अर्पित कर उन्हें काले तिल तथा उड़द भी अर्पण कर प्रसाद चढ़ाते हैं। शनि देव मंदिर के महंत बृजेश महाराज द्वारा समय-समय पर यहां कई धार्मिक आयोजन कराए जाते हैं तो वहीं शनिवार के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है इस दिन खिचड़ी आदि का भोग भी प्रसाद के रूप में भक्तों को वितरण किया जाता है। इस मौके पर बालक राम तिवारी, अनिल मिश्रा, शैलेंद्र चौहान,मोनू तिवारी, चंद्रभान मिश्रा, भूपेश बाथम, आदि सैकड़ो भक्त मौजूद रहे। महांत ब्रजेश महाराज ने बताया 3 जून से शनि जन्मोत्सव मनाया जायेगा जिसमें भागवत कथा के अलावा ग्रह शांति हेतु हवन भी किया जायेगा।

# विपक्ष के पास नेता, नीति व नीयत का अभाव है: जेपीएस राठौर



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के सहकारिता मंत्री श्री जेपीएस राठौर ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि आज लोकतंत्र के महापर्व का छठा चरण संपन्न हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 05 चरणों में उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर जो निर्णायक बढ़त बना ली थी, वह छठवें चरण की 14 सीटों में भी बरकरार हैं।

अब कहीं कोई संदेह नहीं बचा है मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा नीत गठबंधन देश में 400 पार और उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें जीत रही हैं। मोदी जी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इन छह चरणों में भाजपा के पक्ष में जो माहौल बना है उसने विपक्ष के छक्के छुड़ा दिये हैं। श्री जेपीएस राठौर ने कहा कि विपक्ष के पास नेता, नीति व नीयत का अभाव है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की योजनाओं तथा निर्णयों पर जनता अपनी मुहर लगा रही है और कमल के फूल से ईवीएम भरती चली जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता के दिल में मोदी जी हैं और मोदी जी के दिल में देश की जनता है। श्री राठौर ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता अपने बयानों से लोगों को भड़काने का कुकृत्य करने में लगे हैं। स्थिति यह हो गई कि उनकी रैलियों में आने वाले गुंडे और बलवाई अराजकता पर उतारू है। जन विश्वास खो चुके इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बुरी तरह पराजित हो चुके हैं। आज आजमगढ़ में भी सपा प्रमुख के पारिवारिक सदस्य की बुरी तरह पराजय को जनता ने सुनिश्चित कर दिया है। इनके नेताओं की संदिग्ध नीयत और नीति का पर्दाफाश हो चुका है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज के चुनाव में जनता ने ईवीएम को कमलमय कर दिया है। परिणाम भाजपा के पक्ष में है, हताशा और निराशा में सपा और इंडी अलायंस के नेता और समर्थक भी अपनी स्पष्ट हार को देखते हुए वोट देने के लिए नहीं निकले हैं। चुनाव के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर चुनाव आयोग, मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों सहित सभी मतदाताओं का अभिनंदन। लोकतंत्र के महायज्ञ को निर्विघ्नता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए इस पुनीत कार्य में लगे सभी लोगों और जनता जनार्दन के प्रति आभार।

# नारद जयंती : लक्ष्मी मोह में बिना अहसास नारद की तरह आज का पत्रकार भी बन गया है बंदर

अवधनामा संवाददाता

**फरुखाबाद।** नगर के लाल सरायें स्थित फरुखाबाद प्रेस क्लब के तत्वाधान में देवऋषि नारद की जयंती के अवसर पर पत्रकार एवं साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे फरुखाबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी (इंदु अवस्थी) ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस दौरान कलमकारों ने देवर्षि नारद के चित्र पर पुष्पार्पण कर पत्रकारिता में आने वाली कठिनाइयों व गिरते स्तर पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सर्वेंद्र अवस्थी इंदु ने कहा कि देवर्षि नारद ब्रह्माजी के दसवें मानस पुत्र थे। उन्होंने कहा कि हमारी प्रतिष्ठा ही हमारी कलम है। हमें कलम के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम घनी अंधेरी रात में कलम से दीपक जला सके, तभी हमारी पत्रकारिता सार्थक है। हमारा समाचार पत्र ही हमें सही रोशनी की ओर ले जा सकता है। साथ ही कहा कि आज देवऋषी नारद की जयंती के अवसर पर सभी पत्रकारों को संकल्प लेना चाहिए कि अपनी कलम हमेशा लोगो की भलाई के लिए ही चलानी है। आज पत्रकारों में सामंजस्य की कमी है। लोग एक-दूसरे का सम्मान करना नही चाहते। उन्होंने प्रेस क्लब को सशक्त बनाने का भी सभी पत्रकारों से आह्वान किया। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पत्रकारों से आह्वान कर कहा कि पत्रकारों की आपसी फूट की वजह से उनकी गरिमा गिर रही है। पत्रकारों की आपसी गुटबाजी व एक दूसरे को नींचा दिखाने की वजह से शासन-प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है। पत्रकार एक जुट होंगे तो शासन-प्रशासन सहित किसी की जुर्रत नहीं जो इसका बेवजह फायदा उठा सके। वरिष्ठ छायाकार रविंद्र भदौरिया ने कहा कि साहित्य व पत्रकार समाज के आइने होते हैं। प्रिंट मीडिया के सामने आज काफी चुनौतियां हैं। समाचार पत्र में सच लिखना आज काफी चुनौतीपूर्ण है। वर्तमान में भी सरकार में निष्पक्षता का अभाव है। आज के दौर में इसलिए ही पत्रकारिता में गिरावट आई है, क्योंकि अब पत्रकार भी व्यवसायिक हो गए हैं। अब सेवा भाव पत्रकारों में नहीं, बल्कि व्यापारिक पत्रकार हो गए है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश निराला ने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में आज काफी चुनौतियां हैं। सरकारें अखबारों पर अंकुश लगाने का काम कर रही हैं। पत्रकार यदि अखबार में सच लिख देता है तो पत्रकार पर केस कर दिया जाता है, पर पत्रकार किसी भी कीमत पर दबने वाले नहीं हैं। समाज व देश की भलाई के लिये आज पत्रकारों को एक बार फिर से एकजुट होकर निर्भीक पत्रकारिता करनी होगी। दीपक सिंह ने कहा कि देवर्षि नारद जी लक्ष्मी मोह में कब बंदर बन गए उन्हें पता ही नहीं चला, इसी तरह तरह आज का पत्रकार भी लक्ष्मी मोह में कब बंदर बन गया उसे पता ही नहीं चला।

## नर्मदेश्वर मन्दिर जालौन में 84वां सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ सम्पन्न

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के



तत्वावधान मेंनर्मदेश्वर मन्दिर जालौन में 84 वां सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ सम्पन्न हुआ। नर्मदेश्वर बाबा व हनुमानजी महाराज के पूजन के उपरांत 84 वां सामूहिक हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ किया गया। तदुउपरांत नर्मदेश्वर बाबा व श्री हनुमान जी महाराज की आरती की गई व पुष्प अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरित किया गया ।सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ में नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा राष्ट्रीय महामंत्री त्रिलोकी नाथ गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधकिशोर त्रिवेदी प्रदेश मंत्री इन्द्रजीत सिंह गुर्जर निक्कू प्रदेश संयुक्त मंत्री मिथलेश मिश्रा नगर अध्यक्ष शशिकांत वर्मा के सी पाटकार अतुल द्विवेदी संतोष सोनी वी आई पी सोहन लाल गुप्ता सचिन श्रीवास्तव गोपालजी गुप्ता कृष्ण दत्त चंद्रप्रकाश सोनी यशपालसिंह रविशंकर पाटकार तरुण सक्सेना हर्ष तिवारी गोलू बाथम रामशरन व्यास चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव राहुल यादव सहित संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रतिभागियों ने सीखा केक सजाना नेहा, सोनिया और अंशू बनी अव्वल

**खाना आंचलिक और मौसमी ही सर्वश्रेष्ठ : हुसैन**



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** केक सज्जा प्रतियोगिता में प्रतिभागी युवतियों और महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर के साथ विशेषज्ञों का बारीक हुनर भी मिला। प्रतियोगिता में नेहा सिंह को प्रथम, तृप्ति पाण्डेय द्वितीय और जया धीरज अरोड़ा तृतीय स्थान पर रहीं। ड्राइ केक कैटेगरी में सोनिया अरोड़ा पहले, कानपुर की वंदना लाम्बा दूसरे व शिवानी गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं। स्माल केक में ये स्थान क्रमशः अंशू श्रीवास्तव, सानिया हुसैन व स्तुति रस्तोगी को मिले। तीन कैटेगरी में हुई प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता स्थल पर ही केक सजाये। इन्स्पायर लिविंग मैनेजमेण्ट एकेडमी गोमतीनगर में आयोजित प्रतियोगिता में विजेताओं को मुख्य अतिथि सेलिब्रिटी शेफ प्रो.डा.इज्जत हुसैन के साथ शेफ बालेन्द्र सिंह, शेफ अमित गुप्ता और शेफ अंकुर मलिक ने निर्णायकों की भूमिका निभाते हुये पुरस्कृत किया। अंत में आभार व्यक्त करने से पहले आयोजक एसके फोवरास बेक्स की शेफ ऋतु जायसवाल ने सभी का स्वागत किया। शेफ प्रो.डा.इज्जत हुसैन ने केक सजाने की विशेष युक्तियां बताते हुए कहा कि आपका खाना रीजनल और सीजनल यानी आंचलिक और मौसमी होना चाहिए। आईबीसीए नई दिल्ली के एक्जीक्यूटिव शेफ बालेन्द्र सिंह, ने कहा कि काम कोई भी हो अगर पहचान बनानी है तो इसके लिए घर से बाहर निकलना होगा। शेफ अंकुर मलिक ने प्रतिभागियों के सामने केक सजाने की बारीकियों का प्रदर्शन भी किया। प्रतियोगिता में मीनू आहूजा, वंदना लाम्बा, नेहा सिंह, शिवानी गुप्ता, जया, तान्या, सानिया हुसैन सहित लगभग 20 प्रतिभागी थे। प्रतिभागियों ने विषेशज्ञों से सवाल कर जिज्ञासी भी शांत की।

## फेल हुआ प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत का एसी, यात्रियों की बिगड़ी हालत

**लखनऊ।** सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत के एसी यात्रियों को दगा दे रहे हैं। एसी कूलिंग ठप होने से पैसेंजरों को पसीना बहाते हुए सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं गर्मी के चलते पैसेंजरों का खाना भी खराब हो रहा है। शनिवार को वाराणसी दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के पैसेंजर अनुराग ने शिकायत दर्ज कराई कि चेयरकार कोच सी-11 का एसी खराब होने से सफर मुहाल हो गया। उन्होंने कहाकि वंदे भारत एक्सप्रेस देश की पहले सेमी हाई स्पीड ट्रेन है। किराया महंगा होने के बावजूद यात्री सुविधाओं पर जोर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहाकि पीएमओ के संसदीय क्षेत्र से चलने वाली वंदे भारत का यह हाल है कि एसी खराब होने के चलते खाना भी खराब हो गया। दही से बदबू उठने लगी। अटेंडेंट से शिकायत करने पर एसी खराब होने को वजह बताया गया। दूसरी ओर 03256 आनंदविहार पटना स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज जा रहे पैसेंजर अभिषेक ने सोशल मीडिया पर शिकायत दर्ज कराई कि बीती रात से ही ट्रेन का एसी खराब रहा।

# मैरिज सर्टिफिकेट बनवाते समय देना होगा दहेज का विवरण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मैरिज सर्टिफिकेट बनवाते समय अब वर-वधु को दहेज का भी विवरण देना होगा, इस संबंध में विभाग ने अपना आदेश भी जारी कर दिया है। बता दें कि अभी तक विवाह प्रमाण पत्र बनाने के लिए वर-वधु पक्ष की ओर से विवाह का कार्ड, आधार कार्ड, हाई स्कूल की मार्कशीट के साथ दो गवाहों के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज लगाए जाते रहे हैं। लेकिन अब इसके साथ-साथ दहेज़ का विवरण भी देना होगा। दरअसल,उत्तर प्रदेश में विवाह प्रमाण पत्र बनवाते समय अब वर-वधु को दहेज का विवरण देना होगा।

इस संबंध में शासन ने निबंधन विभाग को निर्देश जारी किया है,अब उनके साथ में दहेज के शपथ पत्र को भी अनिवार्य कर दिया गया है और इसके लिए कार्यालय में नोटिस लगा दी गई है। इस शपथ में पत्र में शादी के लिए दिए गए दहेज का पूरा ब्यौरा देना होगा। अधिकारी दीपक श्रीवास्तव के मुताबिक शासन की ओर से विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त के लिए शपथ पत्र अनिवार्य कर दिया गया है और सभी को यह निर्देशित किया गया है कि डॉक्यूमेंट के साथ दहेज का प्रमाण पत्र भी दें। मालूम हो कि, शादी के बाद अगर आप ज्वाइंट बैंक अकाउंट खुलवाना चाहते हैं, तो मैरिज सर्टिफिकेट लगाना होगा। इसके अलावा पासपोर्ट के लिए अप्लाई करते समय भी शादी के प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ेगी। इसके साथ ही यदि आप शादी के बाद बीमा कराना चाहते हैं,तो अपना मैरिज सर्टिफिकेट लगाना जरूरी होगा। अगर महिला शादी के बाद सरनेम नहीं बदलना चाहती, तो ऐसे में मैरिज सर्टिफिकेट के बगैर सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

शादी के बाद किसी नेशनल बैंक से लोन लेने के लिए शादी का सर्टिफिकेट जरूरी होता है। किसी भी प्रकार के कानूनी मामले में मैरिज सर्टिफिकेट जरूरी होगा। सिंगल मदर या तलाकशुदा महिलाओं को नौकरी में रिज़र्वेशन लेने के लिए तलाक का डॉक्यूमेंट दिखाना पड़ता है।

# सुपरहिट भजन गायक मंदाकिनी बोरा पहुंची अयोध्या रामलला के दर्शन के बाद गाने का हुआ रिलीजिंग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या धाम।** मंदाकिनी बोरा यूट्यूब चैनल पर राम भक्त सुन सकेंगे यह भजन प्रभु ÷राम÷ के शब्द की व्याख्या को ब्रम्हांड की समस्त लिपियों में भी नहीं किया जा सकता है, किन्तु फिर भी हमारा ये प्रयास सागर में एक बूँद जैसा है। अयोध्या धाम में मंदिर का निर्माण मात्र एक मंदिर ही नहीं अपितु सनातन धर्म में विश्वास रखने बालों की आस्था एवं जगत कल्याण का एक प्रतीक है। हमारा गीत पधारे घर अपने राम मात्र एक गीत ही नहीं अपितु सत्य की जीत का एक उदहारण भी है जो हमने हमारे प्रभु राम से सीखा है। प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के क्रम को निरंतरता प्रदान करते हुए मन्दाकिनी बोरा द्वारा सुरों से सजाया हमारा नया गीत ÷पधारे घर अपने राम÷ जवास के अवसर के परिक्रम में भक्ति, भावना, प्यार, एकजुटता और अतिरिक्त रंग को आगे बढ़ाते हुए प्रभु चरणों में आज राम मंदिर परिसर की पावन भूमि %रंग महल÷ में समर्पित है। इस गीत को प्रभु के चरणों में समर्पित करने का



शुभ कार्य रंग महल के महाराज जी श्री श्री 108 पीठाधीश्वर महंत राम शरण दास के कर कमलों द्वारा किया गया। महाराज ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि रंग महल एक पावन सिद्धपीठ है, जहाँ राम लला जी ने अपना बाल्य काल थातील करा है, और मन्दाकिनी जी द्वारा संगीतबद्ध वे भजन प्रभु के आशीर्वाद एवं उनकी चरणों में समर्पित करने के लिए परिपूर्ण रूप से उपयुक्त है। रंग महल की महत्ता के बारे में बताते हुए महाराज जी ने कहा कि वे ऐसी सिद्ध पीठ है, जहाँ दशरथ जी के चारों नंदन श्री राम, भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न जी ने अपना बाल्य काल बिताया तथा सम्पूर्ण भारत वर्ष में यही एक ऐसा मंदिर प्रांगण है जहाँ चारों भाई अपनी पत्नित्यों के साथ विराजमान हैं द्य इसी प्रांगण में चारों भाई विवाह के उपरांत अपनी पत्नियों के साथ माता कौशल्या का सर्व प्रथम आशीर्वाद लेने आये थे। इसके उपरान्त माँ कौशल्या ने माता सीता को मुँह दिखाई में ये महल भेंट स्वरुप दिया था। विवाह एवं मुँह दिखाई की रस्म के पश्चात् होली का त्योहार आने वाला था जिसमे चारों भाइयों ने अपनी पत्नियों के साथ रंग महल में ही होली का उत्सव मनाया था और तदोपरांत ही इस जगह का नाम रंग महल पड गया था। गाने के बारे में बोलते हुए गायिका मन्दाकिनी बोरा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा की इस गीत के माध्यम से हमारा लक्ष्य ऐतिहासिक उत्सव के सार को पकड़ने और इसकी संक्रामक ऊर्जा को दूर-दूर तक फैलाना है। रचनाकारों के बारे में गायिका मन्दाकिनी बोरा एक सुप्रसिद्ध गायिका है जो अपने गायन से जादू बुनने की क्षमता के लिए जाने जाती हैं। संगीत जावेद हुसैन द्वारा रखा गया है। निर्देशक नरेश शाह ने भावनाओं के सार को अपने कैमरे में कैद करने कि कला को बेहतरीन ढंग से निभाया है। परिधान राहुल डालमिया एवं सोनल कलाकरों को मनमोहित रूप प्रदान करने का कार्य अचला शुद्ध एवं रवीना द्वारा किया गया है। गीत की विशेषता में सीता माता के रूप में पंछी केडिया,

## मण्डलायुक्त ने अधिकारियों के साथ किया बूथों का निरीक्षण

**अयोध्या।** लोकसभा अम्बेडकर नगर विधानसभा गोसाईं गंज में पोलिंग सकुशल प्रारम्भ हुई, मंडलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल व आई जी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार ने जनपद अयोध्या के 55 अम्बेडकर नगर अंतर्गत आने वाली विधानसभा 276 गोसाईगंज के विभिन्न पोलिंग स्टेशन का भ्रमण कर 55 अंबेडकर नगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जनपद अयोध्या के विधानसभा गोसाईगंज में मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर अयोध्या में स्थापित वेब कास्टिंग कंट्रोल रूम से मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी, अयोध्या नितीश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी, जायजा लेते रहे, ओर कलेक्ट्रेट सभागार में पोल डे मॉनिटरिंग हेतु स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# संसदीय सीट कैसरगंज में कमल व साइकिल में साइलेंट मुकाबला

■ **योगी आदित्य नाथ, स्वतंत्रदेव सिंह व एके शर्मा की हुई थी जनसभाएं**

**सपा प्रत्याशी के पक्ष में न सभा न रोड शो फिर भी दे रहा लडाई**

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** देवीपाटन मंडल की सबसे चर्चित कैसरगंज संसदीय सीट पर भाजपा के कमल व सपा की साइकिल में साइलेंट मुकाबला हो गया जिसकी चचाएं चौराहों पर खुलेआम अब हो रही है। भाजपा प्रत्याशी करण भूशण सिंह के पक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह व उर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभा की। वहीं सपा प्रत्याशी भगतराम के पक्ष में न कोई स्टार प्रचारक व कोई रोड शो फिर भी साइलेंट प्रचार कर लडाई में आने की चर्चा चौराहों पर सरेआम हो रही है।

कैसरगंज संसदीय सीट क्षेत्र में पांच विधानसभाएं शामिल हैं जिसमें चार पर भाजपा विधायक हैं और एक कैसरगंज पर सपा का कब्जा है। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में विधानसभा तरबगंज में भाजपा को 125325 ,सपा को 71635, कांग्रेस को 2684, बीएसपी को 3751 मत मिले। कर्नलगंज विधानसभा में भाजपा को 108109, सपा 72637,कांग्रेस 3756, बीएसपी 3764 मत पाये। विधनसभा कटराबाजार में भाजपा 112291, सपा 93834, कांग्रेस 2719 व बसपा को 18218 मत मिले। विधानसभा पयागपुर में बीजेपी को 110162, सपा को 98106,कांग्रेस 2957, बसपा 11232, औवेसी 3586, कैसरगंज में बीजेपी को 95424, सपा 103133, कांग्रेस के 1790,बीएसपी 13150 औवेसी 4762 मत मिले। भाजपा का कुल 551311 मिले जबकि सपा, कांग्रेस,विनोद षुक्ल, ओवेसी को मिलाकर 480419 मत मिले थे। इनमें 70892 का फासला रहा। इस बार आमने सामने भाजपा व सपा की लडाई में साइलेंट मुकाबला दिख रहा है।

भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह अपनी जीत के प्रति बढे मतदाताओं को लेकर आष्वस्त है। वहीं बगैर लोगों के घर तक पहुंचे, बगैर रोड शो, जनसभा के सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र ने साइलेंट चुनाव लड रहे । दोनो प्रत्याशी पहली बार कैसरगंज से भाग्य आजमा रहे है। चौराहों पर हार जीत की चर्चा सरेआम हो रही है।

# 149.47 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा एसटीपी प्लांट

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सरकार अयोध्या को विश्व की सबसे सुंदरतम नगरी बनाने



का प्रयास कर रही है। क्रम में नगर निगम अयोध्या सीमा के अन्तर्गत सभी नालों का दूषित पानी फिलहाल सरयू में ही जाता है। लेकिन अब जल्द ही नगर के सभी नालों का दूषित पानी एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) के माध्यम से सरयू में डाला जाएगा। 33 एनएलडी का या एसटीपी प्लांट जमथरा के निकट निर्माणाधीन है। जून में इसके शुरू होने की संभावना है।

जल निगम के अधिशासी अभियन्ता अरविन्द यादव ने बताया कि 33 एमएलडी एसटीपी का निर्माण एक नग 41.50 पम्प का मुख्य पम्पिय स्टेशन, ग्रेविटी मेन्स 4.14 किमी 400 मी. राइजिंग मेन, 15 नालों का इन्टरसेप्शन एवं डायवर्जन, 1450 मी. सम्पर्क मार्ग एवं 15 वर्षों का रख-रखाव के साथ 149.47 करोड़ रुपए की लागत से कार्यदायी संस्था उप्र जल निगम (ग्रामीण) द्वारा संस्था ईपीईपीएल अयोध्या एसटीपी लि. के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बाताया कि नगर निगम सीमान्तर्गत अवस्थित नालों के दूषित जाल के शोधन के दृष्टिगत जमथरा के निकट सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। 15 नालों के दूषित जाल का शोधन किया जाएगा। वर्तमान में परियोजना गतिमान है।

जून 2024 के अन्तिम सप्ताह से कमीशनिंग /टेस्टिग व नालों के दूषित जल के शोधान का कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के तहत निर्माणाधीन 33 एमएलडी एसटीपी का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद जल निगम क्रियान्वयन के साथ परिसर के रिक्त स्थलों एवं आसपास के क्षेत्र में सघन पौधरोपण किया जाएगा। वर्तमान में नगर निगम क्षेत्र में स्थित नाली के दूषित जल शोधन का कार्य किया जा रहा है।

# एसडीएम सदर के प्रयास से रामपुर पुवारी माझा में मतदान शुरू हो सका




*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार-अयोध्याधाम।** रामपुर पुवारी माझा काजीपुर माझा के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था सूचना पर रामपुर पुवारी माझा में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित एसडीएम सदर राजकुमार पांडे खंड विकास अधिकारी मया अनुराग सिंह तथा रामपुर पुवारी माझा के प्रधान रमेश निषाद तथा ग्रामीणों के साथ लंबी बातचीत के बाद दोपहर लगभग 12:30 पर रामपुर पुवारी माझा में मतदान शुरू हो सका लेकिन काजीपुर माझा में समाचार लिखे जाने तक अधिकारियों के लाख प्रयास के बावजूद भी ग्रामीणों ने मतदान नहीं किया। एसडीएम सदर राजकुमार पांडे ने बताया कि रामपुर पुवारी माझा व काजीपुर माझा में सीमा विवाद है इन दोनों गांवो का काफी हिस्सा कट कर जिला बस्ती में चला गया है जिसका प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर रखा था उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि न्यायालय में शीघ्र पैरवी करा कर मामले को सुलझा लिया जाएगा इसी आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने रामपुर पुवारी माझा में मतदान करना लगभग 12:30 बजे प्रारंभ कर दिया।

# 29 मई से शुरू होगा सतरिख स्थित बूढ़े बाबा की मजार पर लगने वाला मेला

*अवधनामा संवाददाता*

**सतरिख बाराबंकी।** राष्ट्रीय एकता एवं सौहार्द की प्रतीक सबसे प्रचीनतम दरगाह शरीफ हज़रत सैयद सालार साहू गाज़ी ''बूढ़े बाबा'' स्थिति कस्बा सतरिख जेष्ठ माह का पांच दिवसीय उर्स/मेला बड़े मंगल के बाद बुद्धवार 29 मई से 02 जून तक अपने पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ सांस्कृतिक सामाजिक धार्मिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ बड़े हर्षो-ओ-उल्लास से साथ संपन्न होगा।

इस उर्स/मेले में प्रत्येक धर्म एव समुदाय के श्रद्धालु दूर दराज से भारी संख्या में बाबा के आस्ताने पर आकर अपनी अटूट आस्था वयक्त करते हुवे श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं तथा फूलों की डाली के साथ चादर-गागर पेश करते हैं और एक साथ मिल कर मुल्क के अम्न चौन की दुआएं करते हैं और हिन्दू भाई अपने बच्चों के मुण्डन संस्कार बड़े धूम धाम से कराते हैंए मन्नतें पूरी होने पर निशान भी खड़ा करते हैं। इसके अतिरिक्त सूफियाना कव्वाली के साथ निरंतर यह



सिलसिला जारी रहता है। प्रबन्ध कमेटी के जनरल सेक्रेटरी चौधरी कलीम उद्दीन उस्मानी ने बताया कि आने वाले जायरीनों (श्रद्धालुओं) के लिये रौशनी, पानी, सफाई आदि की सुचारू सुविधा एवं व्यवस्था के लिये मेला प्रभारी सरफराज़ अहमद खान के साथ चौधरी फरज़ान उस्मानी, असगर अली अंसारी, फौज़ान उस्मानी, सुंदरलाल गौतम, राम सिंह, रामू यादव, सद्दाम हुसैन, मोहम्मद राशिद उर्फ पप्पू मियां, जुनैद सौलंकी, मो0 रेहान, कन्धाईलाल, राशिद हुसैन, मो0 तुफैल, विशम्भर यादव आदि लोगों की एक टीम गठित कर दी गई है। श्री उस्मानी ने बताया कि मेले की सुव्यवस्था एवं जनसामान्य के लिये जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के अधिकारियों के सहयोग से रोशनी पानी सफाई चिकित्सा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी प्रबंध किए जाते हैं।

## मैरिज लॉन परिसर में लटका मिला चौकीदार का शव, घटना संदिग्ध

**बेलहरा बाराबंकी।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र में एक चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चौकीदार का शव मैरिज लान में टेंट के स्ट्रैचर से लटकता मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । जानकारी के अनुसार बड्डूपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी पवन वर्मा लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर स्थित एक मैरिज लान में चौकीदारी का कार्य करते थे। शुक्रवार दोपहर घर से मैरिज लान जाने के लिए बताकर निकले थे लेकिन देर शाम तक जब वह खाना खाने घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनके फोन पर संपर्क किया। फोन पर बात न हो पाने पर बड़ा पुत्र इंद्रेश उन्हें बुलाने मैरिज लान पहुंच गया, जहां पर टेंट के स्ट्रैचर से पवन का शव लटकता देख बदहवास हो गया।

# 65 ग्राम मारफीन समेत एक हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्कर/ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से 65 ग्राम अवैध मारफीन जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 07 लाख रूपये है बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर अभियुक्त रोशन वर्मा पुत्र ननकऊ राम निवासी ग्राम ढखौली थाना फतेहपुर को बेलहरा रोड़ नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 65 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 07 लाख रूपये) बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना फतेहपुर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त थाना फतेहपुर का हिस्ट्रीशीटर है।

## टिकरी रेंज वन में दिन के उजाले में नहीं रात के अंधेरे में प्रतिबंध पेड़ों पर चल रहा वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज गोंडा।** टिकरी रेंज के लिदेहना गांव के बगल जंगल में दिन के उजाले में नहीं रात के अंधेरे में प्रतिबंधित साखू पेड़ काट ने का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो टिकरी रेंज के लिदेहना ग्रट मामलो मे शिकायतकर्ता को ही रेंज के दरोगा और कर्मचारी निशाना बना देते हैं इसलिए कोई भी गांव वाला खुलकर सामने नही आता है इस बार गांव के लोगों ने कटा साखू पेड और मौके पर खडी बाइक का विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है इस के बाबत वनविभाग टिकरी रेंज अधिकारी विनोद कुमार




गांव के बगल जंगल का बताया जा रहा है। बीती रात में जंगल में चोरी से साखू का पेड़ रात्रि में कटा ने का ग्रामीणों ने विरोध किया। उक्त चोरों ने मौके पर दो बाइक व कटा साखू का पेड़ छोड़कर मौके से फरार हो गए गांव के लोगों का मानना है कि जंगल के प्रतिबंधित पेडो की कटान लगातार चोरी चुपके की जा रही है ज्यादातर नायक से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि कोई जानकारी नहीं है वनदरोगा को भी लोगों ने फोन लगाया फिर भी उनके मोबाइल पर कोई बात नही हो पाया है फिलहाल इस घटना को लेकर गांव के रहने वाले लोगों का कहना है कि वनविभाग की मिलीभगत से ही सब संभव हो रहा है।

## गोन्डा पालिकाध्यक्ष का अधिकार बहाल उच्च न्यायालय ने कहा एक पक्षीय आदेश देना विधि विरुद्ध



**गोन्डा इलाहाबाद।** उच्च न्यालय की लखनऊ खंड पीठ ने गोन्डा नगर पालिका अध्यक्ष के वित्तीय ओर प्रशासनिक अधिकार सीज करने के शासन आदेश को रद्द कर दिया उच्च न्यालय ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष का बिना पक्ष सुने वित्तिय व प्रशासनिक अधिकार सीज करने का आदेश देना गलत है आप को बताते चले कि 16 मार्च को नगर पालिका अध्यक्ष उज्मा राशिद के विरूद्ध स्थानीय थाने में कुटरचित दस्तावेज के अधार पर शत्रु संम्पति अपने नाम कराकर संम्पति हड़पने का अभियोग पंजीकृत किया गया था इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसी मामले में शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अध्यक्ष के वित्तीय व प्रसाशनिक सीज करते हुए नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा को प्रशासक नियुक्त किया गया था अध्यक्ष को जमानत मिलने के बाद शासन के आदेश को हाईकोर्ट लखनऊ में चुनौती देते हुए रिट याचिका दाखिल की थी माननीय उच्च न्यायालय ने याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमुर्ति संगीता चन्द्र व न्यायमुर्ति ब्रजराज सिहं ने प्रमुख सचिव नगर विकास के वित्तीय व प्रसाशनिक सीज करने के आदेश को निरस्त कर दिया

## सीएससी के डाक्टर ने 16 सौ रूपये की लिखी दवा पैसे के अभाव मे बिना दवाई मरीज लौटा घर

**गोण्डा।** जिले में स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार के मामले किसी से छुपे हुए नही है समय- समय पर उजागर होना आम सी बात हो गई है लेकिन एक मामला इसी तरह का काफी चौकाने वाला आया है डाक्टर ने पहले बाहर से मन माफिक पैथालोजी सेन्टर भेज पीड़ित से चौदह रूपये की जांच कराई उसके उपरांत दवा खरीदने के लिए अपने नजदीकी मेडिकल स्टोर पर भेज दिया लेकिन भारी भरकम जांच की रकम से परेशान पीड़ित 1600 रूपये की दवा खरीदने में असमर्थता जताई तो डाक्टर ने मरीज के साथ अभद्रता करते हुए उसे सीएससी से भगा दिया मामला उच्चस्थ अधिकारियो के संज्ञान में आने के बाद अब सीएससी अधीक्षक ने नोटिस भेजकर अपने सम्बन्धित डाक्टर से तीन दिन के अन्दर जवाब तलब किया है।सवाल यह है की क्या चिराग तले ही अँधेरा है सीएससी अधीक्षक को यह पता ही नही की उसके साथ बैठने वाला उसका मातहत डाक्टर ही खेला-खेल रहा है। जनपद मुख्यालय से लेकर ग्रामीण स्तर पर बने सीएससी व पीएचसी केन्द्रो पर अक्सर डाक्टर के द्वारा बाहर से जांच के पर्चे व दवाओ के पर्चे लिखे जाने की बात आम सी हो गयी है।जबकि शासन व प्रशासन की माने तो जिला स्तर से लेकर सीएससी स्तर तक एक्स-रे एवं पैथोलॉजी से सम्बन्धित जांच की पूरी व्यवस्था है यहां तक की दवाये भी सारी उपलब्ध है लेकिन ऐसा कहने के लिए है ।प्रायः यह देखने को मिल रहा है की सरकारी स्वास्थ्य सेवाए पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार की आकंठा में डूबी हुई है जांच व दवा के पर्चे बाहर से लिखना आमसी बात हो गयी है। ताजा मामला आपको परसपुर सीएससी का बताते है।इसी सीएससी अन्तर्गत गांव मरचौर के ठाकुर प्रसाद यादव बीते मंगलवार को सीएससी पर सीने में दर्द होने के कारण इलाज कराने पहुंचे तो ओपीडी पर तैनात डाक्टर आर के वर्मा ने पीडित को देखने के बाद एक पर्चा बनाकर बाहर जांच के लिए भेज दिया। पीड़ित डाक्टर के बनाये हुए पर्चे पर एक निश्चित जांच सेन्टर पर जांच कराई तो जांच सेन्टर ने जांच के 1600 रूपये वसूले। जांच कराने के उपरान्त जब पीड़ित मरीज जांच रिपोर्ट लेकर सीएससी पर पंहुचा तो डाक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट की पड़ताल करने के बाद पीड़ित मरीज ठाकुर प्रसाद को टीबी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बताते है दवा बाहर से लेने के लिए अपने से सम्बन्धित मेडिकल स्टोर पर पर्चा बना भेज दिया। पीड़ित मरीज मेडिकल स्टोर पर पंहुचा तो मेडिकल स्टोर दुकानदार ने डाक्टर द्वारा लिखी दवाओ का 1600 सौ रूपए का पर्चा बनाया ।मरीज ने इतनी भारी रकम चुकाने मे असमर्थता जाहिर कर दुकान से यह कहकर वापस चला आया की अभी पैसा कम पड रहा है दवा बाद मे ले जायेगे।

# गुब्बारा उड़ाकर मतदान करने की प्रशासन ने की अपील

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** मतदाताओं को मतदान के लिए जिला प्रशासन तरह तरह के कवायद में जुटी हुई हैं। शनिवार को मतदाता जागरूकता के



जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गुब्बारा उड़ाकर मतदान करने की अपील की। गुब्बारे पर जनपद का लोगो व मैस्कॉट मगरू महराज और भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप लोगो को प्रदर्शित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हॉट एयर बैलून उड़ाकर लोगों को 01 जून को मतदान करने का संदेश दिया गया। हॉट एयर बैलून पर जनपद महराजगंज का लोगो व मैस्कॉट मगरू महराज और भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप लोगो को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का जनपद के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि 01 जून को घर से बाहर निकलें और मतदान अवश्य करें। यह एक नागरिक होने के नाते हमारा सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है और कर्तव्य भी है उन्होंने कहा कि सभी भूतों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं जिनमें छाया, पेयजल की व्यवस्था, हेल्थ हेल्प डेस्क और अशक्त मतदाताओं के लिए वोटर साथी जैसी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोदी की गारंटी गठबंधन पर भारी : केशव प्रसाद

## उपमुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चुनावी सभा को संबोधित किया

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद की लोकसभा सीट को लेकर बीजेपी अपना ताकत झोंक दी हैं। शनिवार को सिसवा क्षेत्र के






जहदा में उपमुख्यमंत्री ने बीजेपी प्रत्याशी पंकज चौधरी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इस बार बीजेपी प्रदेश के 80 सीटों पर जीत हासिल कर रही हैं। श्री मौर्या ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचारियों की नींद हराम हो गई है। गठबंधन के नेता जमानत पर छूटकर मोदी का विरोध कर रहे हैं। जनता एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का मन बना चुकी है। सपा की साइकिल पंचर हो गई है। 10 साल तो ट्रेलर था।अब वर्ष 2043 तक भाजपा विकसित भारत का सपना साकार करके रहेगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी गठबंधन पर भारी पड़ रही है। पाकिस्तान दुनिया से भीख मांग रहा है। पीएम मोदी ने कहा था कि हम किसी को छेड़ेंगे नहीं और जो छेड़ेगा उसे छोड़ेंगे भी नहीं। देश के खजाने पर गरीबों का हक मोदी की गारंटी है। तुष्टीकरण करने वाले वोट की राजनीति कर रहे हैं कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार व गरीबी को बढ़ावा मिला है। मोदी सरकार में जन धन योजना का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गठबंधन करके मोदी को रोकने का सपना साकार नहीं होने वाला है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कन्नौज व रायबरेली सहित यूपी की 80 सीटें भाजपा जीतेगी। विपक्ष द्वारा संविधान बदलने का दुष्प्रचार किया जा रहा है। जबकि मोदी ने डा.आंबेडर के पंचतीर्थ का निर्माण कराया है। भाजपा ने कश्मीर से 370 हटा कर देश का कल्याण किया है। इस दौरान केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, पनियरा के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, प्रेम सागर पटेल, ऋषि त्रिपाठी, जयमंगल कन्नौजिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव, संतोष सिंह अवनीन्द्र नाथ दूवेदी धीरेन्द्र प्रताप सिंह जिलापंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल हजारों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बन रही है इंडिया गठबंधन की सरकार : वीरेंद्र चौधरी



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** छठवें चरण का मतदान संपन्न हो जाने के बाद साफ हो गया कि भाजपा चुनाव हार चुकी है और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। अब महराजगंज की बारी है कि वह अपने जिले के बेटे को दिल्ली भेजे ताकि इंडिया गठबंधन सरकार में उसकी भी भागी दारी हो। यह बात लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गेट बंद न उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी ने सदर विधानसभा क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पूर्व सरकारों के काम को देख लीजिए। दवा, पढ़ाई, स्वास्थ, राशन कितना सस्ता था लेकिन आज चार से आठ गुना बढ़ा दिया। मध्यम और गरीब लोग अपने बच्चों को न तो अच्छी पढ़ाई करता पा रहे हैं और न ही उनके स्वास्थ पर ध्यान दें पा रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र पर गौर करके वोट का फैसला करिएगा। उन्होंने सदर विधानसभा क्षेत्र पतालकुंड, पौहरिया, नरायनपुर, अमोढ़ा, भरवलिया, पिपरिया, सिरसिया, बैरिया, पुरैना, बेलवा टीकर आदि गांवों में जनसंपर्क किया। कार्यक्रम में सुमन ओझा, राम प्यारे प्रसाद, बब्बू शाही, नौशाद आलम, डा.राजेश यादव, राम बहाल यादव, दीप चंद्र तिवारी, गुड्डु शुक्ला,दीपू यादव, तसौवर, जितेंद्र यादव,राम केवल पाशवान आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

## विदेशों में जिले की पहचान बनाना मेरा लक्ष्य

**फर्रुखाबाद।** जिले की अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी की 4th फर्रुखाबाद जिला शूटिंग चैंपियनशिप का आज़ शुभारंभ हुआ। अकादमी के प्रबंधक अंतराष्ट्रीय निशानेबाज अनिल कुमार पाल प्रमाणित कोच भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा फीता काट कर किया गया। अनिल कुमार पाल ने कहा कि मेरा हरसंभव प्रयास जारी है कि मैं अपने जिले के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाकर जिले को प्रदेश और देश के साथ विदेश में भी खुला खेल फर्रुखाबादी की धमक के साथ आगे बढ़ाने के साथ शूटरो को उनकी मंजिल तक पहुंचा दूं। सुरजीत पाल ने कहा कि खेल को आगे बढ़ाने में अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी का नाम कहीं पीछे नहीं है। इस मौके पर राष्ट्रीय निशानेबाज आरती चतुर्वेदी,गौरी चतुर्वेदी, जितेंद्र कुमार शाक्य उपेंद्र सिंह अभिषेक पाल, विवेक पाल, नंदिता सक्सेना, पल्लवी कुमारी, नैंसी यादव, गौरव पटेल, सुरजीत सिंह, ऋतिक पाल, धर्मेंद्र कुमार, नितिन, अमित कुमार, राहुल सिंह, निखिल, बलराम सिंह,विमल, विकास माथुर, अंकित कुमार, रजनीश सिंह, मंच का संचालन अमन सूर्यवंशी द्वारा किया गया।।

# आलापुर के मतदाताओं में दिखा मतदान के दिन खासा उत्साह

अवधनामा संवाददाता

**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** छठवें चरण के मतदान के लिए आलापुर के भाग्य विधाता मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह नजर आया। मतदान करने एवं मतदान करने के बाद मतदान केंद्रों पर बने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने एवं लोगों को मतदान करने के लिए घरों से निकलने के लिए प्रेरित करने का सिलसिला शाम तक जारी रहा। भरी दोपहरी में मतदाताओं की लम्बी लम्बी कतार मतदान केन्द्रों पर देखने को मिली।

संतकबीर नगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिभुवन दत्त ने परिजनों के साथ अपने गांव में मतदान किया। तो पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, श्रीमती अनीता कमल ने अपने मतदान केंद्र केदरूपुर में सुबह सुबह पहला वोट डाला। इस दौरान पूर्व जिला



पंचायत सदस्य प्रेमनरायन यादव, श्रीमती कंचन यादव, रामनगर प्रमुख विकास यादव, राजेसुल्तानपुर नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति आदि लोगों ने अपने मतदान केंद्रों पर मतदान किया। मतदान करने के उपरांत मतदान केंद्र के बाहर बने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लोगों ने मतदान के लिए घरों से निकलने का आह्वान किया। चुनाव के दौरान विधानसभा क्षेत्र आलापुर में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ इस दौरान बूथों पर सपा और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर देखने को मिली। विधानसभा आलापुर में कई बूथों पर बसपा एजेंट गायब रहे। महिलाओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह नजर आया और सपा, भाजपा समर्थक अपने परिवार के साथ अन्य सदस्यों को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने में मदद करते हुए देखे गए एवं लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया आलापुर में लगभग 60 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की जानकारी प्राप्त हो रही है।

# सालाना मजालिस का 27 मई से होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** सराय चौक स्थित रौज -ए-हजरत कासिम में 27 मई से आयोजित होने वाली चार दिवसीय सालाना तब्लीग़ी मजालिस की तैयारियां पूरी हो चुकी है। 27,28,29 एवं 30 मई तक चलने वाली सालाना तब्लीगी मजालिस में देश के कई प्रांतों से उल्मा व जाकिर शिरकत कर रहे हैं। समिति के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने बताया कि मजलिस में अयोध्या, आजमगढ़, वाराणसी, सुल्तानपुर, जौनपुर के अलावा महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ से हजारों जायरीन दरगाह में सिर झुकाकर कर दुआएं मांगेंगे। बताया कि पूर्वांचल में अपनी अलग सनाख्त रखने वाली सालाना तब्लीगी मजालिस नयी इबारत लिखेगी। 27 मई को मजलिस का आगाज परम्परागत तरीके से होगी। 27 मई को पहली मजलिस प्रातः9 बजे मौलाना सैयद गुलज़ार जाफरी राजस्थान खिताब करेंगे।दूसरी मजलिस को दोपहर बाद मौलाना जफरूल हसन व मौलाना सैयद बकी जाफरी खिताब करेंगे। वहीं रात्रि की मजलिस को मौलाना हसन मेंहदी वाइज मुस्तफाबादी खिताब करेंगे। इसके अलावा मौलाना सैयद नामदार अब्बास दिल्ली, मौलाना हाफिज सैयद मोहम्मद रज़ा रिज़वी दिल्ली, मौलाना वसी हसन खां, मौलाना रजी हैदर हैदरी मंगलौर उत्तराखंड, मौलाना इब्ने अब्बास बाराबंकी, मौलाना जावेद आब्दी दिल्ली, मौलाना मेंहदी हसन वाइज, मौलाना नदीम रज़ा फैजाबाद, मौलाना मोहम्मद मेंहदी आजमगढ़ के अलावा दर्जन भर से अधिक उल्मा व जाकिर मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के अंतिम दिन 30 मई को रात्रि में हुसैन-डे उत्सव का आयोजन होगा। जहां दर्जनों उलमा-ए-करआम व शायर अपने कलाम से कर्बला के शहीदों की जिंदगी पर रौशनी डालेंगे। कार्यक्रम के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने बताया कि कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने व खान पान की व्यवस्था के लिए समितियों क्रियाशील रहेंगी।

# जनपद में 60 प्रतिशत रिकार्ड मतदान हुआ

## मामूली कहा सुनी के साथ शांतिपूर्ण रहा मतदान









अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान संपन्न हुआ जनपद मे इस चरण के सबसे अधिक मतदान 60 प्रतिशत का रिकॉर्ड बनाया। सुबह से ही लंबी लंबी लाइन लगाकर जनपद वासियों ने जागरूकता दिखाई। जिला अधिकारी और प्रशासन की टीम की मेहनत के चलते रिकॉर्ड बनाया। सुबह 9 बजे से ही प्रदेश के छ्टे चरण में नंबर वन रहा अंबेडकरनगर सुबह 9 बजे 14.61 प्रतिशत वही 11 बजे 30.2 प्रतिशत, 1 बजे 41.04 प्रतिशत, 3 बजे 50.40 प्रतिशत, 5 बजे 59.80 प्रतिशत बजे 60 प्रतिशत बजे इस चरण का उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा वोटिंग करने वाला जिला बन गया। वही आपको बताते चले कि पिछले लोकसभा 2019 में 61.08 प्रतिशत था लेकिन इस बार प्रशासनिक अधिकारियों और जनता की जागरूकता की वजह से तेज धूप के बाद भी रिकॉर्ड तोड़ मतदान हुआ। वही आज मतदान के समय कई बूथों पर ईवीएम की खराबी की शिकायत आ रही थी जिसे प्रशासन जल्द ही दूर कर रहा था इसके अलावा समाजवादी प्रत्याशी लालजी वर्मा से पुलिस झड़प की बात सामने आई, ज्ञात हो कल समाजवादी प्रत्याशी लालजी वर्मा के बेहद करीबी माने जाने वाले लव कुश वर्मा जी को टांडा में एक लाख नकद रुपए के साथ पुलिस और एस्कॉर्ट की टीम ने पकड़ लिया था , और एक लाख रुपए के लिए पेपर न दिखाने की वजह से इनपर कार्यवाही करते हुई पैसे की जब्ती कर ली गई तथा उनका बयान नोट कर लिया गया था जिसमे लवकुश वर्मा ने बताया था की यह एक लाख रुपया फीस का पैसा है लिखित बयान के बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उन्हें छोड़ दिया गया था, वही उसी मामले को लेकर बीजेपी प्रत्याशी रितेश पांडेय पुलिस से सोशल मीडिया पर लगातार आरोप लगा रहे थे की लालजी वर्मा के समर्थक लगातार पैसा और शराब बांट रहे है और ऐसे में जब लालजी वर्मा के समर्थक द्वारा एक लाख रुपया पकड़ा गया तो मामले ने तूल पकड़ लिया , रितेश पांडेय ने आरोप लगाया की पुलिस ने ढंग से कार्यवाही नही की है वही देर रात हुई इस घटना के बाद एक बार फिर सुबह काफी संख्या में पुलिस लालजी वर्मा के आवास पर पहुंच गई ऐसे में लालजी वर्मा और पुलिस के बीच तीखी नोकझोख हुई, लालजी वर्मा का कहना था की कल रात हुए पैसे मामले में बार बार पूछताछ करने का कोई तुक नहीं है इतना बड़ा कोई अपराध नहीं हुआ है चुनाव आयोग की नियम अनुसार अगर किसी के पास पैसा बरामद होता है तो उसे पैसे की जानकारी देना होता है अन्यथा पैसा जप्त कर लिया जाता है इसके अतिरिक्त कोई भी ऐसा नियम नहीं है की जिससे पैसा बरामद हुआ हो उस बार-बार पूछताछ की जाए ,लालजी वर्मा का कहना था पुलिस उनका उत्पीड़न कर उनका चुनाव खराब करना चाहती है और यह सब भाजपा प्रत्याशी की शह पर प्रशासन कर रहा है अभी पुलिस और लालजी वर्मा की झड़प हो ही रही थी की तभी दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष जंग बहादुर वा अन्य नेताओं ने बताया कि टांडा के बूथ नंबर 161 पर बीएलओ के साथ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मारपीट की, दिनभर चले आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। इन सब मामले को देखते हुए समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने लालजी वर्मा के पुलिस छापे को एक्स पर लिखते हुए प्रशासन पर आरोप लगाया। की प्रशासन चुनाव को प्रभावित करना चाहता है। कुल मिलाकर प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम मशीन में कैद हो गए है प्रशासन ने चैन की सांस ली है।

## सल्फास खाने से महिला की मौत

**फर्रुखाबाद।** सीमावर्ती जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के ग्राम गढ़िया जगन्नाथ निवासी महिला रेखा पत्नी रिंकू सिंह उम्र 42 वर्ष का किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया था। इसी बात से क्षुब्द होकर महिला रेखा ने सल्फास की खा ली, जिससे महिला की हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने आनन फ़ानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां महिला की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद महिला के देवर ने 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल की लेकिन 1 घंटे बाद तक एंबुलेंस नहीं आयी जिसके बाद परिजनों ने निजी वाहन से महिला को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया,जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ऋषिकांत वर्मा ने महिला को भर्ती कर उपचार किया। इलाज के दौरान महिला रेखा की मौत हो गई, डॉक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना कुछ कार्रवाई के मृतक महिला का शव लेकर घर चले गए हैं।

# वोटिंग शुरू होने से पहले लाईन में खड़े दिखे मतदाता

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को वोट डालने के दौरान वोटरों मे काफी उत्साह दिखाई दिया वोटिंग शुरू होने

- **पुरुषो से ज्यादा बढ़ चढ़कर महिलाओं ने किया मतदान**

से पहले ही लोग लाईन मे लग कर अपने बारी का इंतजार करते रहे। गर्मी के वजह से कुछ मतदान केंद्र पर 10बजे के बाद सन्नाटा दिखाई दिया तो कुछ मतदान केंद्र पर तो महिला व पुरुषो मे काफी उत्साह दिखाई दिया।

लोटन क्षेत्र में शांति पूर्वक मतदान हुआ मतदाताओं ने लोकतंत्र में बढ़ चढ़ कर हिसा लिया कुछ युवाओं ने कहा की हमारा प्रत्याशी भारी मतों से जीत रहा और कुछ लोगो ने कहा की



गिनती के बाद ही पता चलेगा की किस के सर पर जीत का ताज जनता बाधेगी। महिलाओं से पुछा गया की किस मुद्दे पर वोट डालने जा रही है कुछ महिलाओं ने बताया की हम लोगों को राजनीति से कोई लेना देना नही है बस लोकतंत्र का हिस्सा बनने के लिए जा रहे हम महिलाओं का भी मत देने का अधिकार है जो किसी के दबाव में नही किया जाता है। और वही कुछ मतदाताओं ने बताया की हम पिछले चुनाव में वोट डाले है लेकिन इस चुनाव में मेरा नाम लिस्ट में नही है इस लिए हम अपने मत का प्रयोग नही कर सके।

शासन के तरफ से मतदान केंद्र पर फोर्स का काफी इंतजाम रहा ताकी कोई भी व्यक्ति गलत तरीके से वोट न कर सके।थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह सुबह से ही क्षेत्र में मतदान केंद्र का भ्रमण करते हुए शांति पूर्वक वोट करने को निर्देश करते रहे।

## नदी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे में शनिवार की शाम नदी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत हो गयी है।स्थानीय मछूआरों ने शव को नदी से बाहर निकाला।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।नगर के राप्तीनगर सोनारी वार्ड निवासी 35 वर्षीय संदीप कुमार गौतम पुत्र चंद्रप्रकाश शाम पांच बजे राप्ती नदी में नहाने गया था गहरे पानी में जाने के कारण वह नदी में डूब गया।यह देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया पुलिस के घटना स्थल पर पहुचने के बाद स्थानीय मछूआरों ने शव को नदी से बाहर निकाला।इस संबंध में कोतवाल बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आम की फसल का भाव अच्छा होने से खिले बागवानों के चेहरे

**महमूदाबाद सीतापुर अवधनामा संवाददाता।** शुरुआती तौर पर बागों में रोग लग जाने से बागवान काफी परेशान हुए और बागों में अनेकों प्रकार की दवाओं का छिड़काव किया ।अब आम तैयारी पर है और कई जगहों पर आम की टूट भी शुरु हो गई है, जिसकी पहले खेप राजस्थान व हरियाणा के लिए भेजी जा चुकी है पहले दशहरी आम को तोड़ा जा रहा है, और 1 जून से स्थानीय मंडियों जैसे संडीला, सीतापुर, लखीमपुर, मैगलगंज, हरदोई, लखनऊ में भी नजर आने लगेगा। आम का शुरुआती भाव अच्छा मिलने से बागवान काफी खुश नजर आ रहे हैं और आगे भी प्रयास लगाया जा रहे हैं कि भाव अच्छा ही रहेगा शुरुआती भाव 3000 से लेकर 3500 प्रति कुंतल है, अबकी बार आंधी ना आने से किसानों को काफी राहत मिली है जिससे बागवानों को ज्यादा कोई नुकसान नहीं हुआ है, शेष बची फसल को देखकर बागवान काफी खुश हैं। असगर अली - ने बताया कि पिछले साल हमारा काफी नुकसान हुआ था अबकी बार की फसल से पिछले साल हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है। अतीक अहमद - ने बताया कि बीच में कीट ने बागवानों को काफी नुकसान किया जिसे देखकर हम सब परेशान हुए अब शेष फसल को देखकर व अच्छा भाव मिलने से हम काफी खुश हैं। मोतीलाल ने बताया कि पिछले साल की फसल व रेट से इस साल की फसल व रेट अच्छा मिलने से हमें खुशी है।

# चिलचिलाती धूप में उत्साह के साथ बुजुर्गों, महिलाओं ने किया मतदान

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मतदान महा पर्व पर नगर पालिका में लोकसभा चुनाव में घरों से निकलकर चिलचिलाती धूप में बिना सहारे के चलने वाले बुजुर्गों, महिलाओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। बूथों पर सुबह से 11 बजे तक मतदाताओं की भीड़ दिखी। उसके बाद कड़ाके की धूप के चलते भीड़ कुछ कम हो गई। सायं तीन बजे के बाद भी भीड़ दिखी।

दूर के बूथों पर मतदाता ई-रिक्शा, ऑटो, बाइक आदि साधनों से पहुंचकर मतदान किये। चलने में असमर्थ वृद्धों व दिव्यांगों को लोगों ने गोंद में उठाकर बूथ पर पहुंचाकर मतदान कराया । कड़ाके की धूप में कई महिलाएं गोद मे अपने नवजात शिशुओं को लेकर मतदान करने पहुंची। दुकानों के बन्द रहने से लोगों



को तमाम असुविधा भी हुई। सभी प्रत्याशी रास्तों में या बूथ के बाहर मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट की अपील करते दिखे। मतदाता भी मतदान के बाद हार- जीत का कयास लगाते पाए गए। कुल मिलाकर शातिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन हुआ।वहीं बांसी।विधायक जय प्रताप सिंह ने परिवार के साथ प्राथमिक कन्या विद्यालय नरकटहा बांसी में मतदान किया। वहीं नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने पति पूर्व नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी के साथ प्राथमिक विद्यालय नरकटहा प्रथम बांसी में मतदान किया।पूरे विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ कहीं भी किसी तरह की कोई घटना नही हुई।इस दौरान पूरा प्रशासन मुस्तैद रहा।

## मकान में कब्जे को लेकर मारपीट मामला दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** पारिवारिक लोगों द्वारा मकान में कब्जे के उद्देश्य से आएदिन की जाने वाली मारपीट के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के मराठीपुरा निवासी मोंटी सिंह पुत्र रमेश सिंह ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पारिवारिक लोग उमरी निवासी चंदन सिंह और सपना सिंह तथा हमीरपुर के रमेड़ी निवासी राजन उनके मकान में कब्जा करने के उद्देश्य से आए दिन मारपीट करने का काम करते हैं जिसके चलते उक्त लोगों ने बीते 18 मई और 24 मई को उसकी मां नीलम और बहिन तन्नू के साथ घर में घुसकर मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण करा गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डीएम एवं एसपी ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के साथ लोक सभा क्षेत्र 60 डुमरियागंज के प्रावि0 महराजगंज, विक्षे0 बर्डपुर, प्रावि0 छतहरी विक्षे0 शोहरतगढ़, प्रावि0 बगुलहवा विक्षे0 शोहरतगढ, प्रावि0 नकथर विक्षे0 शोहरतगढ, कम्पोजिट वि0 परसिया विक्षे0 शोहरतगढ़, प्रावि0 कमदालालपुर विक्षे0 इटवा आदि विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने सभी मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने का निर्देश दिया।सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों को बिना किसी भेदभाव के मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग प्रदान करने दिव्यांग मतदाता/85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं को प्राथमिकता के आधार पर मतदान करायें। कहा कि बूथ के 200 मीटर की परिधि में भीड़ को एकत्रित न होने दें। इस अवसर पर सम्बंधित उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा तथा अन्य संबधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# छठवें फेज का मतदान समाप्त, कपिलवस्तु विधानसभा में हुई सबसे अधिक 55.62 फीसदी वोटिंग

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 सकुशल सम्पन्न हुआ, भीषण गर्मी में पांचों विधानसभाओं में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

- **जातीय गोलबंदी पर टिका जीत का दारोमदार**
- **जातीय गणित में उलझा चुनाव, कम अंतर से होगी हार-जीत**

डुमरियागंज लोकसभा में 51.98 फीसदी मतदान हुआ, जिसमें कपिलवस्तु विधानसभा में 55.62 फीसदी, शोहरतगढ़ विधानसभा में 53.58 फीसदी, बांसी विधानसभा में 49.48 फीसदी, इटवा में 49.83 फीसदी तथा डुमरियागंज विधानसभा में 50.17 फीसदी मतदान हुआ। पुरुषों ने 47.10 फीसदी, महिलाओं ने 57.5



फीसदी, वही 5.8 फीसदी ट्रांसजेंडरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं मतदान करने में 9.5 फीसदी आगे रही। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने शाहपुर बूथ संख्या 84 पर अपने परिजनों के साथ मत का प्रयोग करते हुए, लोगों से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की और कहा कि ये लोकतंत्र सबसे महत्वपूर्ण पर्व है और सभी को मतदान करना चाहिए।

ऐसे में गर्मी तो बहुत है किंतु गर्मी की परवाह किए बिना लोगों को घरों से निकलना चाहिए और अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान युवाओं ने बहुत उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वही महिलाओं में जमकर वोट किया। मौजूदा सियासी समीकरणों को देखते हुए मतदाता दलील दे रहे हैं, कि कम अंतर से हार-जीत वाली सीटों में डुमरियागंज को भी शामिल किया जा सकता हैं। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी ब्राह्मण, यादव, मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने में जुटे रहे। इस समीकरण के जरिये वह जीत की आस लगाए हैं। वही भाजपा के पास बहुत बड़ा वोट बैंक हैं। नतीजे आने वाले 4 जून को स्पष्ट हो जाएंगे।

# जाल्हेखोर गांव के ग्रामीणों ने छह घंटे तक किया मतदान का बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा गांव में हुई आग लगी की घटना में प्रशासन की उपेक्षा, खराब सड़क व बाढ़ की समस्या से नाराज तहसील क्षेत्र के जाल्हेखोर गांव के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था। छःघंटा बाद एस डी एम न्यायिक के काफी समझाने व आश्वासन के बाद मतदान शुरू हुआ। ग्रामीणों का कहना है गांव व फसल में अप्रैल माह में आग लगी जिसकी सूचना जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को देने के बाद भी फायर सर्विस की टीम नही पहुंची और चौबीस घंटे बीत जाने के बाद भी गांव में राजस्व विभाग का कोई कर्मचारी नही पहुंचा जिससे गांव के लोग काफी नाराज थे। साथ ही जिग्निहवा चौराहे से जाल्हेखोर गांव को जोड़ने वाली सड़क काफी कष्टकारक है राप्ती नदी के उत्तरी तट पर बना बांध ही




- **एसडीएम न्यायिक के काफी समझाने व आश्वासन के बाद शुरू हुआ मतदान**

आवागमन का साधन है। इस पर चलने पर धूल उड़ रहा है जिससे राहगीरों को काफी दुश्वारी का सामना करना पड़ रहा है तथा जाल्हेखोर गांव के पश्चिम विमौवा के पास बांध में गैप है जिसकी भराई ना होने से लोगों को बाढ़ की समस्या से जूझना पड़ रहा है आदि मांग को लेकर गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था। सूचना मिलने के बाद मौके पर एस डी एम न्यायिक प्रदीप कुमार यादव व तहसीलदार देवेंद्रमणि त्रिपाठी ने गांव पर पहुंचकर काफी मान मनौव्वल करने के बाद गांव के लोगों ने एक बजे के बाद मतदान शुरू किया। मतदान का बहिष्कार की सूचना पर मौके पर सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी, पूर्व विधायक व सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव व भाजपा प्रत्याशी व सांसद जगदम्बिका पाल की पुत्री पूजा पाल भी पहुंच गये थे।

## जम्मू कश्मीर का संकेत

जम्मू कश्मीर और लद्दाख में वर्तमान लोकसभा चुनाव में मतदाताओं का भारी संख्या में मतदान के लिये बाहर निकलना बड़ अहलादकारी और उत्साही घटना है। 370 के एब्रोगेशन के बाद जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने से जम्मू कश्मीर और लद्दाख भारत के राज्यों की तरह मुख्य धारा में आ गया। राज्य में चुनी सरकार 2018 में खत्म हो गई थी। तबसे जे के लद्दाख के निवासी चुनाव की मुख्य धारा में मरहूम रहे। इस लोकसभा चुनाव में उनका शामिल होने का उत्साह और खुशी उनकी भारी उपस्थिति में फूट पड़ी।

जनवरी में गृहमंत्री अमित शाह अधिकारियों की बैठक में 370 के बाद के कुछ आंकड़े पेश किये। आतंकी घटनाओं में 66 प्रतिशत नागरिको के मौत में 81 प्रतिशत और सेक्योरिटी फोर्सेज में 48 प्रतिशत गिरावट आई। बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगस्त 2015 के बाद कश्मीर में पहली सभा के भाषण में कहा कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद पर्यटन नये कश्मीर में विकास की ओर अग्रसर है।

बरमूला और श्रीनगर में लोकसभा का चुनाव यहां के नागरिकों को अश्वस्त कराया कि उनको भी वही सहूलियतें और दर्जा प्राप्त है जो भारत के अन्य नागरिकों को प्राप्त है। मतदाताओं की भारी भीड़ इशारा कर रही है कि अब कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराने को समय आ गया है। नागरिको के उत्साह का लाभ उठाना और उनका अन्य राज्यों से समता कराने का यह प्रभावी कदम होगा।

चुनाव कमीशन ने खुशी जाहिर करते हुये कहा श्रीनगर वरमूला में मतदाताओं की भारी भीड़ हमे अश्वस्त करा रही है जल्दी चुनाव कराने के लिये 1984 के मुकाबले 59 प्रतिशत का टर्नआउट सबसे ज्यादा है। लोग जो कब से अतिक्रमण, हिसा और लक्षित हत्या भोग रहे थे निडर होकर मत डालने आये। यह उनकी राजनैतिक अधिकार उपयोग करने की तीब्र इच्छा थी जो उन्हें खीच लाई। मतदाताओं के इस जज्बे का सम्मान होना चाहिये और उनको इसका इनाम भी मिलेगा।

जम्मू कश्मीर के रीआर्गनाइजेशन एक्ट 2019 के तहत लोकसभा ने संविधान के अर्टिकल 3 के अनुसार नया राज्य बनाने का विधान नही है। राज्य को उसका स्टेटहूड वापस करने का प्रावधान है। मोदी सरकार ने इसी अनुसार कदम उठा कर जम्मू कश्मीर और लद्दाख को उसका स्टेटहूड वापस कर दिया है। मोदी की बड़ी उपलब्धियों में यह एक है। सभी स्थितियां अनुकूल होने के बिना पर जो भी सरकार आती है उसकी प्राथमिकता होनी चाहिये जे के और लद्दाख में विधानसभा चुनाव कराने की। किसी मुगल शंहशाह ने श्रीनगर देख कहा था अहा जन्नत तो यही है।

## नोटा को भी प्रत्याशी का दर्जा देना होगा!



प्रतिक संघवी

कहने को तो भारत देश में लोकशाही चल रही है लेकिन कभी कबार ऐसा महसूस हो रहा है की लोकशाही का खुलेआम गला घोटा जा रहा है और हम सब तमास बिन बन कर देख रहे हैं। जैसे की इस चुनाव में लाखों नागरिक इंदौर और सूरत में चुनाव होते हुए भी अपना मत का अधिकार गवा बैठे। अगर नोटा को वहां पर प्रत्याशी का दर्जा मिल गया होता तो शायद सभी नागरिक को अपना मताधिकार भी मिल गया होता।

भारत में हम देख रहे हैं कि अभी पक्षोमे कोई नीति नियम सहनशीलता किसी भी प्रकार के एथिक्स नहीं रहे हैं । किसीको भी इमानदारी से या संविधान के अनुसार चुनाव लड़ने में रस नहीं है अगर वह जीत रहे हैं तो किसी भी हद तक जितने के लिए जा सकते हैं कितना भी नीचे गिर सकते हैं इससे उसकी कोई भी फर्क नहीं पड़ता है बस जीत अपनी होनी चाहिए । बस यही टारगेट से सब लड़ रहे है जिसमें देश की लोक शाही और चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से साइड हो रही है। और भारत की लोकशाही में बहुत बड़ा दाग लग रहा है। जो हम दिन प्रतिदिन चुनाव में देख रहे हैं पहले तो गांव के चुनाव में ऐसा होता था अब तो लोकसभा और राज्यसभा के चुनाव में भी यह साफ दिखने को मिल रहा है और लोकशाही और मताधिकार का गला घोटा जा रहा है।

सब लोग जानते हैं कि चुनाव के दौरान फॉर्म भरने की तारीखों के दौरान और फॉर्म वापस खींचने की समय के दौरान कैसे-कैसे स्टंट देखने को मिलते हैं जो कल चुनाव लड़ने के लिए राजी था वह आज फॉर्म वापस ले रहा है। जो कल सामने खड़ा था वह आज साथ खड़ा है। ऐसे दोगले लोग चुनाव लड़ रहे हैं जिसको ना तो अपनी ईमानदारी की पड़ी है ना तो अपनी धर्म की और ना तो देश के प्रति अपने कर्म की। कोई भी प्रत्याशी अपना फॉर्म वैसे ही वापस नहीं खींचता है वह सब जानते हैं और ऐसे ही लोकशाही का हनन होता रहा तो देश में चुनाव का कोई मतलब ही नहीं रह जाएगा। और चुनाव का मतलब नहीं तो लोकशाही का भी कोई मतलब नहीं। लेकिन ऐसी सब चीजों में नोटा इन सभी के ऊपर एक बहुत बड़ा किंग मेकर साबित हो सकता है जिसको ना तो हटाया जा सकता है ना तो वापस लिया जा सकता है और ना तो लोगों से अपना मताधिकार छीना जा सकता है। तो पहले जानते हैं नोटा के बारे में! नोटा का अर्थ है- इनमे से कोई भी नहीं। नोटा का उपयोग पहली बार भारत में 2009 में किया गया था। स्थानीय चुनावों में मतदाताओं को नोटा का विकल्प देने वाला छत्तीसगढ़ भारत का पहला राज्य था। नोटा बटन ने 2013 के विधानसभा चुनावों में चार राज्यों - छत्तीसगढ़, मिजोरम, राजस्थान और मध्य प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली में अपनी शुरुआत की। 2014 से नोटा पूरे देश मे लागू हुआ। भारत निर्वाचन आयोग ने दिसंबर 2013 के विधानसभा चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में इनमें से कोई नहीं अर्थात 'नोटा' बटन का विकल्प उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

2018 में नोटा को भारत में पहली बार उम्मीदवारों के समकक्ष दर्जा मिला। हरियाणा में दिसंबर 2018 में पांच जिलों में होने वाले नगर निगम चुनावों के लिए हरियाणा चुनाव आयोग ने निर्णय लिया कि नोटा के विजयी रहने की स्थिति में सभी प्रत्याशी अयोग्य घोषित हो जाएंगे तथा चुनाव पुनः कराया जाएगा। हालांकि अभी भारत निर्वाचन आयोग ने इसे लागू नही किया है। भारत के आम चुनाव, 2019 में भारत में लगभग 1.04 प्रतिशत मतदाताओं ने उपरोक्त में से कोई नहीं (नोटा) के लिए मतदान किया, जिसमें बिहार 2.08 प्रतिशत नोटा मतदाताओं के साथ अग्रणी रहा। यहां पर हमारे देश में अभी तक यह लागू नहीं किया गया है कि नोटा में ज्यादा मत पड़े तो सारे प्रत्याशी को गैर लायक ठहराया जाए और सारी चुनावी प्रक्रिया वापीश हो। इसके साथ ही अगर कोई एक जगह सिर्फ एक ही प्रत्याशी बचता है जैसे की सूरत और इंदौर में हुआ तो नोटा एक प्रत्याशी के रूप में शामिल होगा और सारे नागरिकों को मताधिकार मिल सकेगा और अगर इस तरह के चुनाव में नोटा में मत ज्यादा आते हैं तो लोकशाही और संविधान के तहत वह चुनाव की प्रक्रिया फिर से होगी और आम लोगो को दोबारा उसी जगह मताधिकार मिलेगा ! इसीलिए संविधान को और लोकशाही को जिंदा रखना है तो ना - लायक को ना-लायक कहना होगा और नोटा को भी प्रत्याशी का दर्जा देना होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

एक गंभीर आपराधिक घटना के बाद किशोर न्याय बोर्ड द्वारा किशोर को मामूली परामर्श के बाद छोड़ना भी विवाद का विषय बना। सामाजिक व राजनीतिक दबाव के बाद पुणे पुलिस द्वारा की गई तुरंत कार्रवाई समय की जरूरत थी। जो कालांतर भविष्य में ऐसी त्रासदियों को टालने में मददगार हो सकती है। कहा जाने लगा कि अपराध के अनुपात में दंड का निर्धारण किया जाना चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न भागों में भी किशोरों द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाने के तमाम मामले प्रकाश में आते रहते हैं, जिसमें खतरनाक ड्राइविंग के चलते कई किशोरों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है।

# पुणे सड़क हादसा, समाज को सख्त संदेश जाना चाहिए



रोहित माहेश्वरी

बीते दिनों महाराष्ट्र के पुणे में एक बेहद त्रासद हादसा हुआ है, जिसने समाज, कानून और मान्यताओं को बेपर्दा कर दिया है। पुणे में एक 17 वर्षीय नाबालिग, बिगड़ैल किशोर ने दो होनहार साफ्टवेयर इंजीनियरों को 2 करोड़ रुपए की कार से कुचल कर मार डाला। करीब 25 वर्षीय जिंदगियों पर एकदम विराम लग गया। दो घरों के चिराग बुझ गए, लिहाजा उनके दुख और सदमे को महसूस ही किया जा सकता है, लेकिन समाज, जेल, कानून उस नाबालिग को 'मासूम' ही मान रहे हैं, क्योंकि वह 18 साल का नहीं था। जेल में उस 'हत्यारे नाबालिग' से सडक दुर्घटना पर 300 शब्दों का निबंध लिखवाया जाता है और करीब 15 घंटे में अदालत से उसकी जमानत भी हो जाती है! ये कोई पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी ऐसी कई घटनाएं घटित हो चुकी है, लेकिन दो'-चार दिन की सुर्खियों और चर्चाओं के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है।

संविधान के किस पन्ने पर और किस अनुच्छेद में यह लिखा है कि कोई किसी की जान लेने का जघन्य अपराध करे, लेकिन निबंध लिखवा कर ही उसे जमानत दे दी जाए? कानून वाकई अंधा होता है, क्योंकि वह सिर्फ सबूत देखता है, हकीकत को नहीं जानता! नबालिग हत्यारे के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, कार का पंजीकरण नहीं था, लेकिन वह एक बेशकीमती कार दनदनाते हुए चला रहा था, क्योंकि वह 600 करोड़ रुपए की कंपनी के मालिक, बिल्डर का बेटा था! क्या कानून के सामने ये साक्ष्य नहीं थे? क्या अमीर, बिल्डर बाप बराबर का दोषी नहीं है, जिसने 2 करोड़ रुपए की कार नाबालिग बेटे को खरीद कर दी? उस उच्छृंखल बालक ने सार्वजनिक सडक को 'बंगले का आंगन' समझ लिया और दो युवाओं को कुचल कर मार दिया। नाबालिग आरोपित को हिरासत में पिज्जा, बर्गर और बिरयानी आदि भोज परोसे गए, तो वह खातिरदारी भी 'बड़े बाप की औलाद' होने के कारण की गई। चैंकाने वाला तथ्य यह है कि नाबालिग अपराधी ने कार से दो युवा इंजीनियरों को कुचलने से पहले पब, बार में करीब दो घंटे तक, दोस्तों के साथ, खूब शराब पी, जिसका बिल 48,000 रुपए आया और भुगतान भी नाबालिग के क्रेडिट कार्ड से किया गया। क्या बैंक नाबालिगों के क्रेडिट कार्ड भी बनाते हैं? गंभीर सवाल तो यह है कि मेडिकल परीक्षण में शराब पीने का सच क्यों नहीं सामने आया? क्या डॉक्टर भी बड़े बाप के सामने 'बिक' गए? उस त्रासद हादसे के बाद यह तथ्य सामने आया है कि उस नाबालिग ड्राइवर ने शराब पी रखी थी, लिहाजा दोस्तों और पब वालों को भी हिरासत में लिया गया है। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के न्याय पर तरस आता है कि उसने हत्या की सजा निबंध लिखना ही तय की! क्यों न इसे भी संविधान में जोड़ लिया जाए? यही कारण है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को हस्तक्षेप कर



पुलिस आयुक्त को निर्देश देने पड़े। अब उच्च न्यायालय में नाबालिग पर केस बालिग मान कर ही चलाया जाएगा। हमें भी अदालत के आदर्श न्याय का इंतजार रहेगा। बहरहाल, इस घातक दुर्घटना के बाद सार्वजनिक विमर्श में यह सवाल फिर उठा कि गंभीर अपराधों में किशोरों की संलिप्तता होने पर वयस्कों के कानून के हिसाब से उन्हें सजा क्यों नहीं मिलती। सवाल यह है कि धनाढ्य बिल्डर ने क्यों किशोर पुत्र को बिना लाइसेंस के कार चलाने की अनुमति दी? क्यों बेटे को शराब पार्टी करने की इजाजत दी? क्यों होटल वालों ने किशोरों को शराब पीने की सुविधा दी? जब किशोर ने बार-बार जानबूझकर तमाम कानूनों का उल्लंघन किया तो उसे सामान्य कानून के तहत दंडित क्यों नहीं किया जाना चाहिए? बहरहाल नये सिरे से किशोर न्याय अधिनियम में सुधार की बहस तेज हुई। एक गंभीर आपराधिक घटना के बाद किशोर न्याय बोर्ड द्वारा किशोर को मामूली परामर्श के बाद छोड़ना भी विवाद का विषय बना। सामाजिक व राजनीतिक दबाव के बाद पुणे पुलिस द्वारा की गई तुरंत कार्रवाई समय की जरूरत थी। जो कालांतर भविष्य में ऐसी त्रासदियों को टालने में मददगार हो सकती है। कहा जाने लगा कि अपराध के अनुपात में दंड का निर्धारण किया जाना चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न भागों में भी किशोरों द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाने के तमाम मामले प्रकाश में आते रहते हैं, जिसमें खतरनाक ड्राइविंग के चलते कई किशोरों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। प्रदेष सरकार के हरकत में आने के बाद किशोर न्याय बोर्ड ने अपराधी की बेल कैंसिल कर उसे सुधार गृह में भेज दिया है।

यह कोई इकलौता मामला नहीं है। एक मामले में बीएमडब्ल्यू कार से तीन पुलिसकर्मी मार दिए गए थे। अपराधी की अमीरी ने चश्मदीदों को 5-5 करोड़ रुपए की घूस देकर उनकी सच्चाई ही खरीद ली थी, लेकिन बाद में किसी परम शक्ति ने ही सारे भेद खोल दिए और उन ऐयाश अमीरों को सजा हुई। राजधानी दिल्ली में नशेडियों ने कार फुटपाथ पर सोए 'बेचारों' पर ही चढ़ा कर उन्हें कुचल दिया। अदालत में ये दलीलें भी दी गई कि क्या फुटपाथ सोने के लिए होता है? बहरहाल देश में लाखों सडक दुर्घटनाएं होती हैं और लाखों ही जिंदगी गंवाते हैं, लेकिन ऐसे मामले बेशुमार दौलत, नव अमीरी और गरीबों को कीड़े-मकौड़े समझने की संस्कृति की देन ही हैं। जब तक देश में आर्थिक असमानता, विलासिता मौजूद रहेंगे और कानूनों में संशोधन नहीं किया जाएगा, तब तक घरवालों को अचानक दुखद समाचार सुनने को विवश होते रहना पड़ेगा। होनहार भी ऐयाश लापरवाहियों के शिकार होते रहेंगे। इस मामले में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि समाज को एक सख्त संदेश जाए, अन्यथा इस तरह की घटनाओं को रोकना मुश्किल हो जाएगा। लापरवाही पर सजा होनी चाहिए।

ये घटनाएं यातायात कानूनों को सख्ती से लागू करने और किशोर अपराधियों को दंडित करने के लिये कानूनी ढांचे की समीक्षा की आवश्यकता पर बल देती हैं। निस्संदेह, देश की न्यायिक प्रणाली को इस तरह के मामलों में उचित प्रतिक्रिया देनी चाहिए। सही मायनों में अपराधी की उम्र की परवाह किये बिना ऐसे घातक कृत्यों में कड़े दंड के जरिये मिसाल कायम की जानी चाहिए। इससे जहां जनता का विश्वास बहाल होगा, वहीं हमारी सड़कों पर किशोरों की लापरवाह ड्राइविंग से होने वाली मौतों को भी रोका जा सकेगा। निश्चित रूप से इससे दुर्घटनाओं में मारे लोगों के परिजनों को भी न्याय मिल सकेगा। पिछले साल मोदी सरकार ने मोटर व्हीकल एक्ट में व्यापक सुधार व संषोधन किया था। जिसमें सड़क दुर्घटनाओं को लेकर कड़ी सजा के प्रावधान थे। लेकिन इस संषोधित एक्ट के बार में खासकर विपक्षी दलों ने ऐसे प्रचार किया कि देशभर में इसका विरोध शुरू हो गया। खासकर ट्रक ड्राइवरों व ट्रांसपोर्टरों के विरोध को देखते हुए सरकार ने इस कानून के अमल पर रोक लगा दी। लेकिन देखा जाए तो सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक के लिए कडा कानून होना चाहिए। सरकार को नये कानून के बारे में समाज में व्यापक विचार विमर्श करना चाहिए। और जिन बिंदुओं पर नाराजगी और असहमति है, उन पर पुनर्विचार करना चाहिए। वास्तव में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें अंदर तक हिला देती हैं।

# मशरूम की खेती बनी महिला किसानों की नयी पहचान



प्रियंका साहू

आज मशरूम भोजन व स्वाद की दुनिया में अलग ही पहचान बना रही है। लोगों की जुबान पर मशरूम की सब्जी, खीर, अचार, नमकीन आदि का स्वाद चढ़ता जा रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी इसकी खेती तेज़ी से बढ़ती जा रही है। नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि 2021-22 में बिहार में तकरीबन 28,000 मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ है, जो देश मे उत्पादित कुल मशरूम का 10.82 फीसदी है। पिछले साल बिहार में कुल 23 हजार मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ था। बिहार सरकार मशरूम की खेती करने वाले किसानों को 50 फीसदी तक का अनुदान दे रही है। इससे सूबे में मशरूम उत्पादन और किसानों की आय में बढ़ोतरी हो रही है। एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत बिहार सरकार मशरूम की खेती पर उत्पादकों को सब्सिडी देने से किसानों का मनोबल भी बढ़ा है और अब इस क्षेत्र में तेज़ी से महिला किसान आगे आ रही हैं। बिहार के कई ज़िले ऐसे हैं जहां पुरुषों की तुलना में महिला किसानों ने मशरूम उत्पादन कर अपनी अलग पहचान बना ली है।

पिछले दस साल से मनोरमा सिंह सिर्फ वैशाली ही नहीं, बल्कि राज्यभर में मशरूम उत्पादन के लिए जानी जा रही हैं। वे खुद मशरूम उगाती हैं और आसपास के किसानों को इसकी ट्रेनिंग भी देती हैं। वह स्वयं मशरूम के बीज तैयार करती हैं और जरूरी खाद भी बनाती हैं। वहीं मुजफ्फरपुर जिला हेड क्वार्टर से करीब 17 किमी दूर कांटी प्रखंड के कोठिया गांव के 45 वर्षीय किसान लाल बहादुर बताते हैं कि आज मशरूम की खेती में पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी एक अलग पहचान बना रही हैं। लोगों को इसका उत्पादन करना फायदेमंद लग रहा है क्योंकि इसकी खेती करना बहुत आसान होता है। इसे लोग अपने घर में ही बहुत सरलता से उगा सकते हैं। इसकी खेती में लागत कम और मुनाफा अधिक होता है। मशरूम की फसल सिर्फ 25 दिनों में ही तैयार हो जाती है। लाल बहादुर बताते हैं कि शुरुआत में उनमें भी मशरूम की खेती की जानकारी का अभाव था। फिर साल 2012 में उनकी मुलाकात पूसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. दया राम से हुई। उनके साथ रहकर उन्होंने मशरूम की खेती करने का प्रशिक्षण लिया। उसके बाद आसपास के गांवों में मशरूम की खेती को लेकर उन्होंने किसानों को जागरूक करने का प्रयास किया।

> किसान नीलम देवी बताती हैं कि उनकी बहुत कम उम्र में ही शादी करा दी गयी क्योंकि उसके घर की हालत अच्छी नहीं थी। लेकिन वह स्वयं अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती थी। एक दिन उन्होंने एक एनजीओ 'आत्मा' के द्वारा मशरूम की खेती के प्रशिक्षण के बारे में सुना। उससे जुड़कर उन्होंने मशरूम की खेती का प्रशिक्षण लिया और फिर अपने घर के एक कमरे में इसकी खेती शुरू कर दी। हालांकि उनके ससुराल वालों को उनका यह काम पसंद नहीं था और उन्होंने उन्हें इसकी खेती करने से मना भी किया, लेकिन नीलम फिर भी नहीं मानी और अपनी जिद पर अड़ी रहीं। वह बताती हैं कि शुरुआत में उन्हें काफी दिक्कतें आईं। ससुराल वाले भी उनके इस काम से बिल्कुल खुश नहीं थे। लेकिन वह पीछे नहीं हटी और अपने घर-परिवार के खिलाफ जाकर काम शुरू कर दिया।

वह बताते हैं कि शुरू में तो सही जानकारी न होने के कारण लोगों ने उनका साथ नहीं दिया। उन्हें लगता था कि ये एक जंगली पौधा है, जिसे आज भी हम गांव में 'गोबरछता'



के नाम से जानते हैं। इनकी कुछ किस्में बहुत जहरीली होती है। लोगों को बहुत समझाने के बाद जब वे जानने लगे कि मशरूम अलग होता है और गोबर छत्ता अलग होता है, तब जाकर ग्रामीणों ने उनके साथ मिलकर मशरूम की खेती करनी शुरू की। इसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उसी गांव की एक महिला किसान लक्ष्मी देवी बताती हैं कि लाल बहादुर जी ने हमें किसानी का एक नया रास्ता दिखाया है। जब तक हमें इसके बारे में जानकारी नहीं थी, तब तक हम मेहनत-मजदूरी करने गांव से बाहर शहर जाते थे। फिर भी हमारे घर की आर्थिक हालत उतनी अच्छी नहीं थी, लेकिन जब से हम मशरूम की खेती करने लगे हैं तब से घर की हालत भी सुधरने लगी है। अब हम महिला किसान अपने घर में रहकर ही खेती करती हैं। कोठिया गांव के कई किसानों ने भी बताया कि लाल बहादुर जी ने उन्हें एक नारा दिया है, 'हर घर में खेती हो मशरूम की, हर थाली में एक व्यंजन हो मशरूम की'। यह सिर्फ एक नारा ही नहीं है बल्कि किसानों विशेषकर महिला किसानों को इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है।

बंदरा प्रखंड की 34 वर्षीय किसान नीलम देवी बताती हैं कि उनकी बहुत कम उम्र में ही शादी करा दी गयी क्योंकि उसके घर की हालत अच्छी नहीं थी। लेकिन वह स्वयं अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती थी। एक दिन उन्होंने एक एनजीओ 'आत्मा' के द्वारा मशरूम की खेती के प्रशिक्षण के बारे में सुना। उससे जुड़कर उन्होंने मशरूम की खेती का प्रशिक्षण लिया और फिर अपने घर के एक कमरे में इसकी खेती शुरू कर दी। हालांकि उनके ससुराल वालों को उनका यह काम पसंद नहीं था और उन्होंने उन्हें इसकी खेती करने से मना भी किया, लेकिन नीलम फिर भी नहीं मानी और अपनी जिद पर अड़ी रहीं। वह बताती हैं कि शुरुआत में उन्हें काफी दिक्कतें आई। ससुराल वाले भी उनके इस काम से बिल्कुल खुश नहीं थे। लेकिन वह पीछे नहीं हटी और अपने घर-परिवार के खिलाफ जाकर काम शुरू कर दिया।

धीरे धीरे उन्हें इस काम में सफलता मिलने लगी और मशरूम उत्पादन से काफी लाभ होने लगा। आज वह इस काम में इतनी निपुण हो गयी हैं कि वह अपनी जैसी 200 महिलाओं को मशरूम की खेती करना सिखा रही हैं और उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में मदद कर रही हैं। इस सराहनीय कार्य के लिए नीलम को सफल किसान के रूप में पूसा कृषि विश्वविद्यालय में सम्मानित भी किया जा चुका है। आज मशरूम के प्रशिक्षक व उत्पादक के रूप में नीलम की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। कभी विरोध करने वाले उनके ससुराल वाले ही आज उनकी जिद और जुनून पर गर्व महसूस करते हैं। नीलम जैसी आज मुजफ्फरपुर में दर्जनों महिला किसान मशरूम की खेती कर एक नयी पहचान बना रही हैं और प्रतिवर्ष लाखों रुपए का लाभ कमा रही हैं।

सब्जी के रूप में मशरूम का डिमांड हाल के वर्षों में बिहार के विभिन्न जिलों में काफी तेज़ी से बढ़ा है। होटल, रेस्टोरेंट से लेकर मांगलिक कार्यक्रमों व भोज आदि में मशरूम की सब्जी स्टेटस सिंबल बनती जा रही है। राजधानी पटना को छोड़िए, अब तो हाजीपुर, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर जैसे शहरों में सड़क किनारे लगे सब्जी के बाजारों में मशरूम आसानी से मिल जाते हैं। जैसे जैसे मशरूम का बाजार बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। इसी बढ़ते डिमांड ने किसानों विशेषकर महिला किसानों के लिए खेती के नए दरवाज़े खोल दिए हैं। इससे न केवल उन्हें लाभ हो रहा है बल्कि बिहार को भी आर्थिक रूप से मज़बूत बनाने में महिला किसान अपना योगदान दे रही हैं। (चरखा फीचर)

# कौशल विशेषज्ञता से बेरोजगारी मिटाने में जुटा भारत



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर कौशलता विकास में भारत का डंका बज रहा है,जिसमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी अपना कौशल दिखा रही है। भारत में 15 से 19 मई 2024 तक चले इंडियास्किल्स प्रतियोगिता 2024 के दौरान उन व्यवसायों में महिलाओं की भागीदारी में बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिनपर पहले पुरुषों का वर्चस्व था। महिला प्रतिभागी अपने पुरुष समकक्षों के साथ सीधे मुकाबले में भाग लिया बहुत जोश और उत्साह का प्रदर्शन की। साथ ही, यह साबित कर दिया कि कौशल और प्रतिभा किसी भी रूप में लैंगिक वजहों से बाधित नहीं होती। इस वर्ष, इंडिया स्किल्स में 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 61 कौशलों से जुड़े 900 से अधिक उम्मीदवार और 400 से अधिक उद्योग विशेषज्ञ भाग लिया।लॉजिस्टिक्स और फ्रेट फॉरवर्डिंग, वेब टेक्नोलॉजीज, विजुअल मर्चेंडाइजिंग, फैशन तकनीक, ग्राफिक डिजाइन तकनीक, पेंटिंग और डेकोरेटिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन, औद्योगिक डिजाइन प्रौद्योगिकी व नवीकरणीय ऊर्जा जैसे व्यवसायों में 170 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया है। यह प्रतियोगिता समान अवसर प्रदान करने के लिए एक मंच भी प्रदान कर किया गया था। चूंकि पिछले वर्षों में, प्लंबिंग और हीटिंग कौशल में एक महिला उम्मीदवार ने भाग लिया था। परिदृश्य (लैंडस्केप) बागवानी कौशल में दो महिला टीमें थीं। विजुअल मर्चेंडाइजिंग में भी महिलाओं का वर्चस्व था। मोबाइल रोबोटिक्स में भी दो लड़कियों की टीम ने हिस्सा लिया, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेइस वर्ष, इंडियास्किल्स में 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 61 कौशलों से जुड़े 900 से अधिक उम्मीदवार और 400 से अधिक उद्योग विशेषज्ञ भाग लिया।भारत तेज़ी से बढ़ती कौशल विशेषज्ञता से बेरोजगारी का नामोनिशान मिटा देनें में जुटा।

साथियों बात अगर हम कौशलता विकास पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बात करें तो, वैश्विक स्तरपर आज दुनियां कोविड महामारी से लेकर वर्तमान हमास-इसराइल के बीच भयंकर युद्ध तक की चुनौतियों से घिरा हुआ है, जिसमें आर्थिक चुनौतियां, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक अविश्वास, बढ़ती गुटबाजी, विस्तारवाद, आतंकवाद से लेकर संवेदनशीलता तक की चुनौतियों से निपटने में अधिक वक्त निकलता जा रहा है जो समय के साथ-साथ अपनी जटिलताओं से जकड़ते जा रहा है, कहीं अपना वीटो पावर तो कहीं विस्तारवाद कहीं आतंकवाद तो कहीं ज्वेलेसी की विशालता घर करते जा रही है। ऐसी सब चुनौतियों से घिरी दुनिया में अगर हम भारत को देखें तो उसकी आवाज बुलंद होती जा रही है, जिसका अंदेशा इसी से लगाया जा सकता है कि लगभग सारे पश्चिमी देशों का सकारात्मक संज्ञान लेकर भारत की ओर रुझान, भारत की ओर होते जा रहा है, तो वहीं रुस उसके अनेक समर्थन वाले देश भी भारत को पसंद करते हैं जिसका मूल कारण यह है कि भारत स्पेस प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक परिवहन स्वास्थ्य शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

> हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकी या किसी अन्य सेवा तक सीमित नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है। रोजमर्रा के जीवन में विश्वकर्माओं के महत्व पर जोर देते हुए, पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख किया जो विश्वकर्माओं को अपने पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीक और उपकरणों के साथ जोड़ने में सक्षम बनाता है। स्किलिंग, अपस्किलिंग और री-स्किलिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने नौकरियों की तेजी से बदलती मांगों और प्रकृति पर ध्यान दिया तथा तदनुसार कौशल को उन्नत करने पर जोर दिया।

साथियों बात अगर हम पीएम द्वारा संयुक्त कौशलता विकास दीक्षांत समारोह को संबोधन करने की करें तो उन्होंने कहा भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकी या किसी अन्य सेवा तक सीमित नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है। रोजमर्रा के जीवन में विश्वकर्माओं के महत्व पर जोर देते हुए, पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख किया जो विश्वकर्माओं को अपने पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीक और उपकरणों के साथ जोड़ने में सक्षम बनाता है। स्किलिंग, अपस्किलिंग और री-स्किलिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने नौकरियों की तेजी से बदलती मांगों और प्रकृति पर ध्यान दिया तथा तदनुसार कौशल को उन्नत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसलिए उद्योग, अनुसंधान और कौशल विकास संस्थानों के लिए वर्तमान समय के अनुरूप सामंजस्य होना बहुत महत्वपूर्ण है। कौशल पर बेहतर ध्यान देने का जिक्र करते हुए, पिछले वर्षों में देश में लगभग 5 हजार नए आईटीआई स्थापित किए गए हैं, जिसमें 4 लाख से अधिक नई आईटीआई सीटें शामिल हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के साथ कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थानों को मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नत किया जा रहा है।भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, अन्य सेवा तक सीमित नहीं है। पीएम ने कहा क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है। रोजमर्रा के जीवन में विश्वकर्माओं के महत्व पर जोर देते हुए, पीएम ने इसके लिए भारत की युवा आबादी को श्रेय देते हुए कहा, आज पूरी दुनिया इस बात पर विश्वास कर रही है कि यह सदी भारत की सदी होगी। पीएम ने रेखांकित किया कि जब दुनिया के कई देशों में बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है, भारत हर गुजरते दिन के साथ युवा हो रहा है। भारत को इसका बहुत बड़ा फायदा है, उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनियां अपने कुशल युवाओं के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्किल मैपिंग को लेकर भारत के प्रस्ताव को हाल ही में जी20 शिखर सम्मेलन में स्वीकार कर लिया गया, जिससे आने वाले समय में युवाओं के लिए बेहतर अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। पीएम ने किसी भी अवसर को बर्बाद न करने का सुझाव दिया और आश्वासन दिया कि सरकार इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए तैयार है। उन्होंने पिछली सरकारों में कौशल विकास के प्रति उपेक्षा की ओर इशारा करते हुए कहा, हमारी सरकार ने कौशल के महत्व को समझा और इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया और एक अलग बजट आवंटित किया। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत अपने युवाओं के कौशल में पहले से कहीं अधिक निवेश कर रहा है और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का उदाहरण दिया जिसने युवाओं को जमीनी स्तर पर मजबूत किया है। पीएम ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक करीब 1.5 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि औद्योगिक समूहों के पास नए कौशल केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं जो उद्योग को कौशल विकास संस्थानों के साथ अपनी आवश्यकताओं को साझा करने में सक्षम बनाएंगे, जिससे बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए युवाओं के बीच आवश्यक कौशल समूह विकसित होंगे।

# 'तीन तलाक की कुप्रथा को लाना चाहती है कांग्रेस'

## मुख्यमंत्री योगी ने सलेमपुर लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित'

अवधनामा संवाददाता



**बलिया/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आ गई तो तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से शुरू करा देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र साफ साफ कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका मतलब है कि देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी। इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा और महिलाओं को बुर्के में घर में ही दुबकना पड़ेगा। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है, जिसके बाद महिलाओं को संसद में उचित भागीदारी प्राप्त होगी। योगी आदित्यनाथ शनिवार को मनियर इंटर कॉलेज ग्राउंड में सलेमपुर लोकसभा सीट के लिए एनडीए प्रत्याशी रविन्द्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम और महर्षि भृगु की पावन धरा को नमन करते हुए कहा कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार को लेकर उत्साह और उमंग है। चार जून के परिणाम 'अबकी बार 400 पार' के संकल्प को पुख्ता करेंगे। इस बार चार सौ पार के स्वर को सुनकर सपा और कांग्रेस को चक्कर आने लगता है। वो चारो खाने चित हो जाते हैं। पूरे देश में जनता एक ही स्वर से कह रही है कि जो राम को लाएंगे हम उनको लाएंगे।

उन्होंने कहा कि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। आपका वोट जब कमल के चिह्न पर जाता है तो केंद्र में मोदी जी को और राज्य में मुझे ताकत मिलती है। आज भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है। जब केंद्र में कांग्रेस और राज्य में सपा की सरकार थी तो रोज बम विस्फोट होते थे। देश का कोई कोना नहीं छूटा था जहां बम विस्फोट नहीं होता था। तब ये लोग सीमापार आतंकवाद का बहाना बनाते थे। वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में आतंकवाद से निपटने में कोताही बरती जाती थी। आज तो जोर से पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नया भारत विकास की गाथा लिख रहा है। देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है। वहीं पाकिस्तान की आबादी 23 करोड़ है, जो भूखों मर रही है। ऐसे में जो लोग पाकिस्तान की तरफदारी करते हैं उन्हें वहीं जाकर भीख मांगना चाहिए। योगी ने कहा कि 4 जून के बाद देश के 3 करोड़ गरीबों को एक एक मकान उपलब्ध कराने का काम भाजपा सरकार करेगी। बताया कि 500 साल की प्रतीक्षा को समाप्त करते हुए मोदी जी ने भव्य श्रीराम मंदिर में प्रभु रामलला को विराजमान कर दिया है। सपा और कांग्रेस तो रामभक्तों पर गोली चलाने वाले लोग हैं, आतंकवादियों के पैरोकार हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। कहते हैं कि बीजेपी संविधान बदल देगी जबकि इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने के बाद ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को बांट देंगे, पर्सनल लॉ लागू करेंगे। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है।

■ बोले योगी, इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो भारत में लागू करेगा शरिया कानून

# राम मंदिर में फोन के साथ नहीं मिला प्रवेश

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** राममंदिर में शनिवार को वीआईपी दर्शन करने वाले भी अपना मोबाइल फोन नहीं ले जा सके। जगह-जगह चेकिंग के बाद किसी को भी अंदर फोन ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। इस बात पर कई श्रद्धालु पुलिस कर्मियों से बहस करते नजर आए। इसके बावजूद नियमों के ऊपर किसी की भी एक न सुनी गई। यहां तक की वीवीआईपी भी दर्शन के दौरान फोटो नहीं खिंचा सके। अब तक मंदिर में वीआईपी दर्शन करने वालों को एक फोन ले जाने की छूट थी। शुक्रवार को राम मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन की ओर से मंदिर परिसर में किसी के भी फोन ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब मंदिर परिसर या दर्शन करते हुए सामान्य श्रद्धालुओं की तरह वीआईपी दर्शनार्थी भी फोटो नहीं खींच सकेंगे।

रंगमहल बैरियर के पास से हो रही वीआईपी दर्शन की एंट्री के दौरान एक युवक के पास फोन था। पुलिस ने जब चेकिंग के बाद उससे फोन रखने के लिए कहा तो वह एक फोन साथ ले जाने वाला पुराना नियम बताने लगा। इस पर पुलिसकर्मियों ने उसे समझाया कि नया नियम आज से ही लागू हुआ है। युवक अपनी बात पर अड़ा रहा और वीआईपी होने की धौंस देता रहा। वीआईपी दर्शन कर लौट रही युवती परिजनों से कह रही थी कि क्या फायदा रहा वीआईपी दर्शन करने का, जब एक फोटो तक नहीं ले सके। यहां तक आने के बाद कम से कम एक फोटो तो होनी चाहिए। सभी लोगों ने अपने सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड की है। लेकिन हम नहीं कर पाएंगे। पापा एक फोटो तो किसी से बोल कर करवा ही लो। मंदिर में रामलला के दर्शन करने के बाद निकले नव दंपती वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों से फोटो खींचने के लिए कहने लगे। इस पर सुरक्षा कर्मी ने साफ इन्कार करते हुए कहा कि मेरे पास भी फोन नहीं है।

■ वीआईपी बोले- अब सोशल मीडिया पर क्या डालें

# रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की हत्या : मोहिनी को मारने वाला कोई करीबी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार सुबह रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की हत्या से पूरे इलाके में सनसनी मच गई। चोरों ने देवेंद्र नाथ दुबे (71) की पत्नी मोहिनी दुबे (58) की हत्या कर दी। वारदात इंदिरानगर सेक्टर-20 स्थित मकान नंबर 20/31 की है।

शनिवार सुबह सात बजे करीब सेवानिवृत्त आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे अपने ड्राइवर रवि के साथ गोल्फ खेलने गए थे और सुबह 9.40 बजे लौटे तो देखा घर का दरवाजा खुला हुआ था। ऊपर पहली मंजिल पर पहुंचे तो किचन के पास पत्नी का शव पड़ा देखा। यह देख उनके होश उड़ गए और किसी तरह खुद को संभालकर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम और फोरेंसिक की टीम ने छानबीन की।

शुरुआती जांच में इस हत्याकांड में किसी करीबी के हाथ होने का शक है। पुलिस के मुताबिक जांच में स्पष्ट हुआ कि घर में किसी तरह की कोई जबरन प्रवेश नहीं हुआ है। मतलब वारदात को अंजाम देने वाला आसानी से मुख्य गेट से लेकर पहली मंजिल तक गया और फिर घटना को अंजाम दिया। ऐसे में अंदेशा है कि घटना में कोई करीबी शख्स है जिसको मोहिनी जानती थीं। यही वजह है कि वारदात को अंजाम देने वाले आसानी से भीतर आ गए। चूंकि जिस अलमारी से गहने पार किए गए, उसका लॉक चाबी से खोला गया। ये इशारा करता है कि घटना में कोई करीबी शामिल है। घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने काफी सबूत जमा किए हैं।

# 'विदाई बाद में पहले मतदान करूंगी'

## सात फेरों के बाद शादी के जोड़े में वोट देने पहुंची दुल्हन

अवधनामा संवाददाता



**भदोही।** लोकसभा चुनाव के छठवें चरण का मतदान हो चुका है। मतदान करने बूथों पर पहुंच रहे मतदाताओं में काफी उत्साह और उमंग रही। लोकतंत्र के महापर्व की कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी सामने आई, जो लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करती रही।

इसी में गोपीगंज के पूरेरजई बूथ पर देखने को मिली। जहां दुल्हन फेरे लेने के बाद कहा कि विदाई बाद में पहले मतदान करूंगी। बीएलओ के सहयोग से उसने अपना सांसद चुना। छठवें चरण में शनिवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक भदोही की तीन विधानसभाओं में मतदान हुआ। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांगों ने लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर अपना फर्ज निभाया। पूरे रजई के बूथ संख्या 51 पर लाल जोड़े में दुल्हन मालती ने पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वह ससुराल जाने से पहले लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हुई।

बता दें कि अभोली के दानूपुर से पूरेरजई गांव में बारात आई थी। शनिवार की सुबह सभी रस्म पूरा होने पर विदाई होने से पहले मालती ने परिवार वालों से मतदान की इच्छा जताई। ससुराल वालों ने भी उसकी सराहना कर मतदान करने के लिए भेजा। बीएलओ रतन जायसवाल संग ग्राम प्रधान बसंत लाल ने मालती के फैसले की सराहना किया।

### चिलचिलाती धूप भी नहीं तोड़ सकी मतदाताओं का मनोबल



**जौनपुर/ आजमगढ़/ भदोही।** पूर्वांचल के भदोही, आजमगढ़ और जौनपुर लोकसभा की कुल पांच सीटों पर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हो रहे हैं। सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हो गई थी। इन जिलों में कई बूथों पर महिला वोटरों की संख्या देखी गई। बताया कि वोट देने के बाद ही घर का काम किया जाएगा। दूसरी तरफ, प्रशासनिक स्तर से भी व्यवस्था दुरुस्त रखी गई है।

# ज्ञान से व्यक्तियों का कल्याण होता है इसलिए ज्ञान यज्ञ ही युगधर्म : उमानंद



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एण्ड साइंसेज, गोयल कैम्पस, अयोध्या रोड़ लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 411वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती कैलाश यादव ने अपने प्रिय जीवनसाथी स्व. डॉ. वी.एस. यादव जी की स्मृति में तथा उपस्थित चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है''। श्रीमती ऊषा सिंह एवं श्रीमती कैलाश यादव एवं श्री विनायक शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान के निदेशक डॉ. ओ.पी. वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।

# उदयपुर एवं माउंट आबू की शैक्षिक यात्रा पर रवाना हुआ सीएमएस छात्र दल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस का 30 सदस्यीय छात्र दल 6-दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर उदयपुर एवं माउंट आबू रवाना हुआ, जिसमें 27 छात्र व 3 शिक्षक शामिल हैं। छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षका सुश्री कविता आहूजा शर्मा कर रही हैं, जबकि शिक्षक श्री के.बी. सिंह एवं सुश्री शैली प्रकाश डेप्युटी टीम लीडर हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र प्रकृति की विशालता, व्यापकता व सौन्दर्य से तो परिचित होंगे ही, साथ ही माउंट आबू, उदयपुर व जयपुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों जैसे नक्की लेक, माउंट आबू वाइल्डलाइफ सैंचुरी, अरावली की पहाड़ियों, दिलवारा जैन मंदिर, लेक पिचोला, सिटी पैलेस, हवा महल, जंतर-मंतर आदि का भ्रमण करेंगे। यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र विभिन्न प्रख्यात मंदिरों, उद्यानों, झीलों आदि का भ्रमण करेंगे, साथ ही ट्रैकिंग व कैम्प भी करेंगे। सी.एम.एस. छात्रों की यह यात्रा उनके ज्ञान व व्यक्तित्व विकास में सहायक होगी, साथ ही विविधता में एकता का महत्व से भी रूबरू करायेगी।

श्री शर्मा ने बताया कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल अपने छात्रों को देश-विदेश की शैक्षिक यात्राओं में भाग लेने के अधिक से अधिक अवसर प्रदान कराता है। इस तरह की शैक्षिक यात्राओं का उद्देश्य भावी पीढ़ी का सामान्य ज्ञान बढ़ाना, स्वस्थ मनोरंजन तथा विश्वव्यापी दृष्टिकोण विकसित करना है। श्री शर्मा ने कहा कि आज दुनिया एक ग्लोबल विलेज का स्वरूप धारण कर चुकी है तथापि छात्रों को विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यता व विभिन्न विचारों से रूबरू कराकर उनके दृष्टिकोण को विश्वव्यापी बनाना आज की महती आवश्यकता है।

# मुंह में फंसे ब्रेक हैंडल की टीएमयू में सफल सर्जरी

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर का ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी डिपार्टमेंट बेजोड़ है। ई-रिक्शा के ब्रेक हैंडल को मुंह में फंसा देख आप हैरत में रह जाएंगे, लेकिन यह सच है। बिलारी का यह ई-रिक्शा चालक 35 साल का उमरूद्दीन मुंह में फंसा ब्रेक हैंडल लेकर इलाज के तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल पहुंचा। चूंकि यह केस ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी डिपार्टमेंट से जुड़ा था, सो मैक्सिलोफेशियल सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स को एक्स-रे से पता चला कि जबड़े में कोई समस्या नहीं थी। डॉक्टर्स ने घरवालों की सहमति और जिम्मेदारी पर सर्जरी करने का फैसला लिया। करीब घंटे भर के ऑपरेशन के बाद मरीज के गाल से ब्रेक हैंडल को निकाल दिया गया। टांके लगाने के कुछ घंटों के बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया।

■ बिलारी के 35 वर्षीय ई-रिक्शा चालक मो. उमरूद्दीन के गाल में फंस गया था ई-रिक्शा का ब्रेक हैंडल

बिलारी का मो. उमरूद्दीन सुबह करीब साढ़े छह बजे अपने ई-रिक्शा से सब्जियां लेकर चंदौसी मंडी जा रहा था। रास्ते में अचानक से रि-रिक्शा का बैलेंस बिगड़ गया, जिससे रिक्शा पलट गया। रिक्शे के पलटने से उमरूद्दीन उसकी चपेट में आ गया और रिक्शे का ब्रेक हैंडल टूटकर उनके गाल में घुस गया। ब्रेक हैंडल के फंसने से खून बहने लगा और भयंकर दर्द कराह उठा। आनन-फानन में उसके परिजन आसपास के हॉस्पिटल्स में ले गए। मरीज की हालत को देखकर सभी ने ट्रीटमेंट करने से मना कर दिया। अंत में परिजन उमरूद्दीन को तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल ले आए। टीएमयू के डॉक्टर्स ने एक्स-रे कराने की सलाह दी ताकि पता लग सके कि ब्रेक से किसी नस को तो हानि नहीं हुई है।

# उत्पीड़न की कार्रवाई व उपेक्षा बंद हो : माले

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भाकपा (माले) गरीब मरीजों को बीएचयू के अस्पताल में बेड दिलाने, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जनता के स्वास्थ्य के अधिकार की रक्षा के लिए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ ओम शंकर द्वारा संस्थान में चलाए जा रहे आमरण अनशन के समर्थन में जन गोलबंदी करेगी। पार्टी ने 26-27 मई को दोदिवसीय पूर्वांचल स्तरीय आंदोलन करने का ऐलान किया है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शनिवार को जारी बयान में डॉ ओम शंकर को बीएचयू अस्पताल के हृदय रोग विभाग के अध्यक्ष पद से बर्खास्त करने की कड़ी निंदा की। माले नेता ने इसे प्रधानमंत्री के चुनाव क्षेत्र में उत्पीड़न की जनविरोधी कार्रवाई बताते हुए कहा कि कार्डियोलॉजी के जानेमाने डॉक्टर ओम शंकर गत 15 दिनों से अस्पताल के चेम्बर में अनशन पर रहते हुए भी सामान्य दिनों की तरह लगातार मरीज देखते रहे हैं और अब भी इलाज कर रहे हैं। उनके अनशन से मरीजों के इलाज व ऑपरेशन में कोई बाधा नहीं पहुंची है। वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनस्वास्थ्य के हित में प्रशासन की तानाशाही व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उनके प्रति जनसमर्थन भी लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में पूर्वांचल के इस महत्वपूर्ण अस्पताल में उन्हें विभाग के अध्यक्ष पद से बर्खास्त करना भाजपा सरकार की बौखलाहट को ही दिखाता है। उन्होंने बर्खास्तगी के आदेश को रद्द करने की मांग की।

■ 26-27 मई को पूर्वांचल स्तरीय आंदोलन

राज्य सचिव ने कहा कि भाकपा (माले) और जनसंगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को डॉ ओम शंकर से बीएचयू अस्पताल में जाकर मुलाकात की और उन्हें पार्टी का समर्थन पत्र दिया। नेताओं ने अनशनरत डॉक्टर द्वारा उठाये जा रहे मुद्दों को व्यापक जनता के बीच ले जाने का संकल्प भी व्यक्त किया। राज्य सचिव ने कहा कि पूर्वांचल की अधिकांश सीटों पर लोकसभा चुनाव का मतदान अंतिम दौर में एक जून को होना है। उसके पहले भाकपा (माले) डॉक्टर ओम शंकर के आमरण अनशन एवं उनकी मांगों के प्रति पीएमओ व सरकार की उपेक्षा और गरीब-विरोधी रुख को भाजपा व एनडीए के खिलाफ मुद्दा बनाएगा।

# कानपुर में दुकान में फटे तीन सिलेंडर, मच गई अफरा-तफरी



अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** दामोदर नगर में शनिवार दोपहर एक दुकान में गैस रिपेयरिंग के दौरान सिलेंडर फट गया, जिससे दुकान में आग लग गई। आग चपेट में आए दो और सिलेंडर भी फटे तो धमाकों से दामोदर नगर गूंज उठा।स्थानीय लोगों ने सबमर्सिबल से आग बुझाना शुरू किया, तभी दमकल की दो गाड़ियां पहुंच गई और आग पर काबू पाया।

दामोदर नगर निवासी आनंद चतुर्वेदी ने बताया कि उनके मकान के बाएं तरफ तीन और दाएं तरफ तीन दुकाने हैं, जिसमें बाईं तरफ की आखिरी वाली दुकान बाबा नगर निवासी सुरेंद्र साहू ने गैस चूल्हा मरम्मत के लिए किराये पर ली थी। शनिवार दोपहर उसकी दुकान में तीन सिलेंडर एक के बाद एक फटे तो दमोदर नगर के लोग दहल गए। स्थानीय लोग और दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। वहीं,स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से खुली दुकान पर मकान मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि दामोदर नगर में गैस चूल्हे की दुकान में सिलेंडर फटने से आग लग गई थी।

# वाराणसी में प्रियंका-डिंपल ने निकाला रोड शो

अवधनामा संवाददाता



**वाराणसी।** वाराणसी में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और सपा नेता डिंपल यादव अपनी चुनावी रैली निकाल रही हैं। उनके साथ कांग्रेस नेता अजय राय भी मौजूद है। रैली की शुरुआत दुर्गाकुंड स्थित मां दुगा के आशीर्वाद के साथ की गई।

रोड शो में कांग्रेस और सपा नेताओं को जमावड़ा दिखा। वे पार्टी समर्थित नारे लगाते रहे। वाहन पर बैठे प्रियंका, डिंपल और अजय राय के ऊपर गुलाब की पंखुड़ियां उड़ाई जा रही थीं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और सपा सांसद डिंपल यादव ने पहले दुर्गाकुंड स्थित मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा का आशीर्वाद लिया, फिर रोड शो की शुरूआत की। रोड शो के रूट पर मानस मंदिर, त्रिदेव मंदिर और संकटमोचन मंदिर समेत 21 से अधिक छोटे बड़े मंदिर हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता रोड शो का जगह-जगह स्वागत कर रहे हैं। इस दौरान रोड शो का स्वागत पुष्पवर्षा के साथ किया जा रहा है।



रोड शो के दौरान कांग्रेस नेता और डिंपल ने जगह-जगह रूक कर जनता को संबोधित भी किया। इसके साथ ही इंडी गठबंधन प्रत्याशी अजय राय के लिए जनसमर्थन भी मांगा। कांग्रेस नेता अजय राय पब्लिक का अभिवादन करते रहे। कड़ी सुरक्षा के बीच रोड शो धीरे-धीरे लंका स्थित मालवीय जी की प्रतिमा के पास बढ़ रहा है। यहां भी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी है। प्रियंका गांधी और डिंपल यादव के रोड शो में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए हैं। रास्ते में गुलाब की पंखुडियों से रोड शो का स्वागत किया गया। वहीं इस रोड शो से धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज की कर्मस्थली सहित 10 से अधिक मठ, दुर्गाकुंड से लेकर सीरगोवर्धन तक 14 हजार से अधिक व्यापारी, 40 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं और डेढ़ लाख से अधिक मतदाता रूबरू हुए।

# गर्रा नदी में डूबे एक ही परिवार के तीन मासूम, तीनों की मौत



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में गर्मी की वजह से गर्रा नदी में नहाने गए तीन मासूम बच्चों की डूबकर मौत हो गई। मृतकों में दो सगे और एक चचेरा भाई था। बच्चों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव परसनिया के रहने वाले राकेश के बेटे शिवम (10) और हरेंद्र (आठ) अपने चचेरे भाई शेषपाल (12) के साथ शनिवार सुबह करीब 11 बजे गर्रा नदी में नहाने के लिए गए थे। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में पड़ने वाली गर्रा नदी में नहाते समय तीनों बच्चे डूब गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। तैराकों की मदद से करीब तीन घंटे बाद बमुश्किल बच्चों को बाहर निकाला जा सका। तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी। एक ही परिवार के तीन मासूमों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अर्चना मेमोरियल में पाँच दिवसीय समर कैम्प हुआ संपन्न

## समर कैम्प में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने मोबाइल इलेक्ट्रानिक गेजेट को छोड़कर समर कैम्प में प्रतिदिन योगाभ्यास किया

वहाज अली निहाल

■ इस तरह की गतिविधि शारीरिक एवं मानसिक विकास करती है: प्रधानाचार्या



**इटावा।** अर्चना मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मंदिर इण्टर कॉलेज में 21 मई से 25 मई तक पांच दिवसीय समर कैम्प आयोजित किया गया जो बेहद ही शानदार रहा। शुरुआत से समर कैम्प में प्रतिभाग करने वाले बच्चे बेहद ही उत्साहित और ऊर्जा से भरपूर नज़र आये। समर कैम्प में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने मोबाइल इलेक्ट्रानिक गेजेट को छोड़कर समर कैम्प में प्रतिदिन योगाभ्यास किया। क्राफट इन्डोर आउटडोर गेम जैसे खो-खो क्रिकेट, बास्टेकबाल, कैरम, डांस, आर्ट एवं क्राफट म्यूजिक कराटे के साथ-साथ योगा, संस्कारशाला, आत्मरक्षा हेतु जूडो, कराटे का प्रशिक्षण लिया तथा व्यक्तिगत विकास जैसी अलग-अलग र्स्पधाओं में बच्चों ने खूब आनन्दित होकर प्रतिभाग किया। नन्हें-मुन्हें बच्चों के लिए विद्यालय में एक छोटा स्वीमिंग पूल लगवाया गया। जिसमें बच्चों ने भरपूर आनन्द उठाया। पांचवें दिन पर्यावरण की महत्ता एवं प्राकृतिक अवलोकन के लिए बच्चों को इटावा के डा.राममनोहर लोहिया उघान पार्क(कम्पनी गार्डन)ले जाया गया। जहां पहुंचकर बच्चे झूम उठे। पांचवें दिन विद्यालय में कुम्हार के द्वारा देसी तकनीक से मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाया गया। जोकि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसमें बच्चों ने अपने नन्हें मुन्नें हाथों से दिए, गिलास आदि बनाये और मोबाइल, कम्प्यूटर व इण्टरनेट की दुनिया से निकलकर मिट्टी के करीब आकर उसकी खुशबू को करीब से जाना। इसके अलावा विद्यालय के शिक्षक विपिन पटेल द्वारा रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोग बताये गये। कैम्प में अन्तिम दिन विद्यालय में मास्टर शेफ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा गर्मियों में खान-पान का विशेष ध्यान रखने और छुट्टियों में फास्ट फूड व जंक फूड छोड़कर मौसम के अनुसार मिलने वाले फलों के सेवन के लाभ एवं प्राकृतिक सौंदर्य को जानने एवं प्रकृति के करीब जाने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती असरा अहमद ने कहा कि इस तरह की गतिविधि शारीरिक एवं माानसिक विकास करती है। बच्चों को इस तरह के आयोजन में प्रतिभाग जरूर करना चाहिए जिससे उनका सर्वांगिण विकास हो सके साथ ही साथ उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय में होता रहेगा और साथ ही अभिभावकों से इस तरह के कैम्प में प्रतिभाग कराने का अनुरोध किया। इस तरह गतिविधियों से बच्चों का स्वास्थ और आत्मविश्वास बढ़ता है। इसी जोश के साथ बच्चौं को दिया ग्रीष्मकालीन गृहकार्य को पूरा करने के लिए एवं एक जुलाई से विद्यालय में नियमित आने का आग्रह किया।

एस.एम.जी.आइ के चेयरमेन डा.विवेक यादव ने इस तरह गतिविधियों से बच्चों का मानसिक बोझ कम होता है एवं पढाई के साथ-साथ विभिन्न क्रिया कलापों में प्रतिभाग करके बच्चे मानसिक रूप से सुदृढ़ होते है। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को नियमित रूप से खेलकुद की विशिष्ट गतिविधि में भी प्रतिभाग अवश्य करना चाहिए। समरकैम्प को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार, फैजान खान, विवेक गुप्ता, रश्मि श्रीवास्तव, नेहा, जुकती, बिंदिया चतुर्वेदी, दीपिका, संजीव, ईश्वर दयाल, अनामिका, उत्कर्ष, विजयश्री, सायरा, संरजना, रेणुका, प्रीती गोयल प्रीति बाथम, वंश, प्रवीण आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# जिलाधिकारी की निगरानी में संपन्न हुआ रैण्डमाइजेशन



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की निगरानी में मतगणना कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन संपन्न हुआ। इस रैण्डमाइजेशन के माध्यम से मतगणना कार्मिकों को कोड का आवंटन हुआ तथा मतगणना कार्मिक के रूप में उनकी ड्यूटी लगी। इन कार्मिकों द्वारा पोस्टल बैलट व ईवीएम के वोटों की मतगणना की जाएगी। रैण्डमाइजेशन की सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा द्वारा संपन्न करायी गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि द्वितीय रैण्डमाइजेशन के दौरान मतगणना कार्मिकों को विधानसभा आवंटित होगी। उन्होंने कहा कि सम्बंधित विभागाध्यक्ष कार्मिकों के ड्यूटी आदेश सम्बंधित कर्मचारियों को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें तथा प्रशिक्षण में उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अब पर्यटक इटावा सफारी के सबसे वृद्ध बब्बर शेर गीगो, जैसिका व हीर का करेगें दीदार



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश संजय श्रीवास्तव द्वारा शनिवार को लॉयन सफारी क्षेत्र के द्वितीय भाग का शुभारम्भ किया गया तथा झण्डी दिखाकर पर्यटक बस को सफारी क्षेत्र के लिए रवाना किया गया।

उक्त जानकारी डा.विनय कुमार सिंह उप निदेशक इटावा सफारी पार्क ने दी। उन्होंने बताया कि लॉयन सफारी के द्वितीय भाग में अब पर्यटक इटावा सफारी के सबसे वृद्ध बब्बर शेर गीगो, जैसिका एवं हीर को देख सकेंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश ने''सफारी की कहानी, कीपर्स की जुबानी''कार्यक्रम के अन्तर्गत''विष्वा की कहानी, मंजुल की जुबानी''नामक कहानी का भी विमोचन किया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0संजय श्रीवास्तव द्वारा इटावा सफारी पार्क का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा इटावा सफारी पार्क की समस्त व्यवस्थाओं को देखा गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव द्वारा इटावा सफारी पार्क के लेपर्ड सफारी, एंटीलोप सफारी, डियर सफारी, भालू सफारी, ब्रीडिंग सेंटर, चिकित्सालय व लॉयन सफारी का भी निरीक्षण किया गया तथा वन्यजीवों के स्वास्थ्य आदि पर चर्चा की गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान सफारी पार्क के निदेशक डा. अनिल कुमार पटेल, उप निदेशक डा. विनय कुमार सिंह, बायोलॉजिस्ट बी.एन. सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव व अन्य सफारी स्टाफ उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेटों को दी बैंकिंग सुरक्षा और साइबर अपराध की जानकारी

**मथुरा।** आर्मी एरिया के कैप्टन मनोज पाण्डेय पी वी सी कॉम्प्लेक्स मथुरा में कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय के निर्देशन में 11 यू पी वाहिनी एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज दिनांक 25 मई को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में केनरा बैंक से अमित चतुर्वेदी ने एनसीसी कैडेटों को बैंकिंग सुरक्षा संबंधित और साइबर धोखाधड़ी के संबंध में जानकारी दी। इन्होंने बताया कि लोग किसी गलत लिंक पर क्लिक करने या किसी गलत ऐप को डाउनलोड करने की वजह से उनके अकाउंट से पैसे दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर हो जाते हैं। अगर ऐसा धोखा किसी के साथ हो जाए तो वह तुरंत 1930 पर फोन करके इसकी सूचना दें। डिप्टी कैंप कमांडेंट एस एस नेगी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापन किया।

# मासूम के अपहरण मामले की जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के कैंट वाली काली मंदिर के पास से शुक्रवार तड़के माता-पिता के साथ सड़क किनारे सो रहे चार माह के मासूम का अपहरण हो गया। पुलिस ने काफी छानबीन की, लेकिन देर शाम तक बच्चे का सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

सूरज निवासी बनाह, राया अपनी पत्नी प्रीति और तीन बच्चों के साथ बस अड्डे के पास किराए का मकान लेकर रहते थे। आर्थिक तंगी के कारण मकान का किराया न चुकाने पर 22 मई को मकान स्वामी ने उन्हें घर से निकाल दिया। इसके बाद सूरज ने जमुनापार क्षेत्र में किराए पर एक मकान लिया। सामान वहां शिफ्ट कर दिया। बुधवार रात वह अपनी पत्नी और तीनों बच्चों को लेकर कैंट काली मंदिर के पास सड़क किनारे सो गया। बृहस्पतिवार को उसे जमुनापार वाले मकान में शिफ्ट होना था, लेकिन पत्नी ने बृहस्पतिवार को मकान में शिफ्ट होने से रोक दिया।

इसके चलते वे रात को फिर से उसी स्थान पर सो गए। प्रीति के अनुसार शुक्रवार तड़के 3.30 बजे करीब चार माह के मासूम बेटे कृष्णा को दूध पिलाया था। इसके बाद उसकी आंख लग गई। करीब साढ़े चार बजे आंख खुली तो बेटा गायब था। उन्हें शक हुआ कि कोई जानवर उठाकर ले गया है। ऐसे में आसपास के इलाके में तलाश की, मगर सुराग नहीं लगा।

# मेरठ कमिश्नर ने किया जाति प्रमाण पत्र निरस्त

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गर्मी के मौसम में बाटी के प्रधान संजय बघेल की मुश्किलें वाली हैं। वह बघेल जाति का होकर गाजियाबाद से धनगर जाति का प्रमाणपत्र बनवाकर एससी के लिए आरक्षित प्रधानपद का चुनाव जीत लिया था। डीएम गाजियाबाद के द्वारा उक्त प्रमाणपत्र को निरस्त किए जाने के बाद अब मेरठ के कमिश्नर ने भी धनगर जाति का प्रमाणपत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की है। इस रिपोर्ट पर जिलाधिकारी मथुरा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मथुरा ब्लाक के गांव बाटी के प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उसके बाद उनकी प्रधानी जा सकती है।इस प्रकरण की शिकायत गांव के निवासी पूर्व प्रधान प्रेम चंद ने जिलाधिकारी से की। इस शिकायत के आधार पर डीएम मथुरा ने गाजियाबाद जिलाधिकारी से जांच रिपोर्ट मांगी। जिस पर डीएम गाजियाबाद की स्कूटनी कमेटी ने उक्त प्रमाणपत्र को तीन बार निस्तर कर दिया। जिसके विरोध में गांव प्रधान संजय बघेल हाईकोर्ट की शरण में चले गए। हाईकोर्ट ने उक्त प्रकरण की सुनवाई करने के बाद कमिश्नर मेरठ ने जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। कमिश्नर मेरठ ने भी अब संजय बघेल का धनगर जाति का प्रमाणत्र को निरस्त कर दिया गया। जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी मथुरा के कार्यालय को मिल गई। जिलाधिकारी ने उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने के बाद अब बाटी गांव प्रधान संजय बघेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# गौ रक्षक टीम और पुलिस प्रशासन को मिली बढ़ी सफलता

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद में लगातार आए दिन गौ रक्षक दल गौ तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर रहे है। आए दिन प्रशासन के सहयोग से मथुरा जनपद मैं गौ वश को जिहादियों के चंगुल से छुड़ाया जा रहा है, दिनांक 23 मई की रात्रि मैं बंद कंटेनर मै वे रहमी से भर कर 30 गौ वंश को मथुरा के रास्ते मेवात मै ले जाया जा रहा था। गौ रक्षक दल के शैलेंद्र भाई और विकास पंडित को सूचना मिली कि एक बंद कंटेनर मै कुछ गौ वंश कटने के लिए मथुरा के रास्ते मेवाता लाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना मिलते ही गौ रक्षक दल ने प्रशासन को सूचित कर मोर्चा संभाला पुनीत चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ हाइवे पर जम गए और कंटेनर को रोकने के लिए जाम दिया।

■ 30 गौ वंश को मुक्त कराया, जिनमें 11 जीवित व 19 मृत

गौ तस्करों को अंदेशा हो गया कि उनके पीछे गौ रक्षक दल और पुलिस टीम लगी हुई है।

खूंखार, पेशेवर गौ तस्करों ने देख कंटेनर को दौड़ा दिया, जावाज गौ रक्षक दल की टीम ने अपनी जान की परवाह न करते हुए कंटेनर का पीछा किया कई बार गौ तस्करों ने गौ रक्षक दल पर अपने वाहन से टक्कर मारकर भागने की कोशिश की पर गौ रक्षक दल ने भी ठान लिया आज इनके इरादे कामयाब नही होने देंगे। जाबाज गौ रक्षक दल टीम द्वारा तस्करों के कंटेनर के टायर तक कांटों से पंचर कर दिए पर गौ तस्करों ने पंचर कंटेनर को भगाने से नही रोका।

गौ तस्कर लगातार गौ रक्षक दल पर कंटेनर से हमला करते रहे बुरी तरह गौ तस्करों के कंटेनर का टायर फटने के बाद भी गाड़ी को रोका नहीं गया गौ तस्कर फटे टायर से तकरीबन 20 किलो मीटर तक कंटेनर को भगाते रहे जव गौ तस्करों को लगा अब बचना मुश्किल है तो कंटेनर को छोड़ भाग खड़े हुए। गौ रक्षक दल और पुलिस टीम द्वारा कंटेनर को अपने कब्जे मै लिया।

बंद कंटेनर को खोलते ही पुलिस और गौ रक्षक दल के होश उड़ गए, अंदर बंद कंटेनर मै गौ वंश को बुरी बेरहमी से बाध कर लाया जा रहा था जिसके कारण 19 गौ वंशो ने कंटेनर मै ही दम तोड दिया। गिनती करने पर ज्ञात हुआ कि गौ वंश की संख्या 30थी । जिसमे से 19 ने दम तोड दिया वाकी के 11 गौ वंशो को सुरभि गौ शाला लाया गया। गौ रक्षक टीम के इस साहसिक ऑपरेशन मै विशेषकर मथुरा के परम गौ सेवक पुनीत चतुर्वेदी का सराहनीय योगदान रहा। पुनीत चतुर्वेदी पहले भी कई बार अपनी जान जोखिम मै डाल कर सैकड़ो गौ वंशो की रक्षा कर चुके है।

बीते दिनों में पुनीत चतुर्वेदी पर गौ तस्करों द्वारा प्राणघातक हमला भी किया गया, पर गौ माता की रक्षा को प्रतिबद्ध पुनीत चतुर्वेदी के कदम को गौ तस्कर रोक ना सके पुनीत चतुर्वेदी द्वारा अपने साथी गौ रक्षको को एक ही संदेश है जब तक तन है तव तक गौ माता की रक्षा करते रहेंगे पुनीत चतुर्वेदी ने अपने साथ ऑपरेशन मै गौ माता की रक्षा करने वाले टीम मोनू मानेसर , टीम शैलेन्द्र हिन्दू पलवल , टीम विकास पंडित वृंदावन , नीरज यमराज पंडित, टीम पुनीत चतुर्वेदी में दीपक गुर्जर, आशीष सैनी, मोनू बंसल, गौरव ठाकुर, सोनू ठाकुर, भारत वाल्मीकि, आशीष बंसल दाऊ, आदि ने अपनी जान जोखिम में डाल कर इस गौ वंश को कटने से बचाने के ऑपरेशन मै विशेष योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

# 3 प्रिंसिपल सहित 33 अन्य के चुनाव में गैर हाजिर होने पर एफआईआर

अवधनामा संवाददाता

■ सभी कार्मिक माध्यमिक शिक्षा विभाग से है संबंधित
■ सीडीओ ने जारी की गैर हाजिर रहने वालो की सूची
■ डीआईओएस ने जारी किया सभी का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस
■ अधिकतर ने डाक्टरों से सेटिंग कर फर्जी मेडिकल लगाया था चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए

**मथुरा।** लोकसभा चुनाव में चुनाव ड्यूटी न कर गैर हाजिर होने का मामला गर्माता जा रहा है कुछ दिन पूर्व चुनाव ड्यूटी न करने पर बेसिक शिक्षा विभाग की सीडीओ ने लिस्ट जारी करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजी थी जिस पर बीबी एस ए ने सभी अनुपस्थित रहने वालों का एक दिन का वेतन रोकते हुए सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अब माध्यमिक शिक्षा विभाग से चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वालो की सूची सीडीओ ने जारी करते हुए डीआईओएस को भेजी है उक्त सूची में तीन प्रिंसिपल ,6 लेक्चरर,17 सहायक अध्यापक, 3बाबू,7 फोर्थ क्लास कर्मचारी है।

इन सभी का एक दिन अनुपस्थित मानते हुए व निर्वाचन आयोग के कार्य में असहयोग करने पर एफ आई आर दर्ज कराने की चेतावनी दी है

लोकसभा सामान्य निर्वाचन अधिकारी कार्मिक एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा ने जिला विधालय निरीक्षक मथुरा को 2 मई को जारी किए पत्र में अनुपस्थित रहने वालो का एक दिन का वेतन रोकाने के आदेश जारी किए हैं जिला विधालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने उक्त सूची एवं प्रभारी अधिकारी लोकसभा सामान्य निर्वाचन कामिक के पत्र के आधार सूची में शामिल सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है सभी से स्पष्टीकरण मंगा है तब तक उक्त सूची में शामिल सभी का वेतन रोक दिया गया है सूची में 3प्रिंसिपल अनीता गौतम जानकी बाई बालिका इंटर कॉलेज, मीना अग्रवाल नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज, विजयलता राधेलाल कन्या इंटर कॉलेज के अलावा 6 लेक्चरर 17 सहायक अध्यापक 3बाबू,7 फोर्थ क्लास कर्मचारी शामिल है इन सभी का एक दिन का वेतन अनुपस्थित मानते हुए रोक दिया है स्पष्टीकरण में वजीव कारण न होने पर एफ आई आर भी दर्ज कराई जा सकती है।

मुकदमा से बचने के लिए अधिकतर लोगों ने सरकारी व प्राइवेट डाक्टरों से फर्जी मेडिकल बनाने की जुगाड़ में लग गए हैं वही एक ऐसा कारण है जिस कारण यह बच सकते है। यदि सीडीओ ने इनके कॉलेज के उपस्थित रजिस्टर मंगा कर चेक कर लिए तो मेडिकल लगाने वाले फस भी सकते है क्योंकि वह चुनाव ड्यूटी से पहले और बाद में लगातार कॉलेज आए हैं। वही दूसरी और सूत्र बताते हैं कि जिला विधालय निरीक्षक मथुरा ऑफिस ने अधिकतर चुनाव ड्यूटी से गैर हाजिर लोगो का वेतन बिल बना दिया है अब देखने वाली बात यह होगी की जिन लोगो ने ईमानदारी से अपनी चुनाव ड्यूटी दी और जिन्होंने झूठे कारण दर्शाकर चुनाव ड्यूटी नहीं दी है चुनाव ड्यूटी न देने वाले लोगो के खिलाफ अधिकारी क्या ठोस निर्णय लेते है । मथुरा में अभी तक चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज नहीं हुई है यदि होती है तो प्रथम बार ऐसा होगा।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जलागम विकास घटक - प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन गांवों को उक्त योजना में शामिल किया गया है, वहां गठित वॉटर शेड कमेटी वर्षा जल संचयन की दिशा में बेहतर करे। प्रकृति संसाधनों पर डीपीआर का 47 प्रतिशत, आजीविका संवर्धन 15 प्रतिशत धनराशि व्यय होगी। किसानों को पशुपालन के लिए 30 हजार रुपए का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। जिला भूमि संरक्षण अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 28 तालाब खुदवा दिए गए है।

# केएम हॉस्पिटल का हीटवेव वार्ड हो रहा है वरदान साबित

अवधनामा संवाददाता

■ डाक्टर्स दे रहे है हीटवेव से बचने के मरीजों को सुझाव
■ सबसे कम खर्चे पर केएम हॉस्पिटल में एसी पंखे की सुविधा होने से मरीजों को मिल रही है सहूलित



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने अपने केएम हॉस्पिटल एंड मेडीकल कालेज में हीटवेव के चलते हीटवेव वार्ड शुरू किया हुआ है जिसमें 24 घंटे चिकित्सक और वातानुकूलित लगा रखे है, जिससे मरीजों को गर्मी के बचाव के साथ-साथ बेहतर इलाज मुहैय्या हो रहा है। इसके अलावा केएम हॉस्पिटल के मेडीसन विभाग के डाक्टर्स ओपीडी मरीजों को भी हीटवेव से बचने के सुझाव दे रहे हैं।

पूरे उत्तर भारत में चिलचिलाती धूप और लू (हीटवेव) ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। धरती गर्म तवे जैसी तप रही है। हीट वेव को देखते हुए सरकार ने रेड अलर्ट घोषित किया है जिसमें मथुरा भी शामिल है। यहां 47 डिग्री तापमान पार हो चुका है। इस सबको लेकर केएम विवि के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने हॉस्पिटल में हीटवेव वार्ड शुरू कर दिया है, जो मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इन दिनों केएम में डिहाइड्रेशन और डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी है जिसमें छोटे बच्चों की संख्या ज्यादा है। हीटवेव वार्ड में दो वातानुकूलित (ए.सी.) लगाए गए, जिनके चलते भर्ती मरीजों को गर्मी से निजात है, सबसे कम खर्चे पर केएम हॉस्पिटल वार्ड में एसी सुविधा दे रहा है। हीटवेव वार्ड में भर्ती मरीजों में शमरील, गुड़िया, शमीन बानो, गोपाल, प्रकाशी, चन्दन, गोपाल, जगदीश ने बताया गर्मी का अहसास यहां कम है, बाहर काफी गर्मी है।

केएम हॉस्पिटल के एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरके गुप्ता ने बताया कि मेडीसन विभाग के डा. अतुल ठाकुर, डा. गौरव चौधरी, डा. जेपी उपाध्याय बच्चों, बुजुर्गो और गर्भवती महिलाओं को अपनी सेहत का ख़ास ध्यान देने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने बताया ओपीडी में आने वाले मरीजों को सलाह दी जा रही है कि अपने शरीर में पानी की कमी न होने दें। फायबर से भरपूर फल खायें, दही, छाछ और नारियल पानी का खूब सेवन करें। इस भीषण गर्मी में खाने वाली हर चीज़ को अच्छी तरह से धोएं और फिर खाएं। साथ ही स्ट्रीट और जंक फूड खाने से बचें।

खाने से पहले और बाद में अपने हाथों को अच्छी तरह से साबुन से धोएं। गर्मी बढ़ने से पसीना ज़्यादा आता है जिससे आपको हिडाईड्रेशन की समस्या हो सकती है इसलिए अपने शरीर में पानी की कमी न होने दें। घर में हों या बाहर कोशिश करें कि आप कॉटन के ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें जिससे आपके शरीर को हवा मिलती रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएम, एसएसपी ने केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के साथ संयुक्त केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम जेल परिसर में साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बैरको में कैदियों का हाल-चाल जाना एवं मैस में जाकर खाने आदि की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने कैदियों के समय से उपचार हेतु चिकित्सक को निर्देशित किया। उन्होंने महिला बैरको के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनके खाने, पीने, चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था सुचारू रूप से किए जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डॉक्टर रामधनी, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सैफई, उप जिलाधिकारी सैफई सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सच्ची आत्माओं के सौदागर- शिक्षक से बच्चों का जुड़ाव उन्हें संभवतः सर्वश्रेष्ठ बनाता है




**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** यश इंटरनेशनल स्कूल में 24 और 25 मई 2024 को डॉ.हेपेश शेफर्ड, प्रधानाचार्य, नोएडा, द्वारा %एजुकेशन टुडे, एनईपी और एनसीएफ, कक्षा प्रबंधन और शैक्षणिक योजना%पर एक ज्ञानवर्धक 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । शिक्षकों को÷एजेंट्स ऑफ चेंजेज÷की उपाधि देते हुए उन्होंने कहां की कार्यशाला का उद्देश्य एक आदर्श शिक्षक के गुणों को अपनाना और बच्चों के जीवन पर उनके गहरे प्रभाव को समझना है। कार्यशाला में इस बात पर जोर दिया गया कि एक आदर्श शिक्षक होने का मतलब केवल पाठ पढ़ाना नहीं है, इसमें छात्रों के साथ सकारात्मक संबंध विकसित करना, एक पोषण और समावेशी कक्षा वातावरण बनाना और आजीवन सीखने और व्यक्तिगत विकास के लिए एक रोल मॉडल के रूप में कार्य करना शामिल है। प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने कहा की ÷शिक्षक सक्रिय रूप से अपने बच्चों के साथ जुड़े रहे क्यूंकि बच्चे अपने शिक्षकों को अपना प्रेरणादायक अधिनायक के रूप में देखते हैं। ÷शिक्षक वक्ता के साथ सम्पूर्ण रूप से जुड़े रहे, प्रश्न पूछे, अपने अनुभव साझा किए और चर्चाओं में भाग लिया

## बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के परिंडे बांधे गए



**इटावा, जसवंतनगर/अवधनामा ब्यूरो।** भीषण गर्मी में बेहाल बेजुबान पक्षियों को पानी पिलाने के लिए यहां नगर के मोहल्ला कोठी कैस्त में परिंडे बांधे गए तथा अन्य लोगों से भी अपने-अपने मोहल्ले में परिंडे बांधने का आवाह्न किया गया। समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य एवं गोविंद गुप्ता की अगुवाई में परिंडे बांधे गए। उन्होंने बताया कि इन दिनों गर्मी काफी ज्यादा पड़ रही है। बेजुबान पशु-पक्षियों को पानी की बहुत आवश्यकता होती है। इसको देखते हुए कोठी कैस्त मोहल्ले में चुनिंदा स्थानों पर पानी के परिंडे बांधे गए जिससे कि पक्षी इनमें पानी पी सकें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म सेवा है। इसमें भी सबसे बड़ी सेवा पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना है। उन्होंने कहा कि हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम हमारे घर के आसपास परिंडे जरूर लगाएंगे। इस दौरान मोहन गुप्ता, सुरेश बाबू, सियाराम यादव, नरेंद्र कुमार, जमीलुद्दीन, लालू शर्मा, संजू राठौर आदि शामिल रहे।

## सैय्यद जाबेद मियां नक्शवंदी ने मज़ार शरीफ पर हाज़री देकर सभी के हक़ में दुआये की



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** शहर के कटरा शहाब खां स्थित दरगाह शरीफ हज़रत मज़हर अली शाह शाद वारसी के उर्स मुबारक के मौके पर दिल्ली से आये सैय्यद जाबेद मियां नक्शवंदी ने उर्स मुबारक के पहले दिन मज़ार शरीफ पर हाज़री देकर सभी के हक़ में दुआये की। रात्रि को मीलाद शरीफ में उन्होंने मेहफिल में बैठे अकीदतमंदों को ऐहलेबैत क्या है इस पर विस्तार से बताया। उस्ताद शायर सूफी अब्दुल सत्तार कमर ने भी अपने ख़ास अंदाज़ में कलाम पेश किए। मीलाद से पूर्व सैय्यद जाबेद मियां नक्शवंदी का क़यामगाह के ऑनरेरी सेक्रेटरी दिलशाद अली वारसी व रियाज़ वारसी, शकील वारसी आदि ने गुलपोशी कर इस्तक़बाल किया। इस मौके पर गुलाम वारिस, कलीम वारसी, हाजी अज़ीम वारसी, हाजी राईस अहमद चिश्ती, फारुख वारसी, शकील वारसी, यासीन वारसी आदि लोग मौजूद रहे।

## बिना मेहनत चुटकियों में साफ करें किचन में जमी गंदगी, बहुत काम आएंगे ये टिप्स



हमारे घर का सबसे अहम हिस्सा किचन होता है। जिसकी साफ-सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए। किचन में रोजाना खाना बनाया जाता है, जिसके कारण किचन गंदा और चिपचिपा हो जाता है। वहीं तेल-मसालों के जिद्दी दाग किचन की खूबसूरती को खराब करने का काम करता है। इसलिए किचन की रोजाना और बेसिक साफ-सफाई का खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि अगर आप किचन को रोजाना साफ नहीं करते हैं, तो यहां पर मौजूद गंदगी खाने में आ सकती है और आप बीमार पड़ सकते हैं।

वहीं किचन को साफ करना काफी परेशानी और थका देने वाला काम है। लेकिन अगर आप भी किचन को आसानी से चमकाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से आप गंदे किचन को चुटकियों में साफ कर सकते हैं।

किचन क्लीनिंग के टिप्स

किचन की साफ-सफाई के लिए बेकिंग सोडा एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। बेकिंग सोडा के इस्तेमाल से किचन की चिकनाहट को साफ किया जा सकता है। इसके लिए बेकिंग सोडा को करीब 10 मिनट के लिए किचन में डाल दें। फिर इसको अच्छे से साफ कर लें।

इसके साथ ही विनेगर से काफी चीजों साफ की जाती हैं। साथ ही आप इससे किचन की गंदगी और चिकनाहट को भी दूर कर सकती हैं। बता दें कि किचन की सफाई के लिए नींबू भी काफी मददगार हो सकता है। इसके लिए आपको किचन के गंदे वाले हिस्से में नींबू को 5 मिनट लगाकर छोड़ दें। फिर 5 मिनट बाद इसको साफ कर लें।

किचन की चिकनाई को आसानी से साफ करने के लिए आप गरम पानी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह किचन की साफ-सफाई का सबसे अच्छा तरीका है। इससे किचन में लगी चिकनाई आसानी से साफ हो जाएगी। किचन में चिकनाई वाली जगह पर गरम पानी डालें और यह धीरे-धीरे साफ हो जाएगा। कई बार किचन में तेल की गंदगी और मसालों के दाग व खारे पानी के दाग लग जाते हैं। ऐसे में इन जिद्दी दागों को साफ करने के लिए आप हाइड्रोजन पेरोक्साइड का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे किचन में तेल-मसालों के जिद्दी दाग आसानी से साफ हो जाएंगे और आपको ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ेगी।

# गर्मियों में ट्राई करें मैंगो कस्टर्ड पुडिंग की ये 20 मिनट की रेसिपी, पेट हो जायेगा कूल-कूल

गर्मी का समय है और हम सभी आम का लुत्फ़ उठाने के लिए तैयार हैं। तो, आप क्या खाएंगे या पीएंगे? मैंगो शेक, मैंगो लेमोनेड या आम पन्ना, ये आम से बनी ड्रिंक्स हैं, जिनका गर्मियों में लुफ्त उठाया जाता है, लेकिन अगर आप आम से बनी कोई चीज़ खाना चाहें तो क्या होगा? क्या कुछ ऐसा है जो आपके मन में आता है? नहीं? ठीक है, कोई नहीं, हम यहाँ एक बहुत ही आसान और 20 मिनट में बनकर तैयार होने वाली रेसिपी लेकर आए हैं, जिसका नाम मैंगो कस्टर्ड पुडिंग है। ये पुडिंग गर्मी में आपके पेट को ठंडा-ठंडा कर देगा।

***मैंगो कस्टर्ड पुडिंग बनाने के लिए क्या सामग्री चाहिए?***

2 कप दूध, 1/2 कप चीनी, 2 बड़े चम्मच कस्टर्ड पाउडर, 2 पके हुए आम, 1/2 कप ताजा क्रीम या मलाई, 8-10 ब्रेड स्लाइस और आखिर में 8-10 बादाम, पिस्ता जैसे ड्राई फ्रूट

***मैंगो कस्टर्ड पुडिंग***



***बनाने की विधि***

सबसे पहले एक पैन लें और उसमें दूध डालें। दूध में उबाल आने पर चीनी डाल दीजिए। एक बाउल में अलग से कस्टर्ड पाउडर और दूध मिलाकर घोल बना लें। फिर उबलते दूध में लगातार हिलाते हुए धीरे-धीरे घोल डालें। दूध को 5 मिनट तक पकाएं जब तक कस्टर्ड पाउडर पक न जाए और दूध थोड़ा गाढ़ा न हो जाए। अब इसे कमरे के तापमान तक ठंडा होने दें। पके हुए आमों को छीलकर काट लीजिए और टुकड़ों की प्यूरी बना लीजिए। कमरे के तापमान वाले कस्टर्ड में प्यूरी डालकर अच्छी तरह मिला लें। कस्टर्ड में ताज़ी क्रीम डालें, अच्छी तरह मिलाएँ और एक तरफ रख दें। 10 ब्रेड स्लाइस लें और उनके किनारे काट लें। बेकिंग ट्रे पर इन स्लाइस की एक परत फैलाएं। इसके ऊपर कस्टर्ड मिश्रण की एक परत लगाएं। इसके ऊपर कुछ कटे हुए ड्राई फ्रूट्स छिड़कें। ब्रेड, कस्टर्ड और ड्राई फ्रूट्स की परतें दोहराएं। तीन से चार घंटे के लिए फ्रिज में रखें। आम के टुकड़ों से सजाइये। ठंडा परोसें और आनंद लें।

## लैकहेड्स और अनचाहे बालों को रिमूव करने में बेहद फायदेमंद है घरेलू नुस्खा, फेस पर आएगा गजब का ग्लो



हम सभी की यही चाहत होती है कि हमारा फेस हमेशा क्लीन और खिला-खिला नजर आए। कई बार कड़ी मेहनत के बाद भी ब्लैकहेड्स और व्हॉइटहेड्स को हटा पाना आसान नहीं होता है। इसको रिमूव करने के लिए लोग अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन जब बात फेशियल हेयर की आती है, तो हम सभी इस बात के लिए परेशान रहते हैं कि जिस भी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। उससे कहीं फेस खराब न हो जाए।

अगर आप भी इस बात के लिए परेशान रहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे घरेलू नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपकी एक या दो नहीं बल्कि तीन समस्याओं को हल करने में मदद कर सकता है। यह तीन चीजें ब्लैकहेड्स, व्हॉइटहेड्स और चेहरे पर आने वाले अनचाहे बाल हैं। तो आइए जानते हैं किस तरह से आप ब्लैकहेड्स, व्हॉइटहेड्स और फेशियल हेयर को रिमूव कर सकती हैं।

***सामग्री***

कॉफी पाउडर- 1 पाउच
ग्लूटिन पाउडर- 1 चम्मच
गर्म दूध- 2 चम्मच

ऐसे तैयार करें फेसपैक

एक छोटी सी कटोरी में कॉफी के पाउच को खाली कर लें।

फिर इसमें एक चम्मच ग्लूटिन पाउडर को मिक्स करें।

इसके बाद कटोरी में गर्म दूध डालें और तीनों को अच्छे से मिक्स कर पेस्ट बना लें।

जब पेस्ट थोड़ा ठंडा हो जाए, तब इसको फेस पर अप्लाई करें और 10-15 मिनट तक लगा रहने दें।

जब यह मास्क की तरह बन जाए, तो इसको पील करें। यानी की इसको फेस से पील ऑफ मास्क की तरह निकालें।

***घरेलू नुस्खे के फायदे***

यह फेसपैक चेहरे पर जमे ब्लैकहेड्स और व्हॉइटहेड्स को हटाने में मदद करता है।

यह त्वचा को स्मूथ और सॉफ्ट बनाता है।

वहीं यह नुस्खा फेस के अनचाहे बालों को हटाने में काफी कारगर है।

यह नुस्खा आपको फेशियल जैसा ग्लो देता है।

इन बातों का रखें ख्याल

इस सामग्री का पेस्ट बनाने के दौरान ध्यान रखें कि यह न तो अधिक गीला हो और न अधिक सूखा हो।

गुनगुने दूध का उपयोग करने से आपका फेस जल सकता है।

अगर आपकी त्वचा सेंसिटिव है, तो इस नुस्खे को उपयोग में लाने से पहले पैच टेस्ट जरूर कर लें।

स्किन पर एलर्जी होने पर नुस्खे का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

मिलेगा गजब का निखार

अगर आप चाहती हैं कि आपकी त्वचा ग्लो करें तो ऊपर बताई गई सामग्री में 1 चम्मच शहद एड कर लें।

इस नुस्खे का इस्तेमाल करने के बाद फेस पर किसी अच्छे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

इस नुस्खे का बेहतर रिजल्ट पाने के लिए आपको सप्ताह में 2 बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

# चेहरे की गंदगी साफ करेगा लौंग से बना होममेड टोनर, जानें इसके फायदे

वातावरण में मौजूद प्रदूषण, गंदगी और पसीने की वजह से चेहरे पर अक्सर कील-मुंहासे हो जाते हैं। धूप में ज्यादा देर रहने से सनबर्न और पोर्स बंद हो जाते हैं। जिस वजह से चेहरे पर कई दाग-धब्बे नजर आते हैं। इन सबसे बचने के लिए कई ब्यूटी प्रोडक्ट और टोनर उपलब्ध हैं। अगर आप घरेलू चीजों के उपयोग स टोनर बना सकते हैं। त्वचा संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं। लौंग से बना हुआ टोनर में स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि लौंग में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो स्किन में बैक्टीरियल इंफेक्शन और सूजन की समस्या को कम करने में मददगार हो सकता है। चलिए आपको लौंग के टोनर के फायदे बताते हैं।

***लौंग के टोनर से होने वाले फायदे***

- लौंग से बना हुआ टोनर स्किन को हाइड्रेट करता है। यह टोनर स्किन को मॉइस्चराइज और फ्रेश बनाने में मदद करता है।
- लौंग टोनर में एंटी- इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह चेहरे की सूजन को कम करने में सहायक होता है।
- इस टोनर के उपयोग से मुंहासे और लालिमा कम होती है। साथ ही त्वचा का पीएच लेवल को नियंत्रित रहता है।



- लौंग के टोनर से स्किन पोर्स में जमा गंदगी साफ होती है और पोर्स में कसाव आता है।
- इसके एंटीऑक्सीडेंट्स गुण फ्री रेडिकल्स की वजह से होने वाली समस्याओं से बचाव करते हैं।

***लौंग टोनर कैसे बनाएं***

- एक बाउल में करीब 80 से 100 मिली ग्राम गुलाब जल ले लें।
- इस गुलाब जल में करीब 5 से 6 लौंग को डालें।
- लौंग को करीब 24 से 48 घंटों तक गुलाब जल में ही रहने दें। याद रहे है, इसे धूप में न रखें।
- इसके साथ ही किसी बर्तन से ढककर रखें।
- फिर इसे किसी कॉटन के कपड़े से छान लें।
- तैयार टोनर को आप कांच या प्लास्टिक वाली बोतल में स्टोर करें।
- आप फेस वॉश करने के बाद इस टोनर का यूज कर सकते हैं।
- कहीं बाहर जाने पर इसे आप बैग में रख सकते हैं।

## सनशाइन कोल्ड ब्रू कॉफी के साथ करें अपने दिन की शुरूआत, पूरा दिन एनर्जी से रहेंगे भरपूर

सोमवार को सभी लोगों को एक एनर्जी की जरूरत होती हैं। इसके लिए आप बूस्टर ड्रिंक का सेवन कर सकते हैं। बूस्टर ड्रिंक सिर्फ एक पेय पदार्थ नहीं होता है, बल्कि यह सप्ताह के पहले दिन की थकावट वाले प्रभाव को कम करने के लिए स्वादों का एक मिश्रण होता है। खुद को एनर्जेटिक फील करवाने के लिए आप भी बूस्टर ड्रिंक के तौर पर कोल्ड कॉफी का सेवन कर सकते हैं।

अगर आप भी खुद के लिए ताज़गी भरे पिक-मी-अप की चाहत रखते हैं। तो सोमवार की शाम को सनशाइन कोल्ड ब्रू को अपना साथी बना सकते हैं। आज हम आपके साथ इस आर्टिकल के जरिए घर पर आसानी से बनने वाली और स्वाद से भरपूर सनशाइन कोल्ड ब्रू रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं।

***सामग्री***

कोल्ड ब्रू कॉफी- 240 मिली
संतरे का रस- 120 मिली
अनानास का रस- 60 मिली



ग्रेनेडिन सिरप- 15 मिली

***बर्फ के टुकड़े***

गार्निश के लिए माराशिनो चेरी
गार्निश के लिए संतरे के टुकड़े

***ऐसे बनाएं***

सबसे पहले सर्विंग गिलास को बर्फ के टुकड़ों से भर लें।

इसके बाद एक बाउल में कोल्ड ब्रू कॉफी, संतरे का रस और अनानास का रस मिलाएं। इन सबको अच्छे से मिक्स कर लें।

अब सभी गिलास में चम्मच के पीछे 15 मिलीलीटर ग्रेनाडीन सिरप डालें। जिससे यह नीचे तक डूब जाए और क्रमिक प्रभाव पैदा करें।

फिर हर गिलास में ग्रेनाडीन परत के ऊपर कोल्ड ब्रू कॉफी के मिश्रण को बेहद सावधानी से डालें।

सभी गिलास को संतरे के टुकड़े और एक माराशिनो चेरी से सजाएं।

इस तरह से सनशाइन कोल्ड ब्रू एनर्जी ड्रिंक बनकर तैयार हो जाएगी।

इस तरह से आप भी ताज़ा ईस्टर सनराइज कोल्ड ब्रू मॉकटेल का आनंद ले सकते हैं।

## गर्मी से राहत पाएं स्वादिष्ट लाहौरी जीरा ड्रिंक बनाकर, नोट करें रेसिपी

गर्मियों के दौरान सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है खुद को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रखना। जैसे-जैसे पारा का स्तर बढ़ता है, लू लगना या होंठ सूखना काफी आम है। इस मौसम के दौरान, डिहाइड्रेशन एक आम समस्या बन जाती है क्योंकि पसीने के कारण हमारे शरीर में तेज गति से पानी की कमी हो जाती है, खासकर जब आप बाहर काम कर रहे होते हैं। इससे कमजोरी, सुस्ती महसूस होना, थकान और समग्र असुविधा जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं। हालांकि पानी पीना ही समाधान है, आइए इसे स्वीकार करें, कभी-कभी सादा पानी बहुत उबाऊ हो सकता है। ऐसे मामलों में, घर का बना पेय आपको हाइड्रेटेड रखने का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। चलिए आपको बताते हैं इसकी रेसिपी।

***सामग्री***

- नींबू- 1 टुकड़ा
- जीरा पाउडर -1/4 बड़ा चम्मच.
- शहद -1/2 बड़ा चम्मच
- काला नमक- 1/4 बड़ा चम्मच.
- काली मिर्च- 1 चुटकी
- चाट मसाला - 1/4 बड़ा चम्मच
- पुदीने की पत्तियां- 3 से 4
- सोडा
- बर्फ के टुकड़े- आवश्यकतानुसार
- धनिया पाउडर - 1 चुटकी (यह वैकल्पिक है)

***कैसे बनाएं ये ड्रिंक? इन स्टेप्स का पालन करें***

- एक गिलास लें और उसमें एक नींबू निचोड़ लें।
- ताजा स्वाद और महक के लिए इसमें कुछ पुदीने की पत्तियां मिलाएं।
- इसके बाद गिलास में 1/4 बड़ा चम्मच चाट मसाला, 1/4 बड़ा चम्मच जीरा पाउडर, 1/4 बड़ा चम्मच काला नमक, 1 चुटकी धनिया पाउडर और 1/2 बड़ा चम्मच शहद डालें और सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें।
- अपनी पसंद के अनुसार कुछ बर्फ के टुकड़े डालें और गिलास के ऊपर सोडा पानी डालें।
- इसे अच्छी तरह से हिलाएं और आपका होममेड लाहौरी जीरा ड्रिंक तैयार है। ठण्डा करके परोसें।
- आप इसे कुछ पुदीने की पत्तियों और नींबू के पतले टुकड़े से सजा सकते हैं।

***लाहौरी जीरा ड्रिंक के फायदे***

-यह आपकी वजन घटाने की यात्रा में मदद कर सकता है।

-यह पेय पाचन समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए सबसे अच्छा है, खासकर गर्मी के मौसम में।

- चूंकि इसमें जीरा या जीरा होता है, यह प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने और एनीमिया का इलाज करने में मदद कर सकता है।

-यह पेय पोषक तत्वों से भरपूर है और शरीर के तापमान को कम करने में आपकी मदद कर सकता है।

-यह अन्य कैलोरी युक्त पेय पदार्थों की तुलना में अधिक स्वास्थ्यवर्धक विकल्प है।



# घर पर बने मसालों को लंबे समय तक करना चाहते हैं स्टोर, तो इस सिंपल टिप्स को करें फॉलो

हर भारतीय किचन में मसालों को खूब इस्तेमाल किया जाता है। भारतीय किचन में आपको कई तरह के मसाले मिल जाएंगे, जो खाने के रंग और स्वाद दोनों को दोगुना कर देते हैं। हालांकि कुछ लोग इन मसालों को बाजार से खरीदते हैं, तो कुछ लोग घर पर बनाते हैं। ऐसे में घर पर इन मसालों को बनाने का एक लंबा प्रोसेस होता है, इसलिए लोग एक बार में ज्यादा मसाला बनाकर उसे स्टोर कर लेते हैं। लेकिन कई बार इन मसालों को स्टोर करने के बाद यह बेस्वाद हो जाते हैं, या फिर खराब हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी घर पर मसाला बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मसाले को लंबे समय तक कैसे ताजा और स्वादिष्ट बनाकर रखने के कुछ सिंपल टिप्स बताने जा रहे हैं।

***मसाला स्टोर करने का बेस्ट तरीका***



बता दें कि मसालों को स्टोर करने का सबसे बेस्ट तरीका है कि आप इन्हें किसी एयर टाइट कंटेनर में रखें। इसके लिए आप एयर टाइट कंटेनर जार या फिर छोटे-छोटे स्टील के बॉक्स में स्टोर कर सकती हैं। इस तरह के डिब्बों में मसाला जल्दी खराब नहीं होगा और यह नमी से भी बचा रहेगा। प्लास्टिक के डिब्बों में मसाला नहीं रखना चाहिए। जब भी आप एयर टाइट कंटेनर में मसालों को स्टोर करें, तो पहले कपड़े से इसे अच्छे से साफ कर लें। अगर डिब्बा गीला हो तो इसे थोड़ी देर के लिए धूप में रखें।

***पैकेट्स में करें स्टोर***

अगर आपने मसाले ज्यादा क्वांटिटी में बनाए हैं, तो उसको छोटे-छोटे पैकेटों में स्टोर कर लें। वहीं इस्तेमाल के लिए सिर्फ एक पैकेट बाहर निकालकर रख लें। इस तरह से आप लंबे समय तक मसालों को बिना खराब हुए उपयोग में ला सकती हैं। आप चाहें तो इस पैकेट को फ्रिज में भी रख सकती हैं।

***अंधेरे और गर्मी वाली जगह पर न रखें***

मसालों का स्वाद और उसकी खूशबू को बरकरार रखने के लिए इन्हें सीधे सूरज की रोशनी के संपर्क में आने से बचाएं। सूरज की रोशनी में आने से मसालों की खुशबू जा सकती हैं। इसके साथ ही मसालों को गैस स्टोव के पास रखने से बचना चाहिए। इससे इन मसालों का स्वाद खराब हो सकता है। मसालों को स्टोर करने के लिए रूम का टेंपरेचर मेंटेन रखना चाहिए।

# घर पर बनाएं रेस्तरां जैसा हरा भरा कबाब, बेहद आसान है इसकी रेसिपी

कबाब का नाम सुनते ही हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है। हालांकि बहुत सारे लोगों को लगता है कि कबाब सिर्फ नॉनवेज से बनाया जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं है। वेजिटेबल कबाब भी खाने में बहुत स्वादिष्ट होता है और इसको बनाना भी बहुत आसान होता है। यह कबाब वेजिटेबल कटलेट की तरह होता है, जिसको कबाब का शेप देकर बनाया जाता है। ऐसे में शाम को नाश्ते या या फिर चाय के साथ कबाब एक परफेक्ट स्नैक हो सकता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बेहतरीन डिश की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।



***मुख्य सामग्री***

***पालक - 2 कप***
***आलू उबले - 2-3***
***हल्दी - 1/4 टी स्पून***
***मटर - 3/4 कप***
***हरी मिर्च - 1-2***
***गरम मसाला - 1/4 टी स्पून***
***इलायची पाउडर - 1 चुटकी***
***अदरक कद्दूकस - 1/2 टी स्पून***
***अमचूर - 3/4 टी स्पून***
***चने की दाल- पिसी हुई***
***हरा धनिया - 3 टेबलस्पून***
***भुना बेसन - 3 टेबलस्पून***
***तेल - 3 टेबलस्पून***
***नमक - स्वादानुसार***

***ऐसे बनाएं हरा भरा कबाब***

इसे बनाने के लिए सबसे पहले भीगी हुई चने की दाल को मिक्सी में डालकर महीन पीस लें। फिर पेस्ट बनाने के दौरान इसमें पानी न डालें, वरना यह पतला हो जाएगा और कबाब सही नहीं बनेंगे। वहीं चना दान को पीसकर एक बाउल में निकाल लें और फिर मिक्सर में बींस और गाजर को दरदरा पीस लें।

अब तैयार किए गए सब्जी के पेस्ट को एक पैन में डालकर चलाते हुए भूनें। फिर पैन में पालक डालकर उसे भी अच्छे से भूनें। इसके बाद सब्जी के मिश्रण को चना दाल के पेस्ट में मिक्स कर लें। इसको अच्छे से मिक्स करने के बाद उसमें हरी मिर्च, जीरा, नमक और गरम मसाला आदि डालकर अच्छे से मिलाएं। अब तैयार मिश्रण से कबाब का शेप देते हुए एक प्लेट में रख दें। इसके बाद एक पैन में तेल गर्म कर कबाब को मीडियम आंच पर पकने दें। जब यह एक तरफ ब्राउन हो जाए, तो इसको दूसरी तरफ भी सेंक लें। कबाब को पलटने के लिए हाथों का इस्तेमाल करना चाहिए। वरना कबाब टूट सकते हैं। इस तरह से गरमागरम कबाब बनकर तैयार हो गए। आप प्याज के छल्ले से गार्निश करके हरी चटनी के साथ सर्व करें।

अवधनामा



# चुनाव आयोग ने बताया पिछले पांच चरणों में कितने पड़े वोट, कहा- डेटा को कोई भी नहीं बदल सकता

**नई दिल्ली (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने शनिवार को पांच चरणों के मतदान प्रतिशत और मतदान संख्या की पूर्ण संख्या जारी कर दी है। साथ ही दोहराया कि फॉर्म 17सी के माध्यम से सभी उम्मीदवारों के मतदान एजेंटों के साथ मतदान के दिन साझा किए गए वोटों के डेटा को कोई भी नहीं बदल सकता है।




चुनाव आयोग ने पिछले पांच चरणों की प्रत्येक सीट पर कुल मतदान की जानकारी दी है। मतदान संख्या में डाक मतपत्रों को शामिल नहीं किया गया है। चुनाव आयोग के अनुसार पांच चरणों में देशभर की 428 सीटों पर कुल 50,72,97,288 मत पड़े हैं। इन सीटों पर 76,40,80,337 मतदाता हैं। इस तरह से पांच चरणों में कुल 66.39 प्रतिशत मतदान हुआ है।

उल्लेखनीय है कि विपक्ष मतदान प्रतिशत में वोटिंग अवधि के बाद हो रहे इजाफे को मुद्दा बना रहा है। विपक्ष का कहना है कि चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत और कुल मतदान के आंकड़े देर से जारी कर रहा है। इस संबंध में विपक्ष चुनाव आयोग से भी मिल चुका है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा है।

चुनाव आयोग ने आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मतदान आंकड़ों को जारी करने की प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों और फैसले से आयोग उचित रूप से मजबूत महसूस करता है। इससे आयोग पर निर्विवाद संकल्प के साथ चुनावी लोकतंत्र की सेवा करने की एक उच्च जिम्मेदारी आती है। इसलिए आयोग ने प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की पूर्ण संख्या को शामिल करने के लिए मतदान डेटा जारी करने के प्रारूप को और विस्तारित करने का निर्णय लिया है।

आयोग ने कहा कि मतदान दलों के आगमन के बाद भौगोलिक और मौसम की स्थिति के आधार पर, मतदाताओं का डेटा पार्टियों के आगमन और पुनर्मतदान की संख्या, यदि कोई हो, के आधार पर एक या अधिक दिनों पर अंतिम रूप प्राप्त करता है। प्रेस नोट जारी करना एक और अतिरिक्त सुविधाजनक उपाय है जबकि वोटर टर्नआउट ऐप पर पूरा डेटा हमेशा 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध रहता है।

इस संबंध में आज मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का भी बयान आया था। उनका कहना था कि भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। वे जल्द ही इसका खुलासा करेंगे।

चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पहले चरण में 16,63,86,344 मतदाताओं में से 11,00,52,103 मतदाताओं ने अपने अधिकार का उपयोग किया। पहले चरण का मत प्रतिशत 66.14 रहा। दूसरे चरण में 158645484 मतदाताओं में से 105830572 ने मतदान किया, जिसका मत प्रतिशत 66.71 रहा।

तीसरे चरण में 172404907 मतदाताओं में से 113234676 मतदान किया और इनका मत प्रतिशत 65.68 रहा।

## बारूद फैक्टरी में हुए विस्फोट मामले की होगी मजिस्ट्रीयल जांच

**रायपुर/बेमेतरा (हि.स.)।** बेमेतरा जिले के बोरसी गांव स्थित बारूद फैक्टरी में हुए विस्फोट मामले में छत्तीसगढ़ सरकार ने शनिवार को मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए पांच लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि बेमेतरा जिले के बोरसी गांव स्थित बारूद फैक्टरी में हुए विस्फोट मामले की मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए गए हैं। दुर्घटना में हुई मौत पर प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच लाख रुपये एवं घायल को पचास हजार रुपये आर्थिक सहायता देने के आदेश भी दे दिए गए हैं। घायलों को समुचित इलाज के लिए रायपुर लाया जा रहा है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य की उच्चस्तरीय निगरानी की जा रही है। ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति एवं घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

# पुणे हिट एंड रनः नाबालिग आरोपित का दादा 28 मई तक पुलिस हिरासत में

**मुंबई (हि.स.)।** पुणे हिट एंड रन मामले में नाबालिग आरोपित के दादा सुरेंद्र कुमार अग्रवाल को पुणे जिले की एक अदालत ने शनिवार को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया।



पुणे थाने की पुलिस ने सुरेंद्र कुमार अग्रवाल को चालक गंगाधर पुजारी का अपहरण करने और उन्हें कमरे में बंद कर धमकी देने के आरोप में शुक्रवार रात को गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुणे पुलिस की टीम ने आरोपित सुरेंद्र के घर की तलाशी भी ली।

पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की रात को हुई घटना के बाद सुरेंद्र कुमार अग्रवाल ने इस मामले को छिपाने के उद्देश्य से चालक का अपहरण किया और उसको अपने घर ले जाकर अलग कमरे में बंद कर दिया था। सुरेंद्र कुमार अपने पोते से हुई दुर्घटना को अपने ऊपर लेने का चालक पर दबाव डाल रहे थे। इसके लिए सुरेंद्र ने चालक को पहले लालच दिया था और बाद में ऐसा न करने पर देख लेने की धमकी दी थी। इस तरह की शिकायत चालक और उसकी पत्नी ने पुलिस को दी है। पुणे पुलिस ने चालक की शिकायत को कोर्ट के समक्ष पेश किया। इसके बाद कोर्ट ने सुरेंद्र कुमार को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि कल्याणी नगर में 19 मई की रात को वेदांत अग्रवाल ने शराब के नशे में धुत्त होकर तेज गाड़ी चला कर दो लोगों को कुचल दिया था। दोनों की मौके पर मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने वेदांत अग्रवाल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था और इस समय वेदांत अग्रवाल बाल सुधार गृह में है। इस मामले में वेदांत अग्रवाल को नाबालिग होते हुए गाड़ी चलाने के आरोप के तहत आरोपित के पिता विशाल अग्रवाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो इस समय न्यायिक हिरासत में हैं।

## डोंबिवली केमिकल फैक्टरी विस्फोट मामले में मलय मेहता 29 मई तक पुलिस हिरासत में



**मुंबई (हि.स.)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली स्थित अमुदान केमिकल फैक्टरी में विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित मलय प्रदीप मेहता (38) को शनिवार को यहां की एक अदालत ने 29 मई तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस मामले में गिरफ्तार मलय की मां मालती प्रदीप मेहता (70) को कोर्ट ने रिहा कर दिया है।

कोर्ट ने इस मामले में मालती प्रदीप मेहता को प्रथम दृष्टया संलिप्त नहीं पाया है। कोर्ट ने कहा कि मालती प्रदीप मेहता से पुलिस अपनी आवश्यकता के अनुसार उनके घर पर ही पूछताछ कर सकती है। इस मामले में मानपाड़ा थाने की पुलिस ने शुक्रवार को दोनों को गिरफ्तार किया था और आज इनको कोर्ट में पेश किया गया। उधर, घटनास्थल पर एनडीआरएफ की टीम ने मलबे में आज सर्च ऑपरेशन के दौरान दो लोगों का शव बरामद किया। इस तरह इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। इस हादसे में 64 घायलों का इलाज डोंबिवली के विभिन्न अस्पतालों में हो रहा है।

# प. बंगाल में मतदान के दौरान छिटपुट हिंसा

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों के लिए शनिवार को छठे चरण का मतदान जारी है। इस बीच कुछ इलाकों से हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय ने बताया कि निर्वाचन आयोग को पूर्वाह्न 11 बजे तक विभिन्न राजनीतिक दलों से 954 शिकायतें मिली थीं जिनमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में खराबी और अभिकर्ताओं (एजेंट) को बूथ में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, आयोग ने शाम चार बजे दावा किया कि मतदान अब तक शांतिपूर्ण रहा है। शाम तीन बजे तक 70 फ़ीसदी वोटिंग दर्ज की गई है। पोलिंग एजेंटों को बूथ में प्रवेश करने से रोकने को लेकर घटाल निर्वाचन क्षेत्र में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच कथित तौर पर झड़पें हुईं।

भाजपा उम्मीदवार हिरण चटर्जी ने दावा किया कि तृणमूल के लोग उत्पात मचा रहे हैं और मतदान प्रक्रिया में बाधा पैदा कर रहे हैं।



उन्होंने आरोप लगाया, ''हमारे एजेंट को मतदान केंद्र के अंदर बैठने की अनुमति नहीं दी जा रही है।'' भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर प्रदर्शन किया और टायरों में आग लगा दी।

हालांकि, इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे मौजूदा तृणमूल सांसद दीपक अधिकारी उर्फ देव ने आरोपों को खारिज कर दिया।

कांथी निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से भी हिंसा की छिटपुट घटनाएं सामने आईं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय बलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और उन पर मतदाताओं पर हमला करने का आरोप लगाया। भाजपा उम्मीदवार सौमेन्दु अधिकारी ने दावा किया, ''तृणमूल और केंद्रीय बल हमारे खिलाफ काम कर रहे हैं। वे हमारी पार्टी के समर्थकों की पिटाई कर रहे हैं।'' मिदनापुर निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल को तृणमूल कार्यकर्ताओं के वापस जाओ के नारे का सामना करते देखा गया। इसके बाद, भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, फलस्वरूप केंद्रीय बलों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने भीड़ को तितर-बितर किया। इस बीच, तमलुक में एक मतदान केंद्र पर लोगों के एक समूह ने भाजपा उम्मीदवार और कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गांगुली के खिलाफ नारे लगाए। स्थिति को नियंत्रित करने और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाकर्मियों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई। चुनाव आयोग ने कहा, ''हमने मामले का संज्ञान लिया है और पीठासीन अधिकारी से रिपोर्ट मांगी गई है।''

## पश्चिम रेलवे चलायेगी साबरमती और हरिद्वार के बीच समर स्पेशल ट्रेन

**अहमदाबाद (हि.स.)।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए साबरमती और हरिद्वार के बीच समर स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर चलाने का निर्णय लिया गया है। इसका विवरण इस प्रकार है। ट्रेन संख्या 09425/09426 साबरमती-हरिद्वार-साबरमती स्पेशल (कुल 10 फेरे) ट्रेन संख्या 09425 साबरमती-हरिद्वार स्पेशल 31 मई व 3,7,10, और 14 जून 2024 (शुक्रवार और सोमवार) को साबरमती से 18.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 19.00 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09426 हरिद्वार-साबरमती स्पेशल 01,04,08,11 और 15 जून 2024 (शनिवार और मंगलवार) को हरिद्वार से 21:45 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 22:30 बजे साबरमती पहुंचेगी। मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन महेसाणा, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी, गुड़गाँव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर एवं रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में थर्ड एसी, स्लीपर एवं जनरल श्रेणी के कोच रहेंगे। ट्रेन संख्या 09425 की बुकिंग 26 मई, 2024 से यात्री आरक्षण केन्द्रों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी।

## सुरक्षा परिषद ने संयुक्त राष्ट्र संघ और सहायता कर्मियों पर हमलों के निंदा प्रस्ताव को दी मंजूरी

**संयुक्त राष्ट्र (हि.स.)।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसमें मानवीय कार्यों में लगे संयुक्त राष्ट्र के सहायता कार्यकर्ताओं और संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर हमलों की कड़ी निंदा की गई है। प्रस्ताव में मांग की गई है कि सभी लड़ाके अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उनकी रक्षा करें। प्रस्ताव के पक्ष में 14 मत पड़े जबकि इसके खिलाफ किसी ने भी वोट नहीं किया। रूस मतदान से अनुपस्थित रहा। स्विटजरलैंड-प्रायोजित इस प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र और मानवीय कर्मियों के खिलाफ बढ़ते हमलों और खतरों के साथ-साथ लड़ाकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून की निरंतर उपेक्षा और उल्लंघन किये जाने को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है।

# संसदीय समिति पर आज भी नहीं बनी बात, विपक्षी दलों ने किया बहिष्कार

**काठमांडू (हि.स.)।** उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री के खिलाफ संसदीय जांच समिति बनाने को लेकर शनिवार को भी सहमति नहीं बन पाई है। पिछले एक हफ्ते से लगातार हो रही कार्यदल की बैठक में घंटों तक बैठने के बाद भी यह आलम है। सहकारी घोटाला में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच को लेकर प्रमुख दलों द्वारा बनाए गए कार्यदल में समिति के कार्यादेश को लेकर आज भी सहमति नहीं बन पाई। समिति के कार्यादेश में गृहमंत्री के नाम का उल्लेख किया जाए या नहीं, इसको लेकर विवाद अभी भी बना हुआ है। सत्तापक्ष किसी भी हालत में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम देने की बात पर सहमत नहीं हो रहे हैं तो विपक्ष बिना उस नाम के मानने के लिए तैयार नहीं है। दोनों पक्ष सहमति नहीं होने देने में एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति नहीं होने के कारण बजट सत्र के एक दिन भी संसद की कार्रवाई नहीं हो पाई है। दोनों सदनों की कार्यवाही विपक्षी दलों द्वारा अवरुद्ध की जा रही है। अब तक ना राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हो पाया है और ना ही बजट पेश हो पाया है। कार्यदल के संयोजक रहे कानून मंत्री पदम गिरी ने कहा कि विपक्ष की बात तर्कपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना किसी जांच के गृहमंत्री ही दोषी हैं, ऐसा लिख कर कोई जांच समिति नहीं बन सकती है लेकिन विपक्षी दल सरकार के इस तर्क से सहमत नहीं हो पा रहे हैं। कार्यदल के सदस्य रहे नेपाली कांग्रेस के ज्ञानेन्द्र कार्की ने कहा कि अब तक की सभी जांच में गृहमंत्री को दोषी बताया गया है। इसलिए उनका नाम तो लिखना ही होगा। कार्की ने कहा कि गैर कानूनी ढंग से सहकारी संस्थाओं से पैसे निकाल कर जिस गोरखा मीडिया में निवेश किया गया




# पाकिस्तानी नेता फवाद हुसैन को केजरीवाल का करारा जवाब, कहा- हमारे अंदरूनी मामलों में दखल न दें

**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पाकिस्तान की इमरान खान सरकार में मंत्री रहे फवाद हुसैन को आज करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहा चुनाव हमारा आंतरिक मामला है। आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।

फवाद हुसैन लगातार भारतीय चुनाव में भाजपा विरोधी पक्ष को समर्थन देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट कर रहे हैं। फवाद राहुल गांधी की भी प्रशंसा कर चुके हैं और आज उन्होंने अरविंद केजरीवाल की भी प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज मतदान के बाद सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अपने परिवार के साथ मतदान किया। इस सोशल मीडिया पोस्ट पर फवाद हुसैन ने री ट्वीट करते हुए कहा कि भारत में चरमपंथ और नफरत फैलाने वालों को शांति और सौहार्द हरा पाए, इसकी वह कामना करते हैं।



इसके जवाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं और हमारे देशवासी अपने मसलों को संभालने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। आपके समर्थन की जरूरत नहीं है। इस वक्त पाकिस्तान के हालात बहुत खराब हैं। आप अपना देश संभालिए, चुनाव हमारा आंतरिक मामला है। आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।

इसके बाद चौधरी फवाद हुसैन का भी पोस्ट आया। उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हो रहे चुनाव वहां के लोगों का मसला है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और भारत में चरमपंथ चिंता का विषय है। पाकिस्तान में स्थित आदर्श से बहुत दूर है लेकिन व्यक्तियों को बेहतर समाज के लिए प्रयास करना चाहिए।

हालांकि, फवाद की पोस्ट पर भाजपा नेता किरण रिजिजू ने कहा कि सिर्फ राहुल गांधी ही नहीं, अरविंद केजरीवाल को भी पाकिस्तान में भारी समर्थन है।

# आतंकवाद विरोधी अभियानों के नाम पर लोगों के किया जा रहा गायब, बलूच कार्यकर्ता ने पाकिस्तान सरकार पर बोला हमला



**ओस्लो।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आए दिन हमले होते रहते हैं। इस बीच नॉर्वे के ओस्लो में होने वाले एक कार्यक्रम में बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच ने बलूचिस्तान पर पाकिस्तान सरकार की तरफ से होने वाले अत्याचारों पर चर्चा की। उन्होंने अपनी चर्चा में लोगों के जबरन गायब होने और उनकी लगातार हो रही हत्याओं के मुद्दों को उठाया। अपने बयान में, बलूच नेता ने कहा, पिछले बीस सालों से आतंकवाद विरोधी अभियानों और शांति के नाम पर पाकिस्तानी बलों की तरफ से बड़ी संख्या में लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है।

उन्होंने आगे कहा, ÷मैं जिस क्षेत्र से हूं वह पिछले सात दशकों से हिंसा और उग्रवाद से जूझ रहा है। इन पिछले दो दशकों के दौरान,उग्रवाद विरोधी अभियानों और शांति के नाम पर बड़ी संख्या में युवा, जिनमें ज्यादातर छात्र, इंजीनियर, डॉक्टर शामिल थे, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों ने जबरन गायब कर दिया है।उन्होंने आगे बताया,इन लोगों को डिटेंशन सेंटर में हिरासत में रखा गया है,इसके बाद इन्हें बुरी तरह से प्रताड़ित किया गया और इनके परिवार वालों को भी नहीं पता था कि ये लोग कहा हैं। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे सैकड़ों बच्चे,और कई युवा हैं जिनके पिता,चाचा या भाई हफ्तों,महीनों से गायब हैं। बलूच ने आगे पाकिस्तान पर आरोप लगाते हुए कहा, पाकिस्तानी अधिकारियों ने इन मुद्दों को संबोधित करने के बजाय हिंसा का सहारा लिया है।

साथ ही उन्होंने अपने भाषण में दिसंबर में होने वाले लॉन्ग मार्च का भी जिक्र किया । उन्होंने कहा, ये मार्च भी पाकिस्तानी प्रशासन की अनदेखी के कारण विफल हो गया।

बलूच ने आगे अपने भाषण को समाप्त करते हुए एक उम्मीद के साथ बात की।

उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है क्योंकि जो लोग इस हिंसा के पीछे हैं और जो लोग हिंसा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उनकी संख्या कम है। उन्होंने कहा, ÷हो सकता है कि उनके पास हम पर शासन करने की शक्ति हो। लेकिन जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं, जो शांति में विश्वास करते हैं, उनकी संख्या बहुत अधिक है।

## 43 पाकिस्तानी नागरिकों को जेल से रिहा करेगा श्रीलंका, दोनों देशों के बीच हुआ समझौता

**इस्लामाबाद।** श्रीलंकाई सरकार द्वीप राष्ट्र की जेलों से 43 पाकिस्तानी नागरिकों को र?िहा करेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शनिवार को दोनों देशों के बीच उनकी वापसी की सुविधा के लिए एक समझौता हुआ है।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने शुक्रवार को श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) रवींद्र चंद्र श्रीविजय गुणरत्ने के साथ एक बैठक में दोनों देशों की जेलों में बंद कैदियों को वापस लाने पर सहमति जताई।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी हित और द्विपक्षीय संबंधों के विकास के मुद्दों पर चर्चा की। रिपोर्ट में कहा गया है कि वे सुरक्षा और मादक द्रव्यों से निपटने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान का आंतरिक मंत्रालय 43 पाकिस्तानी कैदियों को वापस लाने के लिए पिछले महीने से श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ काम कर रहा था।

बाद में एक घोषणा में नकवी ने कहा कि पाकिस्तानी कैदियों की वापसी की व्यवस्था को कुछ दिनों के भीतर अंतिम रूप दिया जाएगा। आंतरिक मंत्री ने कैदियों की क्षतिपूर्ति में समर्थन के लिए श्रीलंकाई उच्चायुक्त को धन्यवाद दिया। नकवी ने कहा कि श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच संबंध

# रूस ने खारकीव में रेलवे पटरी और ट्रेन को उड़ाया

**कीव(हि.स.)।** यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में रूस ने हमला कर ट्रेन और रेलवे पटरियों को उड़ा दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खारकीव में रूसी सेना नए सिरे से भीषण हमला करने के बाद क्षेत्र से बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।



यूक्रेन के राष्ट्रीय रेलवे संचालक यूक्रजालिज्नित्सिया के मुताबिक रात भर किए गए हमले में इमारतों और मालगाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनियेहुबोव ने बताया कि रूस द्वारा 10 मई को खारकीव क्षेत्र पर आक्रमण शुरू करने के बाद से 11,000 से अधिक लोगों को वहां से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को क्षेत्र में अपने माता-पिता के बिना रह रहे 123 अनाथों 4 और बच्चों को अगले 60 दिन के लिए सुरक्षित स्थान पर भेजने की घोषणा की है।

## लंदन की कोर्ट ने मनी लांड्रिंग केस में महिला को सुनाई 80 महीने जेल की सजा

**लंदन (हि. स.)।** लंदन की अदालत ने मनी लांड्रिंग केस में शुक्रवार को एक महिला को 80 महीने जेल की सजा सुनाई। उसे पांच अरब पाउंड (6.3 अरब डॉलर) की धोखाधड़ी की आय को छिपाने में मदद करने के लिए बिटकॉइन को नकदी और संपत्ति में बदलने के मामले में दोषी ठहराया गया। अभियोजकों ने कहा कि वेन जियान ने 2014 और 2017 के बीच धोखाधड़ी वाली योजनाओं में 130,000 चीनी निवेशकों से कथित तौर पर चुराए गए धन को छिपाने में मदद की थी। उस पर धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप नहीं है। इसकी साजिश एक अन्य महिला ने रची थी। ब्रिटिश पुलिस ने 61,000 से अधिक बिटकॉइन वाले वॉलेट जब्त किए थे। 2021 में जब्त 61,000 बिटकॉइन का मूल्य 1.4 अरब पाउंड था। अब कीमत तीन अरब पाउंड से अधिक है। 42 वर्षीय वेन ने कहा था कि उन्हें बिटकॉइन से जुड़े आपराध के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मार्च में साउथवार्क क्राउन कोर्ट में जूरी सदस्यों ने उसे दोषी पाया था।

# छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान सकुशल संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव छिटपुट घटनाओं को छोड़कर सकुशल संपन्न हो गया। चिलचिलाती धूप में भी लोग घरों से निकले और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम को 6 बजे 53 फीसदी मतदान के साथ चुनाव सकुशल संपन्न हो गया। कहीं कहीं ईवीएम की खराबी से वोट कुछ देर के लिए रूका तो कहीं फर्जी वोट पर नेताओं के बीच कहा सुनी भी हुई। मधुपुर गांव में सपा ने आरोप लगाया कि गांव के लोगो को दबंगों द्वारा मतदान नहीं करने का फरमान सुनाया गया है जिसपर भारी संख्या में फोर्स मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला।इसी तरह सुजानगंज के घुरीपुर गांव अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को वोट नहीं डालने देने का आरोप था जिसपर प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित वोटिंग कराई तब जाकर मामला शांत हुआ। मुंगराबादशाहपुर व पवारा सुजानगंज क्षेत्र में कई बूथों पर ईवीएम को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई। ईवीएम सही होने तक मतदान रूका रहा।जौनपुर लोकसभा के तहत मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के साथ ही पवारा थाना क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा कर्मियों के तैनाती के चलते मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इस दौरान जहा एक दो स्थानों पर ईवीएम में खराबी की शिकायत आई जिसे जल्द ही ठीक कर दिया गया। नगर के की बूथों पर पानी की दिक्कत नजर आई। पुलिस महकमा पूरे दिन शिकायतों पर हांफती रहीं। मुंगराबादशाहपुर विधानसभा की बात करें तो इस बार सपा और भाजपा में सीधी टक्कर दिखीं जबकि बसपा कहीं भी लड़ती नजर नहीं आई।

# वोट डाल कर लोगों ने चुनी अपनी सरकार, नतीजा 4 जून को

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद और फूलपुर के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, अवधनामा के कहने पर लोगों ने अपनी सेल्फी पोस्ट किया। सेल्फी पोस्ट करने वालों में पूर्व विधायक दीपक पटेल, निवर्तमान सांसद केसरी देवी पटेल, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना परिवार सहित, शिक्षक नेता अनुज पांडेय, दीपू कुशवाहा, राहिब सिद्दीकी, जयप्रकाश तिवारी, सौरभ यादव, शांतनु तिवारी, अजय केसरी, दूधनाथ पटेल, हिमांशु ओझा, अंकित पासी, टीकेश गौतम, जगन्नाथ पाल और शाबिर सिद्दीकी आदि ने वोट देने के बाद अपनी सेल्फी अवधनामा को भेजी। सबने एक सन्देश जके जरिये कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जो संविधान ने उनको हक़ दिया इसका उन्होंने उपयोग किया और अपने मताधिकार के द्वारा अपनी सरकार चुनने का काम किया है। इस बार देखा गया लड़ाई इंडिया गठबंधन और एनडीए में बहुत ही कांटे कि है कोई कह नहीं सकता है कि किस डाल समूह की जीत होगी, कुछ भी हो लोकतंत्र मजबूत होगा

# रोड नहीं तो वोट नहीं के नारों के साथ किया मतदान का बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** जिले के महराजगंज ब्लाक के महाजी देवारा जदीद जमुनिहवा ग्राम सभा के लोगो ने लोक सभा चुनाव में वोट न देने का फैसला किया है। गांव वालों का कहना है कि भारत को आजादी मिले 75 साल से अधिक हो चूका है फ़िर भी गोपालपुर विधानसभा का देवारा क्षेत्र विकास के नाम से अछूता रहा है। यहाँ हर साल बाढ़ व बारिश के समय लोग अपने घरों से निकल तक नहीं पाते और पानी के जीवों से दो चार होना पडता है। कभी कभी तो अपनी जान भी गवानी पड़ जाती है। गांव वालों ने बताया कि हर चुनाव में पार्टिओं के नेता यहाँ का वोट लेने के लिए आते तो है परन्तु तराई क्षेत्र के गावों को मुख्य बंधे से जोड़ने वाले मार्गो और पुलों का निर्माण का वादा भी करते और वोट लेने के बाद सब कुछ भूल जाते है द्यगांव वालों ने कहा कि सांसद - विधायक के जीतने के बाद मिलने पर वे रास्ते व पुल के निर्माण को कभी प्रशासनिक अडचन बताते है तो कभी राजनितिक अडचन कि बात कह कर टाल देते है। गांव वालों ने बताया कि चिकनहवां ढाला पुल विगत 17 सालों से इसी उपेक्षा व गैर जिम्मेदाराना रवैये का शिकार हुआ खड़ा है कोई भी नेता इसकी बात करना उचित नहीं समझ रहा सिर्फ वोट लेने के लिए संपर्क साधने में लगा है। गांव के लोगों ने इस बार फ़िर देवारा विकास सेवा समिति के नेतृत्व में पुल और रोड के निर्माण को लेकर अपनी आवाज उठाई। गांव वालों ने गांव के बाहर व बंधे पर रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर- पोस्टर लगाकर वोट का बहिष्कार का किया।

# मतदान कर ईवीएम में बंद किया प्रत्याशियों की किस्मत





## मतदान को लेकर युवा व दिव्यांगो में दिखा उत्साह

एक कहावत है जिस ओर जवानी चलती है उसे ओर जमाना चलता है। यह कहानी उन युवा व दिव्यांग मतदाता के लिए है जिन्होंने लोकसभा चुनाव के मतदान में पहली बार वोटिंग किया है। युवाओं के लिए कई मतदान केंद्रों सेल्फी ज़ोन बनाए गए थे। युवाओं ने मतदान में बड़े ही सायंम और नियम के साथ अपने बरी का इंतजार कर मतदान किया। मतदान करने के बाद बाहर लगे सेल्फी जोन में लोगों ने खूब सेल्फीयां ली। युवाओं ने बताया लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर विकसित भारत व राष्ट्रीय हित में मतदान कर रहे हैं। पहली बार मतदान कर रहे युवाओं ने बताया कि शिक्षा रोजगार की उम्मीद को रखकर अपने सांसद चुनेंने का निर्णय लिया है जो सरकार छात्रों के हित में कार्य करेगी उसे ही युवा चुनेंगे। वही दिव्यांग मतदाता भी बढ़ चढ़कर वोट देते नजर आए।

## घूंघट की ओट से महिलाओं ने किया लोकतंत्र का दीदार

लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में उत्साह से भरपूर ग्रामीण वं शहरी क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए मतदान में अपनी जिम्मेदारी निभाई। महिलाओं ने लोकतंत्र का दीदार कर सशक्त बनाने में बढ़कर मतदान में हिस्सेदारी की। सास,बहू ,देवरानी ,जेठानी व पास पड़ोस की महिलाओं ने एक साथ लंबी लाइन के कतार में लगकर मतदान किया। घर के काम को छोड़कर लंबी-लंबी कतारों में लगी महिलाएं वोट डालने के लिए बड़े उत्साहित नजर आई। महिलाएं समूह के साथ मतदान केंद्र में पहुंची हाथों में मतदाता पर्ची पहचान पत्र के आई।तेज धूप में महिलाएं लाइन में लगकर घंटों अपने बरी का इंतजार कर मतदान किए।

अवधनामा संवाददाता

**शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ चुनाव**

**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में शनिवार को सदर व मछली शहर संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। मतदान शुरू होने से पहले पोलिंग पार्टियों ने जरूरी तैयारियां पूरी की मतदान सुबह 7:00 बजे से 6:00 बजे तक चला। अब चुनाव नतीजे 4 जून को प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेगा। मतदान शुरू होते ही बुथो पर मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। मतदान को लेकर युवाओं,महिलाओं में उत्साह च दिखा। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके संपन्न करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान कर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। सुबह से ही मतदान केंद्र पर लंबी कतार लगी रही। दोपहर से 3:00 बजे तक मतदान केदो पर मतदान की गति धीमी देखने को मिली। उसके बाद मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ बढ़ने लगी शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं में अधिक उत्साह देखने को मिला। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण निष्पक्ष तरीके से संपन्न करने के लिए प्रेषक ,जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सेक्टर जनरल मजिस्ट्रेट और अन्य अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति की जानकारी लेते रहे। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 73-जौनपुर लोकसभा क्षेत्र में सायं 5:00 बजे तक 52.52 प्रतिशत मतदान पड़ा। व लोकसभा 74-मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र में सायं 05:00 बजे तक 51.08 प्रतिशत मतदान पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के 2014 व 2019 का नारा सफल रहा: धनंजय



**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए छटवें चरण मे आज मतदान हो रहा है। जौनपुर लोकसभा सीट पर सिकरारा क्षेत्र के बनसफा गांव के प्राथमिक विद्यालय में पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने भाजपा को मतदान किया है। धनंजय सिंह की पत्नी जौनपुर से बसपा से चुनाव लड रही थी। आखिरी समय में बसपा ने उनका टिकट काट दिया था। अब धनंजय सिंह बीजेपी को समर्थन को समर्थन दिए है। धनंजय सिंह ने कहा कि हमने भाजपा के लिए मतदान किया है।लोगो से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। भाजपा के 2014 व 2019 का नारा सफल रहा। 4 जून को रिजल्ट आयेगा। भाजपा बेहतर लीड में रहेगी।

### केंद्रीय मूल्यांकन कार्य 26 मई को स्थगित रहेगा

**सराय ख्वाजा।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के मैकेनिकल वर्कशॉप पर चल रहे केंद्रीय मूल्यांकन सम सेमेस्टर 2024 का मूल्यांकन कार्य 26 मई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा। यह जानकारी केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर रामजीत सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि 27 मई से मूल्यांकन कार्य पूर्व निर्धारित समय से चलेगा।

### ग्रामीण रोड न बनने के कारण कर रहे थे मतदान का बहिष्कार समझाने पर किया वोट

**रामपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा छांगापुर द्वितीय बनपुरवा मैं ग्रामीण ने मतदान का दोपहर 1:00 बजे तक बहिष्कार किया। उनकी मांग थी कि रोड नहीं तो वोट नहीं। इसी मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार कर रहे थे। जिसकी सूचना उच्च अधिकारी को होने पर सीडीओ व एसडीएम मडियाहू ने गांव में पहुंचकर लोगों को समझा बूझकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद से ग्रामीणों ने मतदान मैं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए।

# मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या दिखी कम

**जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान ने किया पर्ची व वोटर आईडी चेक**

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मुबारकपुर में शनिवार को लोकसभा चुनाव का छठवां चरण का आरम्भ निर्धारित समय प्रातः 7 बजे से आरंभ हुआ मतदान केन्द्रों पर आरंभ में मतदाताओं की चहल पहल थीं। लेकिन दोपहर में केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या कम दिखी। दोपहर बाद एक बार फ़िर मतदाताओं की संख्या कुछ तेजी आई। गावों में मतदान केन्द्र पर टेन्ट की ब्यवस्था के साथ साथ पीने के पानी की ब्यवस्था ठीक थी। वहीं मुबारकपुर नगर के मतदान केन्द्रों पर विशेष रूप से पीने के पानी के लिए लोग व्याकुल नजर आए दुकान बंद होने के वजह से लोग इधर उधर पानी के तलाश में भटकते नजर आए। नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते कहीं टेन्ट लगाकर खानापूर्ति की गई थी।तो पीने का पानी का कही कोई प्रबंधन नहीं किया।

इसी क्रम में सदर लोकसभा कै अन्तर्गत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस कप्तान अनुराग आर्य ने मुबारकपुर इण्टर कालेज मुबारकपुर मतदान केन्द्र पर पहुंचे और वहां मतदाताओं के पर्ची व वोटर आईडी से मिलना किया कहीं कोई फर्जी मतदान नहीं पाया गया। मुबारकपुर में लोकसभा का चुनाव पर्व की तरह दिखा महिला पुरूष युवा सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग उत्साह पूर्वक किया। मतदान मौसम के तापमान के साथ दिन भर वातावरण को गर्म रखा। इस दौरान जिले के आला अधिकारी तो पहुंचे इसके अलावा थाना प्रभारी निरीक्षक निहार नन्दन अपने पुलिस दलबल के साथ लगातार चक्रमण करते रहे। इस मुबारकपुर में मतदान शांतिपूर्वक चलता रहा।

## मण्डलायुक्त व आईजी ने भ्रमणशील रहकर किया विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान व आईजी अखिलेश कुमार ने जनपद के 68-लालगंज एवं 69-आजमगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शनिवार को मतदान के दौरान भ्रमणशील रहकर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया और शांति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सभी मतदेय स्थलों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान होता पाया गया, किसी भी मतदेय स्थल पर कोई शिकायत नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त श्री चौहान ने मतदान केन्द्रों पर पेयजल व्यवस्था, विकलांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए मुहैया कराई गयी सुविधाओं आदि को भी देखा। उन्होंने पोलिंग एजेण्टों को निर्धारित स्थल पर ही बैठने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि मतदान प्रक्रिया में तेजी के साथ ही निष्पक्षता और पारदर्शिता को बनाये रखना सुनिश्चित किया जाय। भ्रमण के दौरान आईजी अखिलेश कुमार ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मिकों निर्देशित किया कि सतर्क नजर रखी जाय, किसी भी दशा में अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के पास मतदान केन्द्र कम्पोजिट विद्यालय पर एक गैर जनपद से तैनात पुलिसकर्मी की मुस्तैदी में कमी मिलने पर फटकार लगाते हुए ड्यूटी अनुशासित ढंग से पूरी सतर्कता के साथ किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सम्बन्धित जनपद के पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर इस सम्बन्ध में अवगत भी कराया।

## सपा नें मतदान को प्रभावित होने से रोकने की मांग लिखा मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के मुख्य चुनाव अभिकर्ता राज बहादुर यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर सगड़ी विधान सभा क्षेत्र के 14 बूथों पर सत्ता पक्ष बीजेपी के संरक्षित अपराधियों द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सगड़ी विधान सभा क्षेत्र के बूथ न.14, 15 व 16 सुभाष इंटर कालेज करखिया रूस्तम, बूथ न .27 प्राथमिक विद्यालय वातन, बूथ न. 52 व 53 प्राथमिक विद्यालय अजगरा मसर्की, बूथ न. 70 व 71 प्राथमिक विद्यालय मसुरियापुर, बूथ न. 77, 78 व 79 प्राथमिक विद्यालय बघावर ताहिरपुर बूथों पर सत्ता पक्ष बीजेपी के अपराधी व गुण्डे प्रवृत्ति के लोग सत्ता के संरक्षण में बूथ कैच्परिंग करना चाहते है। उन्होंने तत्काल उपरोक्त बूथों पर पैरा मिलेट्री फोर्स लगाकर मतदान को प्रभावित होने से रोकने की मांग की।

## मतदान केंद्रों कूलर और पंखे की व्यवस्था रही गायब, कर्मचारियों व मतदाता रहे बेहाल

**आजमगढ़।** लालगंज लोकसभा के फूलपुर नगर सहित सूदनीपुर ,उदपुर ,जौमा ,सदरपुर बरौली ,जगदीशपुर,आदि मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के निर्देश के बावजूद कूलर की व्यवस्था नही किया गया था।जिससे इस भीषण गर्मी में लोग बेना से हवा लेते हुए नजर आए। चुनाव आयोग की जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जिम्मेदार कर्मचारियों को कूलर की व्यवस्था करने का आदेश दिया गया था। यहाँ तक कि पंखा तक की व्यवस्था नही की गई थी। मतदान बूथ पर लगे कर्मचारी और बीएलओ बेना का सहारा लेकर मतदान को सम्पन्न कराने में अपनी जिम्मेदारी निभाते नजर आए। बीएलओ ममता यादव ,बॉबी, अनुराधा,जीनत आदि ने बताया ने बताया भीषण गर्मी से निजात पाने की व्यवस्था नही है। कन्या जूनियर हाई विद्यालय नगर पंचायत फूलपुर में भाजपा के पोलिंग अभिकर्ता सुनील पाण्डेय का कहना है कि चुनाव आयोग के आदेश के बावजुद कूलर और पंखे की व्यवस्था नही किया गया। जल का भी अभाव रहा।

# भीषण गर्मी के बावजूद दिखा उत्साह, सुरक्षा के रहे कड़े बंदोबस्त





**डिप्टी सीएम सहित प्रत्याशियों ने डाले वोट**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** शनिवार को प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों इलाहाबाद एवं फूलपुर पर सुबह सात बजे से मतदान आरंभ हुआ जिसमें नये मतदाताओं सहित युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों आदि ने उत्साह के साथ अपने मतों का प्रयोग किया। उ.प्र. के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सूबे के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी, इलाहाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, फूलपुर लोकसभा सीट से प्रवीण पटेल, फूलपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल आदि प्रत्याशियों ने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान के बाद पार्टी के प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी जीत का दावा करते हुए सरकार बनाने की बात कही। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने परिवार संग मतदान करने के बाद मीडिया से मुखाबित होते हुए कहा कि वोट डालना लोकतंत्र के महत्वपूर्ण पर्व पर हमारा अधिकार व कर्त्तव्य है। उन्होंने जनता से अपील भी की कि सभी मतदान करने जरूर जायें। उन्होंने दावा किया कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाने जा रही है। वहीं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने मेरी लूकस स्कूल एंड कॉलेज में पहुंचकर अपना मतदान किया। उन्होंने जनपदवासियों ने मतदान करने की अपील की। प्रयागराजवासियों से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने व अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। फिलहाल इन सबके बीच मतदाताओं ने भीषण गर्मी में भी मतदान करने के साथ अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति प्रेरित किया। मतदान को लेकर जिले भर में बनाये गये मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त रहे। भारी तादात में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रही। वहीं अधिकारियों द्वारा भी निरंतर जिले भर के मतदान केन्द्रों का निरंतर भ्रमण किया जाता रहा।

## पूर्व सांसद रेवती रमण को पुलिस ने थाने में बैठाया



**प्रयागराज।** मुसलमानों को वोट देने से रोकने की शिकायत करने पहुंचे पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इसके बाद बड़ी संख्या में सपा और कांग्रेस कार्यकर्ता करेली थाने पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध करने लगे। करेली स्थित लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालय को मतदान केंद्र बनाया गया है। यह मुस्लिम बाहुल्य इलाका है. यहां पर दोपहर से ही शिकायत मिल रही थी कि पुलिस के द्वारा यहां मुसलमानों को वोट देने से रोका जा रहा है। जिस पर कांग्रेस प्रत्याशी उज्वल रमण सिंह के पिता पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह इसकी शिकायत करने के लिए करेली मतदान केंद्र पर पहुंच गए। यहां पर उनकी पुलिस अधिकारियों से तीखी नोकझोक हो गई। इसके बाद पुलिस उन्हें लेकर थाने चली गई। रेवती रमण को हिरासत में लेने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में सपा और कांग्रेस के लोग थाने पहुंच गए।

## शत प्रतिशत मतदान हेतु मां दुर्गा की आरती और हवन पूजन



**आजमगढ़।** गोपालपुर विधानसभा के रग्घुपुर ग्रामसभा में प्रमुख समाजसेवी अरविंद चित्रांश अपने पूरे परिवार और ग्राम वासियों के साथ सुबह ही शत् प्रतिशत मतदान हेतु हवन पूजन, मां दुर्गा की आरती करने के बाद सामूहिक रूप से अपना मतदान किए। जय चित्रांश आजमगढ़ और अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत के संयोजक अरविंद श्रीवास्तव श्चित्रांशश् ने बताया कि देश हित और समाज हित में शत प्रतिशत मतदान के लिए ब्रह्माकुमारी कैलाशपति माताजी, प्रधान गीता पांडेय , सारिका श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, रिंकी श्रीवास्तव, ज्योति प्रकाश श्रीवास्तव, माही चित्रांश, चंदा पांडेय, रितेश पांडेय, पंडिताइन चाची कैलाशी देवी, सरिता पांडेय, सुष्मिता पांडेय, अंशिका चित्रांश, इलेश श्रीवास्तव आदि लोग सामूहिक रूप से रग्घुपुर मां दुर्गा की आरती और हवन पूजन किये।

# पीपल गांव और मांडा में मतदान का बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पीपल गांव छेत्र के भीटी तथा मेजा क्षेत्र के उमापुर कला गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर नारेबाजी की। भीटी गांव के लोग सड़क ना बनने तथा उमापुर गांव के लोग आरओबी का निर्माण न होने से नाराज थे।

मांडा इलाके के उमापुर कला गांव में आरओबी निर्माण की मांग को लेकर मतदान बहिष्कार पर अड़े गांव के 989 मतदाता मतदान करने को तैयार नहीं हैं। बीते दो दिन पहले उमापुर कलां बूथ संख्या 176 पर आरओबी की मांग को लेकर 989 मतदाता मतदान बहिष्कार की घोषणा कर चुके हैं। शनिवार सुबह सात बजे से 11 बजे तक पोलिंग बूथ पर एक भी मतदान नहीं हुआ है। मतदान केंद्र पर किसी भी प्रत्यशी के पोलिंग एजेंट तक मौजूद नहीं हैं। तहसीलदार मेजा प्रभात पांडेय मतदाताओं को समझाने में जुटे रहे, लेकिन बात नहीं बनी। इस दौरान पूर्व प्रधान गिरजा शंकर पांडेय, इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह,एलआईयू से शैलेश त्रिपाठी आदि रहे।


23 मई को ब्लॉक क्षेत्र के उमापुर कलां गांव में रेलवे ओवर ब्रिज की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पीएस परिसर में बैठक कर मतदान बहिष्कार की घोषणा की थी। मतदान बहिष्कार की सूचना पर स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया था। ब्लॉक क्षेत्र के उमापुर कलां, उमापुर खुर्द, टिकरी यादव बस्ती के ग्रामीण बीते आठ वर्ष से दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग स्थित उमापुर कलां गांव के सामने आरओबी निर्माण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के समीप तीन बार विरोध प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

तत्कालीन ग्राम प्रधान रहे गिरजाशंकर पांडेय की अगुआई में लामबंद हुए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन के साथ ही पीएम, सीएम, रेल मंत्री, सहित रेलवे अफसरों को पत्र भेजकर आरओबी निर्माण की मांग की थी। बावजूद इसके ग्रामीणों की मांग को अनसुना कर दिया गया। जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है। सन 2011 की जनगणना के मुताबिक उमापुर कलां व उमापुर खुर्द गांव की जनसख्या 1076 रही। वर्तमान में यह आंकड़ा 1442 के आसपास है और दोनों गांव में करीब 989 मतदाता है।

मेजा इलाके के उमापुर कला के ग्रामीणों ने ओवरब्रिज की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया है। तहसीलदार, एसडीएम और पुलिस अधिकारियों की कोशिशें नाकाम हो गईं।

# पर्यटन को बढ़ावा देकर आमदनी बढ़ाने की तैयारी कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार एक विशेष पर्यटन क्षेत्र के जरिए कई नई जगहों को पर्यटन हब बनाने पर ध्यान दे रही है। सर क्रीक, कोरी क्रीक के साथ



गुजरात पर्यटन धोलावीरा, शिवराजपुर को विशेष पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करेगी।

पिछले कुछ सालों में देश में पर्यटन क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। इसी साल जनवरी महीने की शुरुआत में लक्षद्वीप को मालदीव से बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर विवाद उठा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस दौरान उत्तर अरब सागर में स्थित लक्षद्वीप के लिए कई विकास परियोजनाओं की घोषणा थी। इसके बाद ट्रेवल पोर्टल्स पर लोगों ने लक्षद्वीप को भी खोजचना शुरू कर दिया। इन सबके बीच सरकार कई अन्य ऐसे स्थलों को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रही हैं जहां अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

इसी परियोजना के तहत गुजरात के कच्छ जिले के सर क्रीक और कोरी क्रीक जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर काम चल रहा है। यह क्षेत्र भारत-पाकिस्तान के बीच 96 किलोमीटर की जल पट्टी है, इसकी जलधारा को मूल रूप से 'बान गंगा' कहा जाता है। अब सरकार इस क्षेत्र को व्यापक तौर पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। गुजरात सरकार ने इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने के लिए एक मास्टरप्लान तैयार किया है। पर्यटकों को सांस्कृतिक, प्राकृतिक और रोमांचक अनुभव प्रदान करने के अलावा सरकार का उद्देश्य स्थानीय अर्थव्यस्था को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। इस परियोजना के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार से जुड़े सूत्रों के अनुसार अनुसार एक विशेष पर्यटन क्षेत्र (एसटीजेड) परियोजना के अंतर्गत इस क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। इस इलाके में सर नामक एक मछली पाई जाती है जिसके नाम पर इस क्षेत्र का नाम सर क्रीक पड़ा। यहां के व्यंजन का अपना एक इतिहास रहा है, इसके कारण बड़ी संख्या में अब भी लोग यहां घूमने हैं। सरकार इस क्षेत्र को अब पर्यटन हब के रूप में विकसित करेगी। सूत्रों के अनुसार इन परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार की ओर से भी धन मुहैया कराई जाएगी। जानकार बताते हैं कि इस परियोजना में नारायण सरोवर के तट जो उत्तर में स्थित है, यह पहले से ही धार्मिक पर्यटन स्थल है। कोरी क्रीक पर कोटेश्वर मंदिर पहले से धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। अब इसका विस्तार किया जाना है। सर क्रीक के साथ गुजरात पर्यटन धोलावीरा और शिवराजपुर को विशेष पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करेंगे। इस पूरी परियोजना के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह पर्यटन स्थल सीमावर्ती इलाके में है इसलिए आने-जाने वालों लोगों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस परियोजना के तहत एक बॉटनिकल गार्डन, खेल का मैदान और मैंग्रोव बोर्डवॉक की विकसित किया जाना है। इसकी लागत 17.6 करोड़ रुपये है। मेक माई ट्रिप के एक अधिकारी के अनुसार घरेलू पर्यटन स्थलों पर पिछले कुछ सालों से काफी अच्छा काम किया जा रहा है। कुछ साल पहले तक स्थानीय लोग ही इन पर्यटन क्षेत्रों में जाया करते थे। अब बाहर से भी लोग घूमने आ रहे हैं। धार्मिक पर्यटन स्थलों पर घूमने जाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अयोध्या, वाराणासी, मथुरा वृंदावन सहित चार धाम यात्रा के लिए पर्यटकों संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे स्थानीय लोगों रोजगार मिलता है और कई क्षेत्र के लोगों की अप्रत्यक्ष रूप से आय बढ़ती है।

भारत सरकार आंकड़ों के अनुसार घरेलू पर्यटकों की संख्या जनवरी से जून 2022 तक 1,731 लाख रही जो 2021 में 677 लाख थी। जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या जनवरी से जून 2023 तक 43.80 लाख रही जो 2022 में इसी समयावधि में 21.24 लाख थी। धार्मिक स्थानों में घरेलू पर्यटकों की संख्या साल 2022 में 14.33 लाख रही। वहीं 64.4 लाख विदेशी पर्यटकों ने इन स्थानों का भ्रमण किया। साल 2022 में इन धार्मिक स्थलों से 1.35 लाख करोड़ रुपये की आमदनी हुई।

## युवा एंटरेप्रेन्योर उदय भाटिया ने इन्वर्टर बल्ब का किया विकास

**गांवों में बिजली उपलब्ध कराने और स्थायित्व की दिशा में बहु-आयामी दृष्टिकोण के साथ भाटिया यह इनोवेशन लेकर आए हैं**

**लखनऊ।** युवा एवं उत्साही एंटरेप्रेन्योर उदय भाटिया ग्रामीण भारत में बिजली की कमी के मुद्दे को हल करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहे हैं। उनका इनोवेशन इन्वर्टर बल्ब जो बिजली चले जाने पर 10 घण्टे तक का पावर बैकअप देता है, इसके साथ भाटिया ग्रामीण लोगों के जीवन में बदलाव लाने और उनके घरों को रौशन करने के लिए प्रयासरत हैं। इस समाधान से असंख्य परिवारों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आया है, साथ ही यह पहल टेक्नोलॉजी के द्वारा समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने की भाटिया की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

हालांकि कई शहरों में ज़ीरो डाउन टाईम के साथ 100 फीसदी बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में भरोसेमंद बिजली का उपलब्ध न होना, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच अंतर पैदा करता है, जो देश के कई हिस्सों में बड़ी चुनौती है। जहां एक ओर शहरी क्षेत्रों में आमतौर पर बिजली की सशक्त एवं भरोसेमंद आपूर्ति जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाकर आर्थिक विकास को गति प्रदान करती है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बाधित ही रहती है। इससे न सिर्फ ग्रामीण लोग शिक्षा एवं आर्थिक अवसरों से वंचित रह जाते हैं, बल्कि यह सामाजिक असमानता देश की प्रगति में भी बाधक बनती है। ऐसे में एक समान विकास को सुनिश्चित करने के लिए इस अंतर को दूर करना ज़रूरी है। सभी समुदायों को आधुनिक तकनीकों से लाभान्वित करना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना आवश्यक है।

इस इनोवेशन के बारे में बात करते हुए श्री भाटिया ने कहा, ÷पहली बार मैंने इस मुद्दे की गंभीरता को तब समझा जब मैं उत्तरप्रदेश के बिचपुरी में एक एनजीओ आसरा फाउन्डेशन के साथ एक स्वयं सेवी प्रोग्राम में काम कर रहा था।बिचपुरी के एक छात्र से बात करने पर मुझे पता चला कि यहां के लोगों को दिन के ज़्यादातर समय बिजली मुहैया नहीं होती, जिसके चलते छात्रों की पढ़ाई में रूकावट आती है।''

उन्होंने ठान लिया कि वे इस मुद्दे को हल करेंगे और इसी दृढ़ इरादे के साथ इन्वर्टर बल्ब का विकास किया। कम्प्यूटर साइंस से ताल्लुक रखने वाले भाटिया ने गहन अनुसंधान एवं मल्टीपल प्रोटोटाइप्स के बाद यह आधुनिक प्रोडक्ट तैयार किया।

भाटिया के इन्वर्टर बल्ब से ग्रामीण लोगों को तुरंत राहत मिली। भाटिया ने समुदायों की मुख्य समस्या को समझा, यह समस्या थी इन बल्बों को चार्ज करने के लिए बिजली की सीमित उपलब्धता। उन्होनें ग्रामीण क्षेत्रों के स्थायी रूप से बिजली उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी इनोवेशन के साथ सशक्त बुनियादी विकास का बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया।

## ब्लैकबेरीज़ ने पूरे भारत में कॉम्प्लीमेंट्री रीफिट वार्डरोब सेवा देने की पेशकश की

**नई दिल्ली।** देश के फिट एक्सपर्ट के रूप में अपनी पहचान बना चुके प्रमुख समकालीन भारतीय मेन्सवियर ब्रांड ब्लैकबेरीज़ ने एक और अनोखा आइडिया पेश किया है जो ग्राहक सेवा को नए रूप में परिभाषित करता है। ब्रांड की अपनी तरह की पहली रीफिट सेवा के तहत, पूरे भारत के पुरुष अपने नजदीक स्थित चुनिंदा ब्लैकबेरीज स्टोर पर जा सकते हैं और अपने किसी सबसे पसंदीदा परिधान को स्टोर के फिटएक्सपर्ट द्वारा मुफ्त में पूरी तरह से फिट करवा सकते हैं। यह ऑफर 12 जून 2024 तक उपलब्ध है।

ब्लैकबेरीज़ के डाइरेक्टर नितिन मोहन ने कहा जब पुरुषों के परिधान तैयार करने की बारीकियों की बात आती है तो ब्लैकबेरीज़ को, तीन दशकों से भी ज्यादा समय से देश का फिटएक्सपर्ट माना जाता रहा है अपनी अनूठी रीफिट सेवा के माध्यम से, हम पूरे भारत के ग्राहकों को परफेक्ट फिट पहनने की खुशी का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करते हैं। इस कवायद के जरिए हम उन्हें यह दिखा पाने की उम्मीद करते हैं कि कैसे कोई बेहतरीन फिट




सबसे आकर्षक रूप-रेखा बना सकती है और आपके खुद को कैरी करने के तरीके में सकारात्मक बदलाव ला सकती है,

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए नितिन कहते हैं ब्लैकबेरीज़ की कॉम्प्लीमेंट्री रीफ़िट सेवा उन पुरुषों के लिए है जिनके पास कोई न कोई पसंदीदा कपड़ा मौजूद है भावनात्मक मूल्य रखने वाला कोई सूट या मनभावन फैब्रिक वाला कोई पसंदीदा जैकेट, जो फैशन के मौजूदा रुझानों के मुताबिक अपनी शक्ल और प्रासंगिकता खो कर उपेक्षित पड़ा हुआ है या बस हाल ही में खरीदी गई वह शर्ट, जो आपके मनमुताबिक फिट नहीं हो रही है। यहीं पर भारत के फिट एक्सपर्ट के रूप में ब्लैकबेरी की हुनरमंदी आपके पसंदीदा कपड़ों में नई जान फूंकती है!

चाहे वह कोई सूट हो, जैकेट हो पतलून की जोड़ी हो या ग्राहक द्वारा किसी अन्य ब्रांड से खरीदी गई शर्ट हो, ब्लैकबेरीज़ के फिट एक्सपर्ट उस पोशाक को मुफ्त में रीफिट कर देंगे। इस सेवा का उद्देश्य यह है कि पुरुषों को अपने पसंदीदा परिधान दोबारा पहनकर बदलते फैशन रुझानों के बीच स्टाइलिश और प्रासंगिक बने रहने में सक्षम बनाया जाए।

ब्लैकबेरीज़ महत्वाकांक्षी और जोशीले व्यक्ति यानी ऐसे कर्ता की जरूरतें पूरी करता है जो आत्मविश्वास, नवीनता और उद्यमशीलता की भावना को धारण किए हुए है। वर्ष 1991 से, इस ब्रांड ने त्रुटिहीन सिलाई और ऐसी आरामदायक व स्टाइलिश डिज़ाइनें पेश करके पुरुषों को बेहतरीन दिखने और महसूस करने के काबिल बनाया है, जो उन्हें भीड़ से अलग दिखाती हैं। किसी भी ब्रांड की अपनी पसंदीदा शर्ट, पतलून, या सूट - को चुनिंदा ब्लैकबेरी स्टोर में ले जाएँ और रीफिट की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव करें। यह सम्मान सूचक सेवा 12 जून 2024 तक पूरे भारत के चुनिंदा स्टोरों में उपलब्ध है, तो जल्दी कीजिए!

## सोनी इंडिया के एमडी और सीईओ एनपी सिंह देंगे इस्तीफा, 25 वर्षों से जुड़े हैं कंपनी के साथ

**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के एमडी और सीईओ एनपी सिंह ने अपना पद छोड़ने की घोषणा की है।अपने 44 वर्ष के करियर में एनपी सिंह ने 25 वर्ष कर सोनी पिक्चर्स के साथ काम किया है। इसके बाद वह अब सामाजिक परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के एमडी और सीईओ एनपी सिंह ने अपना पद छोड़ने की घोषणा की है। सिंह ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा, आज मेरे पास साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट है। मैंने एमडी और सीईओ के रूप में अपनी भूमिका से आगे बढ़ने का फैसला किया है। 25 साल तक कंपनी से जुड़े रहने के बाद वह अपने पद से हटने का फैसला किया है। अपने 44 वर्ष के करियर में एनपी सिंह ने 25 वर्ष तक सोनी पिक्चर्स के साथ काम किया है।

एनपी सिंह ने कहा कि अब वह सामाजिक परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। साथ ही वह अब परिचालन भूमिकाओं से सलाहकार भूमिकाओं में जाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, एसपीएनआई और इसकी सफलता के प्रति मेरी प्रतिबद्धता मजबूत बनी हुई है। यहां मेरे कार्यकाल के दौरान, हमने उद्योग के मानक स्थापित किए हैं। अपनी पहुंच का विस्तार किया है। साथ ही कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हूं कि सफलता की हमारी विरासत जारी रहे और नए नेतृत्व के साथ आगे बढ़े।

कंपनी ने जानकारी दी है कि उन्होंने अपने अगले एमडी और सीईओ पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। मगर जब तक कंपनी को पदभार संभालने के लिए सही व्यक्ति नहीं मिल जाता है, एनपी सिंह तब तक कंपनी में बने रहेंगे। वे सलाहकार की भूमिका में आ रहे हैं और उत्तराधिकारी की तलाश कर रहे हैं।

## पीएमओ में काम करने वाले पूर्व नौकरशाह होंगे ICICI बैंक के नए पार्ट टाइम चेयरमैन

**नई दिल्ली।** प्रदीप कुमार सिन्हा जीसी चतुर्वेदी की जगह लेंगे, जो 30 जून, 2024 को व्यावसायिक घंटों के बाद गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। सिन्हा ओएनजीसी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल आदि जैसे कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकार द्वारा नामित निदेशक रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने ICICI बैंक के पार्ट टाइम चेयरमैन के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। सिन्हा 1 जुलाई, 2024 से शुरू होने वाले तीन साल के कार्यकाल के लिए इस भूमिका को संभालने के लिए तैयार हैं। प्रदीप कुमार सिन्हा जीसी चतुर्वेदी की जगह लेंगे, जो 30 जून, 2024 को व्यावसायिक घंटों के बाद गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। सिन्हा ओएनजीसी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल आदि जैसे कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकार द्वारा नामित निदेशक रहे हैं। विशेष रूप से, वह इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के बोर्ड में लगभग 7 वर्षों तक और इसी तरह बीपीसीएल और एचपीसीएल के बोर्डों में लगभग 6 वर्षों तक रहे। उन्होंने लगभग 15 वर्षों तक बिजली और तेल और गैस मंत्रालयों में काम किया। उन्होंने वित्तीय सलाहकार और विशेष सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस; सचिव, बंदरगाह और जहाजरानी; और सचिव, विद्युत के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्हें ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, परिवहन, शहरी विकास और वित्त के क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल है। आईसीआईसीआई बैंक की वेबसाइट के अनुसार, सिन्हा 1976 में दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में परास्नातक करने के बाद 1977 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सेवा की, जिसके बाद उन्होंने ज्यादातर समय भारत सरकार में सेवा की और कैबिनेट सचिव के सर्वोच्च पद तक पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में जाने से पहले 4 साल से अधिक समय तक कैबिनेट सचिव के रूप में कार्य किया। वह 44 साल तक देश की निरंतर सेवा के बाद मार्च 2021 में वहां से सेवानिवृत्त हुए।

## रेंज रोवर 22 फीसदी सस्ती होगी, संगठित क्षेत्र में नौकरी बढ़ने का दावा; विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त हफ्ते में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 648.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। लगातार तीसरा सप्ताह है, जब भंडार में तेजी आई है। इससे पहले 5 अप्रैल के हफ्ते में यह रिकॉर्ड 648 अरब डॉलर के पार रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 10 मई के हफ्ते में विदेशी मुद्रा संपत्ति 3.36 अरब डॉलर बढ़कर 569 अरब डॉलर पर पहुंच गई। सोने का भंडार 1.24 अरब डॉलर तेजी के साथ 57.19 अरब डॉलर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रिजर्व 16.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.32 अरब डॉलर पर रहा। विशेष निकासी अधिकार के तहत 18.16 अरब डॉलर का रिजर्व रहा है।

जगुआर लैंड रोवर यानी जेएलआर भारत में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का उत्पादन करेगी। स्थानीय उत्पादन के साथ दोनों मॉडल की कीमत 18-22 प्रतिशत तक कम हो सकती है। 54 साल के इतिहास में पहली बार ब्रिटेन के बाहर इसका उत्पादन होगा। कंपनी का मालिकाना हक टाटा मोटर्स के पास है। स्थानीय उत्पादन से रेंज रोवर स्पोर्ट की कीमत इस साल अगस्त से 1.40 करोड़ रुपये होगी। अभी यह 1.90 करोड़ में आती है। रेंज रोवर का दाम 2.60 करोड़ होगा। अभी यह 3.3 करोड़ रुपये है।

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को देशों के बीच तनाव से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वित्त मंत्रालय ने कहा, देश की मजबूत जीडीपी से चुनौतियों का सामना करने में मदद मिल सकती है। साथ ही, चालू वित्त वर्ष में वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने में भी मदद मिलनी चाहिए। आर्थिक संकेत मजबूत हैं। मार्च तिमाही में जीडीपी के सात फीसदी से ज्यादा की दर से बढ़ने की उम्मीद भी है।

## आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष होंगे प्रदीप कुमार सिन्हा, आरबीआई ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। सिन्हा एक जुलाई, 2024 से अगले तीन साल तक इस पद पर रहेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रदीप कुमार सिन्हा आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष होंगे। रिजर्व बैंक ने सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वो जीसी चतुर्वेदी की जगह लेंगे, जो 30 जून, 2024 को गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। आईसीआईसीआई बैंक बोर्ड बैठक में सिन्हा को गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने की ऐलान किया गया था। उल्लेखनीय है कि प्रदीप कुमार सिन्हा ओएनजीसी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल आदि जैसे कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकार द्वारा नामित निदेशक रहे हैं। विशेष रूप से वह लगभग 7 साल तक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के बोर्ड में रहे।

# जेंटल मॉन्स्टर: शानदार 512 जीबी रोम वाले टेक्नो कैमॉन 30 सीरीज़ की बिक्री शुरू

**कैमॉन 30 सीरीज़ 19,999 रुपए की प्रभावी शुरुआती कीमत पर खरीदी के लिए उपलब्ध**

आखिरकार इंतज़ार की घड़ियाँ खत्म हुईं! ग्लोबल स्मार्टफोन, टेक्नो ने फोटोग्राफी की दुनिया में क्रॉंति लाने वाले स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है। फोटोग्राफी में नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया टेक्नो कैमॉन 30 सीरीज़ फोन स्टाइलिश कैप्चर के प्रति टेक्नो की प्रतिबद्धता को बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाता है। यह बहुप्रतीक्षित फोन दो स्टोरेज वैरिएंट्स में उपलब्ध है÷ कैमॉन 30 5जी और कैमॉन 30 प्रीमियर 5जी। यह फोन बिक्री के लिए 19,999 रुपए की किफायती कीमत से शुरू है। कैमॉन 30 सीरीज़ में 50




मेगा पिक्सेल के ऑटो फोकस फ्रंट कैमरा, सुपर नाइट मोड और एआई एन्हांसमेंट्स सहित भारत के पहले 100 मेगा ऑप्टिकल इमेज स्टैबिलाइज़ेशन मोड जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। कैमॉन 30 सीरीज़ के साथ, टेक्नो यूज़र्स को वह देखने के अवसर देता है, ÷जो पहले कभी नहीं देखा गया है÷। उच्च-स्तर के फोटोज़ और वीडियोज़ को सहजता से कैप्चर करने की सुविधा यूज़र्स के तमाम खूबसूरत पलों को सबसे अच्छी यादों में तब्दील कर देती है।

टेक्नो कैमॉन 30 सीरीज़ के साथ सबसे अलग अनुभव करने के लिए तैयार हो जाइए। इसमें पहली बार स्वेड लेदर बैक की सुविधा दी गई है, जो सोफिस्टिकेशन और लक्ज़री से भरपूर है। यह बिल्कुल प्रोफेशनल कैमरा की तरह अनुभव देता है और एक क्लासिक साइड-एक्सिस डिज़ाइन पेश करता है, जो पुराने आकर्षण के स्पर्श के साथ मॉडर्न टेक्नोलॉजी को सहजता से मिश्रित करता है।

कैमॉन 30 सीरीज़ के साथ क्रॉंतिकारी यात्रा में शामिल होने के लिए तैयार हो जाइए!

**तेज़ स्पीड**

टेक्नो कैमॉन 30 प्रीमियर 12 जीबी की विशाल एलपीडीडीआर5एक्स रैम के साथ आता है, जो यूज़र्स को आसानी से एक साथ कई टास्क्स परफॉर्म करने और एक ऐप से दूसरी पर स्विच करने की सुविधा देती है। यूएफएस 3.1-आधारित 512 जीबी स्टोरेज के साथ, यूज़र्स चुटकियों में अपने सभी पसंदीदा गेम्स डाउनलोड कर सकते हैं और अपने यादगार पलों को कैप्चर कर सकते हैं। वह भी स्टोरेज खत्म होने की चिंता किए बिना। यह फोन काफी तेज़ स्पीड से टास्क्स परफॉर्म करता है। ऐसे में, यह उन यूज़र्स को खूब आकर्षित करेगा, जो किसी भी मायने में समझौता करना पसंद नहीं करते हैं।

**नाईट स्लेयर परफॉर्मेंस**

घने अँधेरे में भी कैमॉन 30 प्रीमियर दृढ़ता से काम करता है। इस फोन का तेज़-तर्रार डी8200 5जी और पोलर ऐस एआई इमेज प्रोसेसर बड़ी ही खूबसूरती से फोटो में प्रकाश का स्पर्श जोड़ देता है और अंधेरे दृश्यों को बिल्कुल स्पष्ट बना देता है।

# थायराइड कैंसर एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चिंता का विषय है

**लखनऊ।** थायराइड कैंसर अन्य कैंसर की अपेक्षा बहुत कम देखने को मिलता है लेकिन वैश्विक स्तर पर यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चिंता



का विषय है। भारत में थायराइड कैंसर की घटना प्रति लाख जनसंख्या पर 5.4 है। इस आंकड़े की वजह से इस मूक खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक हो जाता है। थायराइड कैंसर के कई उपप्रकार हैं, जिनमें पैपिलरी थायराइड कैंसर सबसे प्रचलित रूप है। सुस्त, धीमी गति से बढ़ने वाले ट्यूमर से लेकर उच्च मृत्यु दर वाले आक्रामक रूपों तक थायराइड कैंसर का क्लीनिकल बिहेवियर (नैदानिक व्यवहार) व्यापक रूप से अलग-अलग होता है। थायराइड कैंसर की बारीकियों और इसके प्रबंधन को समझना सही इलाज प्रदान करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ के मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट कंसलटेंट डॉ नीरज अग्रवाल ने थायराइड कैंसर से लड़ने के लिए जल्दी पहचान और जागरूकता के महत्व को समझाते हुए कहा, ÷थायराइड कैंसर किसी भी उम्र के महिला या पुरुष को हो सकता है, लेकिन कुछ जोखिम फैक्टर, जैसे लिंग, आयु, रेडियेशन एक्सपोजर, पारिवारिक इतिहास और खानपान संबंधी आदतें खतरे को बढ़ा सकती हैं। गर्दन की सूजन, आवाज में बदलाव, निगलने में कठिनाई, क्रोनिक खांसी या गर्दन में दर्द जैसे संभावित संकेतों और लक्षणों के बारे में सतर्क रहना, प्रारंभिक डायग्नोसिस और समय पर इलाज में मदद कर सकता है।÷

थायराइड कैंसर विभिन्न उपप्रकारों में होता है। इन उपप्रकारों की अपनी अलग-अलग विशेषताएं होती हैं। पैपिलरी थायराइड कैंसर सबसे प्रचलित प्रकार है। यह कैंसर आमतौर पर धीमी गति से बढ़ता है और अक्सर इसका प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सकता है। फॉलिक्युलर थायरॉयड कैंसर 10 से 15त्न थायराइड केसों में योगदान देता है, यह हड्डियों और फेफड़ों में भी फैल सकता है।

मेडुलरी थायराइड कैंसर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होने वाला थायराइड कैंसर है। यह थायरॉयड ष्ट कोशिकाओं में उत्पन्न होता है। वहीं एनाप्लास्टिक थायरॉयड कैंसर बहुत ही दुर्लभ थायराइड कैंसर है, यह आक्रामक होता है और इसका इलाज मुश्किल होता है। इसके अलावा थायरॉयड लिम्फोमा भी थायरॉयड कैंसर का एक प्रकार है जो थायरॉयड के भीतर इम्यून सिस्टम कोशिकाओं में उत्पन्न होता है, यह भी बहुत दुर्लभ कैंसर है। थायराइड कैंसर की रोकथाम के लिए लिंग, आयु, रेडियेशन जोखिम, पारिवारिक इतिहास, आयोडीन की कमी वाली डाइट और आनुवंशिक बीमारियों जैसे जोखिम फैक्टर के बारे में जागरूकता महत्वपूर्ण है। नियमित स्वास्थ्य जांच और संदिग्ध लक्षणों का तुरंत मेडिकल इवेल्यूएशन (चिकित्सा मूल्यांकन) इस प्रकार के कैंसर का जल्द पता लगाने और इलाज के परिणामों को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। दरअसल अधिकांश थायराइड कैंसर का पता नियमित जांच या अन्य बीमारियों के इलाज के दौरान संयोग से लगाया जाता है। इसलिए थायराइड कैंसर को मूक खतरा माना जाता है। थायराइड कैंसर का इलाज कैंसर के प्रकार और स्टेज के आधार पर भिन्न होता है। सामान्य इलाज के तौर पर सर्जरी होती है। सर्जरी में थायराइड ग्रंथि (कुल थायरॉयडेक्टॉमी या आंशिक थायरॉयडेक्टॉमी) को निकाला जाता है।

सर्जरी के बाद बची हुई कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए रेडियोएक्टिव आयोडीन थेरेपी (ऋढ्ढ) का इस्तेमाल किया जा सकता है। कुछ केस में बाहरी बीम रेडियेशन का उपयोग किया जा सकता है, खासकर जब सर्जरी नही करनी होती है तो यह विकल्प अमल में लाया जाता है। कीमोथेरेपी का इस्तेमाल आमतौर पर एनाप्लास्टिक थायरॉयड कैंसर के लिए किया जाता है।

इसके अलावा टारगेटेड ड्रग थेरेपी कैंसर कोशिकाओं के भीतर विशिष्ट असामान्यताओं को टारगेट करने के लिए नई दवाओं का उपयोग करके, उनकी वृद्धि और प्रसार को रोकने में मदद कर सकती है। थायराइड कैंसर से लड़ने के लिए डॉक्टरों, नीति निर्माताओं और समुदाय को शामिल करने वाले एक सहयोगात्मक प्रयास की आवश्यकता है।

# आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई अधिसूचित किया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषण की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) को अधिसूचित किया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से शनिवार को जारी एक बयान के मुताबिक 24 मई, 2024 की अधिसूचना संख्या 44/2024 के माध्यम से चालू वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) अधिसूचित किया गया है। सीबीडीटी की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 और आकलन वर्ष 2025-26 के लिए सीआईआई 363 है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआईआई




348 था, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह 331 था।

उल्लेखनीय है कि लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करदाताओं द्वारा मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना करने के लिए किया जाता है।

## सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा के समर्थन में आयोजित की गई जनसभा

# हमने बदलते हुए भारत देखा है: योगी

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के मनियर इण्टर कालेज बाँसडीह में कहा कि कांग्रेस अगर सत्ता में आ गई तो तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से शुरू करा देगी।

मनियर इंटर कॉलेज ग्राउंड में सलेमपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी रविन्द्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र साफ साफ कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका मतलब कि देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी। इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा और महिलाओं को बुर्के में घर में ही दुबकना पड़ेगा। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है, जिसके बाद महिलाओं को संसद में उचित भागीदारी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार को लेकर उत्साह और उमंग है। चार जून के परिणाम अबकी बार 400 पार के संकल्प को पुख्ता करेंगे। इस चार सौ पार के स्वर को सुनकर सपा और कांग्रेस को चक्कर आने लगता है। वो चारो खाने चित हो जाते हैं। पूरे देश में जनता एक ही स्वर से कह रही है कि जो राम को लाएंगे हम उनको लाएंगे। हमने बदलते हुए भारत देखा है। आपका वोट जब कमल पर चिह्न पर जाता है तो केंद्र में मोदी जी को और राज्य में मुझे ताकत मिलती है। आज भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है। जब केंद्र में कांग्रेस में और राज्य में सपा की सरकार थी तो रोज बम विस्फोट होते थे। देश का कोई कोना नहीं छूटा था जहां बम विस्फोट नहीं होता था। तब ये लोग सीमापार आतंकवाद का बहाना बनाते थे। वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में आतंकवाद से निपटने में कोताही बरती जाती थी। आज तो जोर से पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। नया भारत विकास की गाथा लिख रहा है। देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है। वहीं पाकिस्तान की आबादी 23 करोड़ है, जो भूखों मर रही है। ऐसे में जो लोग पाकिस्तान की तरफदारी करते हैं उन्हें वहीं जाकर भीख मांगना चाहिए। योगी ने कहा कि 4 जून के बाद देश के 3 करोड़ गरीबों को एक एक मकान उपलब्ध कराने का काम भाजपा सरकार करेगी। बताया कि 500 साल की प्रतीक्षा को समाप्त करते हुए मोदी जी ने भव्य श्रीराम मंदिर में प्रभु रामलला को विराजमान कर दिया है। सपा और कांग्रेस तो रामभक्तों पर गोली चलाने वाले लोग हैं, आतंकवादियों के पैरोकार हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। कहते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी जबकि इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने के बाद ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को बांट देंगे, पर्सनल लॉ लागू करेंगे।

**चार जून के बाद देश के 3 करोड़ गरीबों को एक एक मकान उपलब्ध कराने का काम भाजपा सरकार करेगी: योगी**

एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है। हम आधी आबादी को सम्मान दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ तीन तलाक की कुप्रथा को कांग्रेस फिर से लागू करना चाहती है। यही नहीं ये कहते हैं कि सत्ता में आए तो अल्पसंख्यकों को उनकी रुचि के हिसाब से खाने की आजादी देंगे।

## मतदान व मतगणना के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**कुशीनगर।** मतदान के 48 घंटे पूर्व और मतगणना दिवस व मतगणना तक जिले में आबकारी की दुकानें बंद रहेंगी। यह निर्णय जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान एवं मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए लिया गया है। डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जिले में एक जून को मतदान और चार जून को मतगणना होना है। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान और मतगणना कराने के उद्देश्य से मतदान और मतगणना दिन को मद्यनिषेध दिवस घोषित किया गया है। इसको देखते हुए जिले की समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग और ताड़ी की थोक व फुटकर समेत सभी दुकानें 30 मई की शाम छह बजे से (मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान तिथि एक जून को मतदान समाप्ति होने तक और मतगणना दिवस चार जून को मतगणना समाप्ति तक जिले की सभी मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं है। आदेश का अनुपालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नौतपा में हो रही प्रचंड धूप सड़कें उगल रही आग



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** ज्येष्ठ मास में जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो नौतपा लग जाता है। ऐसे में सूर्य से निकलने वाली तेज किरणों से धरती तपने लगती है नौतपा 24 मई से लेकर 1 जून तक रहने वाला है। यानी पूरे 9 दिनों तक सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ेंगी। प्रचंड गर्मी और कड़ी धूप अपने शबाब पर है आसमान से आग बरस रही है तपती सड़कों पर आवागमन दुश्वार हो गया है। सड़कें आग उगल रही हैं जिसकी तपिश में राहगीर झुलस रहे हैं।चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन बेहाल कर दिया है।पिछले कुछ दिनों से चल रहे लू के थपेड़े राहगीरों को झुलसा रहे हैं। चिलचिलाती धूप भीषण गर्मी और लू से जन जीवन त्रस्त है।सड़कें आग उगल रही है सुबह 9 बजे के बाद से शाम के 6 बजे तक सड़कों पर निकलना दूभर हो गया है। गर्म हवा और लू के थपेड़े राहगीरों को बेहाल करने लगे हैं।जिले में गर्मी शबाब पर है। चिलचिलाती धूप राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। राहगीर चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण काफी परेशान हुये। लोग सड़कों किनारे छाया की तलाश करते नजर आए। बढ़ती गर्मी से मवेशी और पक्षी भी बेहाल नजर आ रहे हैं।इधर सूखे तालाब मवेशियों के लिये पेयजल संकट भी खड़ा कर रहे हैं। भीषण गर्मी में विद्युत कटौती भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है।

# कांग्रेस प्रत्याशी सहित तेरह लोगों पर मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** कांग्रेस प्रत्याशी सहित 13 लोगों पर आदर्श आचार संहिता के उलंघन का केस बाजार शुकुल थाने में दर्ज हुआ है। संसदीय क्षेत्र अमेठी में पांचवें चरण में लोकसभा का चुनाव संपन्न हो गया है। कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा थाना क्षेत्र बाजार शुक्ल अंतर्गत मंगरौली चौराहे पर लोगों से मिल रहे थे बताया गया है की वहां काफी भीड़ थी जिसकी अनुमति भी प्रशासन से नहीं ली गई थी पुलिस के संज्ञान में आने के बाद उन पर कार्रवाई की गई है।

बाजार शुक्ल थाने में तैनात दरोगा की तहरीर पर थाने में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा समेत 13 नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण बिना अनुमति भीड़ इकट्ठा करना कांग्रेस प्रत्याशी को महंगा पड़ गया है हल्का दरोगा वीरेंद्र कुमार पांडे की तहरीर पर बाजार शुक्ल थाने में 143, 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। चुनाव समाप्त होने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा पूरे जिले में लोगों से मिल रहे हैं थाना अध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि बिना एसडीएम की



अनुमति के अधिक संख्या में लोगों का इकट्ठा होना धारा 144 का उल्लंघन है मामले को संज्ञान में लेकर अभियोग पंजीकृत किया गया है उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अज्ञात लोगों की पहचान की जाएगी नाम जद कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा समेत 13 लोग नामजद किए गए हैं। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया है की अमेठी लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा कल शुकुल बाजार के एक परिवार के यहां शोक संवेदना व्यक्त कर लौट रहे थे। रास्ते में कई वरिष्ठ व सामाजिक लोग कांग्रेस प्रत्याशी के एल शर्मा को शिष्टाचार मुलाकात हेतु रोक लिए लोगों को देखकर किशोरी लाल शर्मा रुक गए। किशोरी लाल शर्मा पर मुकदमा निंदनीय है।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गड्ढे में गिरी, एक की मौत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के दादोंपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार को हुंडई कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर गड्ढे में जा गिरी।

**पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के दादोपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई हादसा**

इसमें सवार एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के दांदोपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर गड्ढे में गिरी हुंडई कार में सवार रेहाना खातून पत्नी अब्दुल मजीद ग्राम देवरिया बनखंडी स्थान थाना रविंद्र नगर उम्र 40 वर्ष की मृत्यु हो गई। कुतुबुद्दीन अंसारी पुत्र अब्दुल रहीम ग्राम टिकर परसौनी थाना चौक जनपद महाराजगंज और



जैनब पुत्री अब्दुल मजीद उम्र 17 वर्ष, हबीबा पुत्री अब्दुल मजीद उम्र 15 वर्ष, आरिफ पुत्र अब्दुल मजीद उम्र 8 वर्ष, आसिफ पुत्र मजीद उम्र 10 वर्ष, आरिल पुत्र मजीद उम्र 12 वर्ष निवासीगण देवरिया बालखंडी स्थान थाना रविंद्र नगर कुशीनगर को गंभीर चोटे आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए पीएम हाउस भिजवाकर अग्रिम विधिक कार्रवाई मे जुटी हुई है।

# ईनामी योजना ने बढ़ाया मतदान का प्रतिशत 63 फीसदी हुआ मतदान

अवधनामा संवाददाता

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के लिए चलाई गयी इनामी योजना का असर जिले में दिखाई पड़ा। चिलचिलाती धूप में सुबह से हुई वोटिंग की बरसात देर शाम तक मतदान केंद्रों पर चलती रही। हालांकि तपतपाती दोपहरी एवं उमश भरी गर्मी में मतदाताओं की रफ्तार बूथों पर थोड़ी धीमी जरूर हुई। लेकिन छिटपुट बुंदाबांदी की तरह मतदाता एक-एक कर अपने मतों का प्रयोग चिलचिलाती धूप में भी करते रहे। जिसका नतीजा रहा सुबह 9 बजे के करीब तक 15 प्रतिशत, दोपहर 11 बजे तक 30 प्रतिशत जा पहुंचा और 1 बजे तक 42 फ़ीसदी के आंकड़े को पार कर गया।और शाम 3 बजे तक साढे 52 फ़ीसदी के करीब पहुंच कर रिकॉर्ड बनाने की तरह अग्रसर हो गया। दोपहर को धीमी पड़ी मतदान की रफ्तार ने 3 बजे के बाद



पुनः रफ्तार पकड़ी जिसका नतीजा रहा कि मतदान शाम 5 बजे तक 60 फीसदी के करीब पहुंच चुका था। अंतिम समय तक पिछली बार का रिकॉर्ड टूट गया और मतदान करीब 63 फ़ीसदी के करीब जा पहुंचा। जनपद में बढ़े हुए मतदान को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अंबेडकर नगर अविनाश सिंह की पहल पर मतदाताओं के लिए शुरू की गई इनामी योजना को भी आधार माना जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदान महोत्सव को लेकर जहां ऐतिहातन क्षेत्र के प्रमुख बाजार बंद रहे ।वहीं पर मतदान को कुशलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा वालों के साथ अर्धसैनिक बलों की तैनाती भी गई थी। क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों अतिरिक्त पुलिस बल के जवान भी लगाए गए थे।मतदान केंद्रों की स्थित का जायजा लेने के लिए सुबह से ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भ्रमण करते रहे।तो वहीं उप जिलाधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता, तहसीलदार, बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह, हंसवर थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे, क्विक रिस्पांस टीम व भारी पुलिस बल के साथ मतदान केंद्रों पर भ्रमण कर निगरानी करते रहे। बाजारों के बंद होने से सड़कों एवं बाजारों में सन्नाटा भी पसरा रहा। वही हंसवर थाना क्षेत्र में ईवीएम मशीन का डेमो दिखाने पर चार लोगों के विरुद्ध किए गए शिकायत को संज्ञान में लेते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट ने सिंह पुर से मोनू यादव व शनि तथा सेमरा नसीर पुर के मोहम्मद सफीक पुलिस के हवाले कर दिया।

## पिछड़े समाज के बल पर भाजपा खटाखट करेगी 400 पार: आरपीएन



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** लोकसभा चुनाव के हलचल के बीच राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह देवरिया पहुचे और हिरंदापुर,परसिया मल्ल,कोल्हुआ और बोडिया सुल्तान में लोगो से मुलाकात कर संवाद किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि भाजपा पिछड़े समाज के लोगों के बल पर इस बार 400 खटाखट पार करेगी। भाजपा ने पिछडो को सम्मान देते हुये नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया, मुझे राज्यसभा में,पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। छठवे चरण के आज चुनाव के बाद भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 400 सीटों के करीब पहुच चुकी है और अंतिम चरण में 400 का आंकड़ा पार कर लेगी।इंडी गठबन्धन प्रधानमंत्री मोदी के आगे आज नेस्तनाबूत हो चुका है।यूपी और बिहार के शहजादे के लिए अपना परिवार ही सब कुछ है, जबकि मोदी के लिए तो आप ही परिवार और वारिस हैं।भाजपा और कांग्रेस में फर्क साफ है बीजेपी को भारत की विरासत पर गर्व है, जबकि कांग्रेस को विभाजन पर। इस दौरान संजय सिंह, नवीन सिंह, जितेन्द्र सिंह,रणविजय सिंह,राकेश शुक्ला, रामदास मिश्रा, अम्बिकेश पाण्डेय, पिंकू सिंह, बच्चा सिंह, अक्षयवर मल्ल, अनिल मल्ल, रमेश सिंह, राजू मल्ल, तारा मल्ल आदि रहें।

# प्रदेश अध्यक्ष ने दिए कार्यकर्ताओं को चुनावी मंत्र

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** शनिवार, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं को चुनावी मंत्र देते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या है कार्यकर्ताओं की बूथ स्तर से लेकर विधानसभा और जिला स्तर तक हमने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी हैं । दल के प्रति ईमानदारी पूर्वक कार्य करना हमारी प्राथमिकता है। यहां बैठे सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ता अपने बूथ पर पन्ना प्रमुख जरूर होंगे। पहला काम मतदाता सूची को पढ़ना है इससे ये पता चल जायेगा कि आपका मतदाता कौन है।

प्रधानमंत्री की प्रस्तावित सभा के बाद सभी लोग मतदाता सूची का अध्ययन करें । हमे ऐसे लोगों को चिन्हित करना है जो पार्टी के प्रति अपनी रुचि दिखाते हैं लेकिन किसी कारण से नाराज हैं हमे उनको मानना है । मतदाता पर्ची को घर घर जाकर हर परिवार में वितरित करना है । मतदान



प्रतिशत बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं से संपर्क करें। पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाने का आग्रह करें । जितना अधिक से अधिक बूथ प्रबंधन का काम ईमानदारी पूर्वक होगा परिणाम उतने ही मजबूती से हमारे पक्ष में आएंगे। 403 विधानसभाओं में से 200 विधानसभा को मुख्यमंत्री जी ने कवर किया है। हर चरण में प्रधानमंत्री जी लगभग 40 कार्यक्रम कर चुके है वहीं विपक्ष के नेता चाहे वो राहुल गांधी हों या अखिलेश यादव हों अभी तक 15 से 20 सभाएं ही कर पाए हैं । इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने बसपा के क्वाडिनेटर शिवानंद राय को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक को निवर्तमान सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि, चुनाव में अंतिम दिन सबका दायित्व अपने अपने बूथ पर बढ़ जाती है ऐसे में हम सभी का ये कर्तव्य है कि प्रत्येक मतदाता को घर से निकाल कर बूथ तक पहुंचाएं। बैठक को मुख्य रूप से

**वोटरों को मतदान केंद्र टकले जाना हमारे लिए चुनौती**

**403 विधानसभाओं में से 200 विधानसभा को मुख्यमंत्री जी ने कवर किया है**

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री शोभा शुक्ला ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने की । बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। इस अवसर पर एमएलसी डा रतनपाल सिंह, विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, सुरेंद्र चौरसिया, लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही, जिला प्रभारी संतराज यादव, जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, राजेश मिश्रा, महामंत्री रविंद्र कौशल, श्रीनिवास मणि, भारती शर्मा, पवन मिश्रा, प्रवीण मल्ल, रंजीत सिंह, सभी विधानसबाओं के संयोजक, प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, प्रभारी और विस्तारक उपस्थित रहे।

# युवाओं का जोश देख कर अखिलेश गदगद दिखें

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आज देवरिया पहुंचे जहा पर अखिलेश यादव जिंदाबाद इंडिया गठबंधन जिंदाबाद के खूब नारे लगे। युवा खूब जोश में दिखे। युवाओं का जोश देख कर अखिलेश यादव काफी गदगद दिखें।

पथरदेवा कस्बे में के आचार्य देव इंटर कालेज ग्राउंड में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह, और अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह के पक्ष में एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीधे जनता से पूछा की भाजपा कहती है की हम दो करोड़ नौकरी देगे क्या आप सभी को नौकरी मिली। जिसपर युवाओं ने कहा की नही, देवरिया में कोई कल कारखाने लगे, फिर जनता ने कहा नही।जितनी बार अखिलेश यादव ने जनता के मुद्दो को लेकर जनता से संवाद किया तो लोगो ने जमकर नारे



लगाए। अखिलेश यादव ने जनता से अपील की कि आप लोग देवरिया से इंडिया गठबंधन से कागेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह को और कुशीनगर से सपा प्रत्याशी अजय सिंह उर्फ पिंटू सिंह को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।वही पत्रकारों से बात करते हुए कहा की यह सरकार संविधान बदलना चाहती है जिसे देखते हुए इस बार जनता इस सरकार को ही बदल देगी। सपा कांग्रेस का गठबंधन एक एक ग्यारह है,और इनका गठबंधन एक एक जीरो है वही यूपी के मुखमंत्री योगी आदित्यनाथ को को उल्टा पुल्टा मुख्यमंत्री बताया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया लोगों वितरित किया मतदाता पर्ची

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण, सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता के अंतर्गत आज जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने नगर पालिका क्षेत्र कुशीनगर (कसया) में मतदाता गणों को लोकतंत्र के महापर्व में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रण पत्र के साथ-साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता पर्ची का वितरण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदातगणों को आमंत्रण पत्र देकर वोट देने हेतु निमंत्रण भी दिया। आज उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए आप सभी की भागीदारी आवश्यक है, कहा कि सभी को अपने साथ साथ परिवार के सदस्यों सहित आस पास के लोगों को बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी



निभानी होगी, मतदाता गणों को स्वतंत्र तथा निष्पक्ष माहौल में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ने से मजबूत लोकतंत्र का निर्माण होगा।

श्रमिक, युवा, बुजुर्ग तथा महिला मतदाताओं को वोटर पर्ची प्रदान करते हुए मतदान करने हेतु प्रेरित एवं आमंत्रित भी किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी जनों से अपील किया की मतदान के दिन अपने बुथ पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, तथा मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने 18 वर्ष से ऊपर के सभी मतदाताओं को आह्वान किया की मतदान के दिन अपने बुथ पर पहुंच कर अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। मतदाता पर्ची वितरण घर-घर जाकर सभी बी एल ओ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के दृष्टिगत मतदाता पर्ची का वितरण करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी का लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

**अमेठी।** भीषण गर्मी का इन दिनों लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण अस्पताल में मरीजों की तादाद बढ़ गई है। जिले में भीषण गर्मी और तेज लू के उल्टी दस्त और पेट दर्द से पीड़ित मरीज से अस्पताल खचाखच भरे पड़े हैं। ओपीडी में जुकाम बुखार पेट दर्द के मरीज ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। एक पखवारे से मौसम काफी गर्म हो गया है। तेज गर्म हवा ने जहां बाहर निकलने वाले लोगों को नुकसान पहुंचाया वहीं इसका प्रभाव सभी के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। दिन में गर्म हवाओं के साथ मौसम शुष्क रहता है वहीं भोर में सर्द हो जाता है जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यही कारण है कि जुखाम बुखार के मरीजों की भरमार हो गई है। अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं। झोलाछाप डाक्टर भी इस मौसम में मलाई काट रहे हैं। जहां लोगों का जमकर शोषण हो रहा है। चिकित्सक लगातार लोगों को धूप से बचने की सलाह दे रहे हैं।

# कुशीनगर में खेत में बोरिंग करते समय पाइप में उतरा करंट, दो मरे, तीन गंभीर



खेत में बोरिंग करने का स्थल



**चौरा खास के लक्ष्मीपुर महंथ में हुई इस दुर्घटना से मची अफरा-तफरी**

**दुर्घटना में झुलसे तीन अन्य मजदूरों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** चौरा खास थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर महंथ में शनिवार को हृदय विदारक घटना सामने आई। खेत की सिंचाई के लिए बोरिंग करते समय लोहे की पाइप में हाई-वोल्टेज करंट उतर आया, जिससे दो मजदूरों की मौके पर ही मृत्यु हो गई और तीन का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा। दुर्घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं जान गंवाने वाले मजदूरों के घरों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की।

बताया जा रहा कि तीर्थराज ओझा गांव से सटे खेत में सूख रही गन्ने की फसल की सिंचाई के लिए बोरिंग करा रहे थे। लगभग 50 फिट गहरे खोदाई के बाद दोपहर एक बजे मजदूर लोहे की पाइप डाल रहे थे। इस बीच पाइप का ऊपरी हिस्सा खेत से होकर गुजरे हाई-वोल्टेज तार से जा सटा। पाइप में करंट उतर आया। पाइप पकड़े 50 वर्षीय बुधन व 35 वर्षीय छोटेलाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि 50 वर्षीय रवींद्र कुशवाहा, 42 वर्षीय पंचम प्रसाद व 45 वर्षीय लाल बहादुर बुरी तरह झुलस गए। सभी मजदूर क्षेत्र के ही रहसू जुनोबीपट्टी के टोला दुबेपट्टी के निवासी हैं। दुर्घटना में झुलसे मजदूरों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग भाग कर मौके पर आए तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। कुछ ही देर में यह खबर पूरे इलाके में फैल गई। मरने की खबर मिलते ही बुधन व छोटेलाल के स्वजन बिलख उठे। चीख-पुकार मच गई। ऊधर 108 नंबर पर सूचना दी गई। एंबुलेंस की मदद से घायल मजदूरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर ले जाया गया। तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच झुलसे मजदूरों के बारे में जानकारी ली। प्राथमिक उपचार के बाद अपेक्षित सुधार न होने पर डाक्टरों ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मोटा भाई के एक फोन कॉल से जिले की सियासी तस्वीर बदली

**अवधनामा संवाददाता**

> गृहमंत्री के फोन के बाद गांव व गलियों में पहुंचे कुर्मी बिरादरी के बड़े नेता

**सुलतानपुर।** जिले में 22 मई को कादीपुर में मुख्यमंत्री योगी नाथ आदित्यनाथ की जनसभा भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के पक्ष में चल रही थी। सभा के समापन की बाद मोटा भाई यानी गृहमंत्री अमित शाह का एक फोन सत्ता पक्ष के एक बड़े जिम्मेदार पदाधिकारी के पास आया। फोन में सीधी सपाटी बात कहीं गई कि सुल्तानपुर से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी की जीत होनी चाहिए। यह कैसे होगा? आपकी बिरादरी के वोट अधिक से अधिक संख्या में कैसे मिलेंगे? यह आपकी जिम्मेदारी है? इतना कह कर गृह मंत्री का फोन कटा नहीं की जिम्मेदार बड़े नेता आनन-फानन में अपनी बिरादरी को एकजुट करने की मुहिम में लग गए। बताया जाता है कि उसी दिन से कुर्मी बिरादरी के वोटो ने खुलकर भाजपा के पक्ष में बोलना शुरू कर दिया। गुरुवार को तो कुर्मी बाहुल्य इलाकों में इस बिरादरी के चौधरी के साथ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में यह संदेश दिया गया कि बसपा प्रत्याशी जो कुर्मी बिरादरी का है। वह जीत के कगार पर नहीं है। उनकी माने तो शायद वह तीसरे पायदान की लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे में बिरादरी का वोट उसे न देकर खराब न किया जाए। कुर्मी बिरादरी के वोट भाजपा की पक्ष में कराया जाए। बिरादरी के एक बड़े चौधरी ने बताया कि अब कुर्मी बिरादरी का वोट एकमुश्त भाजपा के पक्ष में जाएगा। यही नहीं जिले के इसी बिरादरी के एक माननीय भी अब करिया हो गए हैं। उनके पारिवारी जन अब बिरादरी का वोट दिलाने के लिए जोर लगा रहे हैं। बताया जाता है कि केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराने के बाद कुर्मी बिरादरी के बड़े पार्टी पदाधिकारियों व नेताओं में चाबी भरी गई है। सांसद व भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी का चुनाव प्रचार निर्णायक दौर में पहुंच गया है। लोगों की माने तो वह बड़े वोटो से जीत हासिल करने जा रही है।

सांसद मेनका गांधी के पुत्र सांसद वरुण गांधी फिर सुल्तानपुर पहुंचकर युवा वोटरों, पार्टी के नेताओं तथा अपनी करीबियों के साथ मां मेनका गांधी के लिए वोट मांग रहे हैं। उनके चुनाव प्रचार की कमान संभाल लेने से मेनका गांधी की स्थित पहले से अधिक मजबूत हो गई है। पार्टी के नेता अब घर-घर जाकर लोगों से मेनका गांधी के पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं। हो चाहे जो लेकिन मोटा भाई गृह मंत्री के एक फोन से जिले के सियासत बदल गई है।

# पत्नी व माता के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया मतदान



**अवधनामा संवाददाता**

> 4 जून को इंडिया गठबंधन की होगी ऐतिहासिक जीतः अभिषेक सिंह राणा

**सुलतानपुर।** लोकतंत्र के इस महापर्व में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा अपनी पत्नी जिला पंचायत सदस्य सोनी सिंह व माता श्रीमती इंदु लेखा सिंह के साथ मोतिगरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय नोनरा लामा बनकठा पहुंचकर मतदान किया। मतदान के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा जनपद वासियों को लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। मतदान करने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि सुल्तानपुर ही नहीं देशभर के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के मुद्दे को लेकर बड़ी संख्या मतदान कर रहे हैं। इस बार देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, ध्वस्त कानून व्यवस्था को वोट की चोट देकर लोकतंत्र और संविधान की हिफाजत करने जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राम भुआल निषाद के पक्ष में सुल्तानपुर की जनता भारी संख्या में मतदान कर रही है और आने वाली 4 जून को सुल्तानपुर में इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी।

## मतगणना के लिए आयोग द्वारा नामित किये गये प्रेक्षक

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक नामित कर दिये गये हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.), 283-नानपारा, 284-मटेरा तथा 286-बहराइच के लिए आई.ए.एस. अधिकारी अनिल राज राय को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईज़निंग आफिसर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी का मोबाइल नम्बर 9717279623 है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 285-महसी तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 कैसरगंज (आंशिक) अन्तर्गत 287-पयागपुर व 288-कैसरगंज के लिए एस.सी.एस. रूपश्री के. को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईज़निंग आफिसर सहायक अभियन्ता, उ.प्र. लघु उद्योग निर्माण नि.लि. चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी का मोबाइल नम्बर 9450531248 व सिंचाई निर्माण मण्डल, कल्पीपारा बहराइच विजय लक्ष्मी अम्बेडकर का मोबाइल नम्बर 9305381719 है।

# पैर में प्लास्टर के बावजूद युवती ने दिया अपना वोट

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 6वे चरण के दौरान शुक्रवार (25 मई) को सुल्तानपुर में भी वोटिंग हुई। इस दौरान कई मतदाता तमाम मुश्किलों के बावजूद पूरे जोश में नजर आए। सुल्तानपुर में युवाओं से लेकर बूढ़ों तक मतदान को लेकर खासा उत्साह नजर आया। कई ऐसी तस्वीरें सामने आई जो अपने आप में मतदाता जागरूकता के लिए पर्याप्त हैं। लोकतंत्र के महापर्व का उत्साह युवाओं में खासतौर पर बेहद ज्यादा देखा गया। सुल्तानपुर में एक दुर्घटना की शिकार हुई युवती अपने पैर में प्लास्टर चढ़ा होने के बावजूद मतदान करने पहुंची। दूबेपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत भाई मतदान केंद्र पर अदरा खातून (28) नाम की यह युवती मतदान करने आई थी। अदरा खातून ने अपने भाई फैजान खान व मिजान के साथ मतदान के बाद संदेश देते हुए कहा, 'मेरे पैर में प्लास्टर चढ़ा हुआ है लेकिन मैंने सोच रखा था कि मुझे किसी भी कीमत पर मतदान करना है। मैंने वोट डाला है मुझे बहुत खुशी है।' बुजुर्ग महिलाओं का मतदान के प्रति उत्साह देखने लायक था। मतदान केंद्र कानूपुर भतीजे लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के साथ पहुंची कानूपुर गांव निवासी गायत्री देवी (108) ने बताया कि आज तक जितने चुनाव हुए हैं द्य,सब में वह मतदान के लिए पहुंचती हैं। पहले अकेली आई थी अब भतीजे के साथ आती हैं।

# सभासद ने दिलवाई मतदाता पर्ची



**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** निर्वाचन प्रणाली के छठवें चरण में सुलतानपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 25 मई 2024 को चुनाव-आयोग द्वारा विभिन्न केंद्रों पर सुचारू रूप से संपन्न हुआ।इसी कड़ी में केशकुमारी बालिका इंटर कॉलेज, सिविल लाइन, सुलतानपुर स्थित बूथ संख्या-204 के मतदाताओं को क्षेत्र के बीएलओ द्वारा चुनाव पूर्व मतदाता पर्ची ना बाँटे जाने की काफी शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। मौके की गंभीरता को देखते हुये नगर-क्षेत्र के नगर पालिका परिषद्, सुलतानपुर; के लाल-डिग्गी वार्ड के सभासद भैया दीप सिंह के सक्रिय प्रयास से मतदान हेतु मतदाता सूची में पंजीकृत योग्य मतदाताओं को मतदाता पर्ची की त्वरित व्यवस्था की गयी।बीएलओ द्वारा की गयी इस लापरवाही के बावजूद मतदान के दिन लाल-डिग्गी वार्ड के सभासद के द्वारा समय रहते मतदान पर्चियों की व्यवस्था कराने एवं मतदाताओं की सुगमता के लिये विवेकपूर्ण प्रयास से दोपहर 01:00 बजे सर्वाधिक वोटिंग का रिकार्ड भी बना।जहाँ क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं व वृद्धजनों में मतदान के पश्चात खुशी की लहर है, वहीं क्षेत्रीय बीएलओ के खिलाफ शिकायत व रोष व्याप्त है।

# राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से राजनैतिक दलों, प्रत्याशियों एवं प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद बहराइच में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना कार्य कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सलारपुर बहराइच में 04 जून 2024 को प्रातः 08:00 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतगणना प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ गल्ला मण्डी के चप्पे-चप्पे की निगरानी हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरे स्थापित किये जा रहे हैं। मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि प्रत्येक अभ्यर्थी प्रत्येक विधानसभा में गणना हेतु निर्धारित 14 टेबुल हेतु और 01 ए.आर.ओ. टेबुल हेतु अर्थात कुल 15 मतगणना अभिकर्ता बनवाने हेतु सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के ए.आर.ओ. को आवेदन प्रस्तुत करेंगे। मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप-18 दो प्रतियों में भरकर 02 फोटो और आई.डी. के साथ 02 दिवस में सम्बन्धित एआरओ को उपलब्ध करा दें। प्रत्याशियों से यह भी अपेक्षा की गई कि अपने-अपने मतगणना अभिकर्ताओं को समय से गल्ला मण्डी परिसर में उपस्थित होने के लिए कहें ताकि मतगणना कार्य की प्रक्रिया समय से प्रारम्भ की जा सके। बैठक के दौरान जानकारी दी गयी कि गणना अभिकर्ता अपनी विधान सभा क्षेत्र में निर्धारित टेबिल पर ही रह सकेंगे। उन्हें दूसरी टेबिल या अन्य स्थान पर इधर-उधर जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई मतगणना अभिकर्ता /निर्वाचन अभिकर्ता/ प्रत्याशी मतगणना केन्द्र पर मोबाइल, स्पाई पेन, कैमरा या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस अथवा ज्वलनशील पदार्थ/ वस्तु, लाईटर, बीड़ी-सिगरेट, गुटका, पान मसाला, पान, पानी की बोतल आदि लेकर नहीं जायेंगे। मतगणना एजेन्ट को जो बैज/प्रवेश पास दिया जायेगा उसे वह अपने वस्त्र पर सम्मुख इस प्रकार लगायेंगे कि वह दूर से ही प्रदर्शित होता रहे। डीएम ने बताया कि मतगणना अभिकर्ता को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 128 में दिये गये उपबन्धों का पालन करना होगा तथा मतगणना हाल में शिष्ट आचरण करते हुए गणना कार्मिकों के साथ अपेक्षित सहयोग करना होगा तथा मतगणना की गोपनीयता भी बनाये रखनी होगी।

# बीस दिन से ध्वस्त पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ कराने की मांग

> आजादपुरा तृतीय के पूर्व पार्षद लवली शर्मा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला आजादपुरा तृतीय के पूर्व पार्षद रवीन्द्र कुमार उर्फ लवली शर्मा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर बताया कि बीते 20 दिनों से शहर के मोहल्ला आजादपुरा, गांधीनगर व सिविल लाइन में पेयजल समस्या बनी हुयी है। इस भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लोग काफी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। इन मोहल्लों के हैण्डपम्प सूख गये हैं, जो चालू हैं, वे पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं। मोहल्ला आजादपुरा में वर्षों पुरानी पानी की टंकी बनी हुयी है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इसमें पर्याप्त पानी नहीं भर पाता, जिस कारण आये दिन पेयजल आपूर्ति बाधित रहती है। उन्होंने बताया कि इसी टंकी के बगल में नई टंकी का निर्माण कराया गया था, जिससे नेहरूनगर क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जाती है। वर्तमान में नेहरूनगर व चांदमारी क्षेत्र में पेयजल सप्लाई को नई टंकियों से आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने मोहल्ला आजादपुरा, गांधीनगर व सिविल लाइन क्षेत्र में पेयजल समस्या के शीघ्र निस्तारण की माँग की।

# सुरक्षा की दृष्टि से एसएसपी ने किया पैदल गश्त

> वाहन चैकिंग के साथ ही समस्याओं के निस्तारण को दिए दिशा-निर्देश
>
> संदिग्धों की जानकारी पर डायल करें 112: एसएसपी

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा पुलिस बल के साथ फिरोजाबाद शहर में पैदल गश्त की गयी। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चैकिंग भी गयी साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर आमजनों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में चाक-चौबंद कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ फिरोजाबाद शहर में पैदल गश्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान द्वारा आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना गया व उनके निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

इस दौरान पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चैकिंग की गयी। अवगत कराया कि जनपदवासी संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखें एवं किसी भी प्रकार की घटना/समस्या होने पर तत्काल डायल-112 पर कॉल करें या सम्बन्धित थाने पर शिकायत करें। फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर एवं अन्य पुलिस अधिकारीगण /कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब द्वारा बस स्टैंड पर लगवाया वाटर कूलर

**शिकोहाबाद।** भीषण गर्मी को देखते हुए रोटरी क्लब शिकोहाबाद द्वारा रोडवेज बस स्टैंड शिकोहाबाद के ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में एक ठंडे शीतल जल के वाटर कूलर को स्थापित कराया गया है। आज शनिवार को इसका शुभारंभ पालिकाध्यक्ष श्रीमती रानी गुप्ता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्य द्वारा रानी गुप्ता व उनके पति समाजसेवी राजीव गुप्ता का स्वागत किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रानी गुप्ता ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है। ऐसे में लोगों एवं पशु पक्षियों को पानी की अतिआवश्यकता रहती है। रोटरी क्लब द्वारा जिस तरह से वाटर कूलर लगवाया गया है, वह काबिले तारीफहै। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष ने कहा कि वाटर कूलर लगने से यात्रियों को भी गर्मी में ठंडा पानी पीने को मिलेगा।

# हिस्ट्रीशीटर की फिल्मी अंदाज में गोली मारकर हत्या

> गर्दन पर भी किया फावड़े से वार

**अवधनामा संवाददाता**



**सिरसागंज।** थाना सिरसागंज क्षेत्र में एक हिस्ट्रीशीटर की दिन दहाड़े फिल्मी अंदाज में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपियों ने गोली मारने के बाद गर्दन पर फावड़े से वार किया और मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

घटना शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। जहाँ थाना सिरसागंज क्षेत्र के सोथरा रोड पर थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव नगला गुलाल निवासी 50 वर्षीय कमलेश पुत्र जयश्रीराम की कार में सवार होकर आए हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। कार सवारों ने पहले कमलेश की बाइक में टक्कर मारी। कमलेश के गिरने के बाद कार सवारों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। दो गोलियां मारने के बाद आरोपियों ने उसकी गर्दन पर फावड़े से वार किया। जिससे उसके जिंदा रहने की आशंका ना रह जाए। इस घटना को अंजाम देकर हत्यारोपी मौके पर कार छोड़कर भाग निकले। घटना से अफरा तफरी मच गयी और आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों के सटर डालकर भाग खड़े हुए। घटना की जानकारी होते ही एसएसपी सौरभ दीक्षित एसपी ग्रामीण कुंवर रणविजय सिंह, सीओ अरुण कुमार चौरसिया और इंस्पेक्टर सिरसागंज बैजनाथ सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आस पास के लोगों से घटना को लेकर जानकारी ली। एसपी ग्रामीण कुँवर रणविजय सिंह ने बताया कि मृतक हिस्ट्रीशीटर था। ये हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई है। मृतक का नाम कमलेश पुत्र जयश्रीराम निवासी नगला गुलाल है। मृतक के भाई ने इस घटना को लेकर सिरसागंज थाने में चौब सिंह, श्रीदयाल, भुरेया, पप्पू पुत्रगण राजवीर सिंह और ब्रजेश पुत्र श्यामवीर के खिलाफ हत्या करने की तहरीर दी है। घटना के खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया है जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# वीतराग विज्ञान आध्यात्मिक शिविर का शुभारम्भ

> निकली श्रीजी की शोभायात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** पं.टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर के तत्वावधान में 56 वां वीतराग विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण शिविर के शुभारम्भ पर श्रीजी की शोभायात्रा प्रभावना पूर्वक निकली जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति पूर्वक सम्मलित होकर पुर्ण्याजन किया। सुबह नगर के शीतलनाथ जिनालय से प्रारम्भ हुई, श्रीजी की शोभायात्रा में पुर्ण्याजक परिवार बग्गियों में बैठकर धर्मध्वजा लेकर चल रहे थे। महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थी। शोभायात्रा घंटाघर चैक वर्णी चैराहा अभिनंदनोदय तीर्थ से आयोजन स्थल स्याद्वाद बाल संस्कार केन्द्र होते हुए वर्णी जैन कान्वेंट स्कूल पहुंची, जहां श्रावकों ने श्रीजी का अभिषेक किया। डा.अरविन्द जैन दिवाकर परिवार के मुख्यआतिथ्य में उशा जैन द्वारा मण्डप व शिल्पा रीना आयूषी जैन द्वारा किया गया। उदघाटन सत्र में विद्वानों ने तत्ववेत्ता डा.हुकुमचंद भारिल्ल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विद्वानों के साथ विद्वत्ता की बात विशय पर संगोष्ठी में विचार रखे और उनकी आध्यात्मिक शक्ति और समाज में दिए गए योगदान को प्रेरणादायी बताया। डा.भारिल्ल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्वानों ने कहा वह आध्यात्मिक सत्पुरूष श्रीकानजी स्वामी के नौ रत्नों में से एक रहे। उन्होने टोडरमल दि. जैन सिद्धान्त महाविद्यालय की स्थापना करके हजारों युवाओं को जैन दर्शन के विद्वान तैयार करने के लिए संस्थान की स्थापना की। विद्वानों ने डा.भारिल्ल के जन्म दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए जीवन पर्यन्त जैन तत्व ज्ञान का प्रचार प्रसार करने की प्रतिज्ञा ली। संचालन परमात्म प्रकाश भारिल्ल एवं गौरव शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अभय शास्त्री, डा. शान्ति कुमार पाटील, डा.मनीष शास्त्री, सर्वज्ञ भारिल्ल, गौरव जैन, संजय दीवान आदि ने विचार रखे। बताया कि 11 जून तक आयोजित होने वाले शिविर में बालक बालिकाओं एवं युवाओं को जैन धर्म के मूलभूत सिद्धान्तों का ज्ञान कराया जाएगा। जिसमें राजकुमार चूना, कैलाशचंद शास्त्री, भानुकुमार शास्त्री, कमल नायक मौजूद रहे। व्यवस्था में सुरेश जैन, अखिलेश चौधरी, शिखरचंद, राहुल शास्त्री, विवेक जैन, अभिलाषा, अनुराग जैन, सुशान्त, अंकित कठरया, नवीन नायक, अनूप नजा, सौरभ, बाहुवलि, पुष्पेन्द्र, सीमांत लोहिया, अजय जैन, अनुराग जैन, सक्षम शास्त्री आदि का योगदान मिल रहा है।

## केन्द्रीय विद्यालय की 11वीं कक्षा में बढ़ायी जाए दस सीटें सीटें: राधे गोस्वामी

**ललितपुर।** केंद्रीय विद्यालय में 11वीं कक्षा में गणित एवं विज्ञान संकाय में सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए प्रवेश दिलाए जाने की मांग को लेकर भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष ने जिलाधिकारी के माध्यम से स्थानीय सांसद, क्षेत्रीय उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय आगरा एवं प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय ललितपुर को एक ज्ञापन भेजा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय ललितपुर में 11वीं कक्षा में गणित एवं विज्ञान संकाय में केवल 40 सीटें उपलब्ध है। जिसमें ओबीसी एवं एससी आरक्षण के कारण सामान्य वर्ग के मेधावी छात्र एवं छात्राओं के द्वारा अधिक अंक लाने पर भी उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया, और वह मायूस हैं कि अधिक अंक प्राप्त करने पर भी उन्हें प्रवेश प्रक्रिया से वंचित किया गया।

# चार धाम यात्रा-2024 हेतु कराना होगा पंजीकरण, शासनादेश जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने निर्देश जारी करते हुए अवगत कराया है कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा-2024 हेतु तीर्थ यात्रियों के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है। इस हेतु चार धाम यात्रा पर जाने वाले उत्तर प्रदेश के सभी इच्छुक श्रद्धालुजनों को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

बगैर पंजीकरण यात्रा के लिए जाने पर तीर्थ यात्रियों को असुविधा हो सकती है। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा इच्छुक तीर्थ यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए दिशा निर्देश दिए गए हैं कि चार धाम यात्रा-2024 के लिए उत्तराखण्ड शासन द्वारा बेवसाइड अथवा मोबाइल ऐप पर अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था की गई है। हर श्रद्धालु, तीर्थयात्री, पर्यटक जो चारधाम (गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ) की यात्रा करना चाहता है, को उक्त यूआरएल अथवा ऐप पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अनिवार्य पंजीकरण का प्रवर्तन चार धाम यात्रा के लिए जिन यात्रियों ने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं की है। ऐसे श्रद्धालुओं को चारधाम की यात्रा न करने की सलाह दी जाए। ऐसे यात्री, जिनका पंजीयन नहीं है. वे निर्धारित चेक प्वाइन्ट्स पर रोक दिए जाएंगे और उसके आगे नहीं जा सकेंगे। यात्रा हेतु पंजीकृत तिथि का अनुपालन यह आवश्यक है कि तीर्थ यात्री उन तिथियों पर ही यात्रा करें, जिसके लिए उन्होंने पंजीकरण कराया है। इससे श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने तथा धामों पर व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। टूर ऑपरेटरों तथा ट्रैवेल एजेन्टों के उत्तरदायित्व समस्त टूर ऑपरेटर तथा ट्रैवल एजेन्ट यह सुनिश्चित कराएंगे कि उनके ग्राहकों द्वारा यात्रा प्रारम्भ करने से पहले आवश्यक पंजीकरण करा लिया गया है। इससे तीर्थ यात्रा के दौरान असुविधा अथवा किसी प्रकार के व्यवधान को रोकने में सहायता मिलेगी।

# मतगणना तैयारियों के सम्बन्ध में डीएम ने सहायक रिटर्निंग आफिसर्स के साथ की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर, बहराइच में 04 जून 2024 को सम्पन्न होने वाली मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सहायक रिटर्निंग आफिसर्स के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मतगणना पण्डाल में गणना कार्मिकों के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाएं ताकि मतो की गणना के दौरान कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। डीएम ने एआरओ का आहवान किया कि मतदान की भांति मतगणना कार्य को भी बखूबी सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह से तटस्थ रहते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार अपने उत्तरदायित्यों का निर्वहन करेंगे। मतगणना कार्य में रगे सभी अधिकारी व कार्मिक कोई ऐसा कार्य या आचरण नहीं करेंगे जिससे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता प्रभावित हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक-अध्यक्ष डा.मुकेश चंद के नेतृत्व में विकास खंड विरधा के ग्राम चीराकोडर में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। केन्द्राध्यक्ष डा.मुकेश चंद ने मृदा परीक्षण उपरांत संतुलित पोषक तत्व का प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मेंढ़ बंधी, उचित फसल चक्र, फसलों के अवशेष प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही साथ मृदा नमूना लेने की विधि भी बताई गई। विषय वस्तु विशेषज्ञ- सस्य विज्ञान डा.दिनेश तिवारी ने बताया कि फसलों की अच्छी पैदावार के लिए गहरी जुताई बहुत ही आवश्यक होती है। गहरी जुताई के कारण ही फसलों को जड़े बनाने और उन्हें पोषक तत्व पहुँचाने में मदद मिलती है। गर्मियों में यानि की ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करने से कीट प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन और मृदा जनित रोगों का प्रबंधन होता है जिससे फसल उत्पादन में 15-20 प्रतिशत तक की वृद्धि हो जाती है। किसान भाई ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई मई-जून के महीने में मिट्टी पलटने वाले हल जैसे मोल्ड बोर्ड प्लाऊ, टर्न रेस्ट प्लाऊ या रिर्वस विल मोल्ड बोर्ड प्लाऊ आदि कृषि यंत्रों से कर सकते हैं। किसानों को कम से कम 3 वर्षो में एक बार खेतों की 20 सेंटीमीटर तक की गहरी जुताई करनी चाहिए। मिट्टी में लगातार एक जैसी फसलें लगाने से एवं रासायनिक खादों व दवाओं से मृदा सख्त एवं कठोर हो जाती है जिससे मिट्टी में सीमेंटेड लेयर (कड़ी परत) बन जाती है और भूमि में पानी प्रवेश नही कर पाता है। जिससे लगातार जल स्तर मे गिरावट देखी जा रही है। वहीं मिट्टी कठोर होने से मृदा कि जल धारण क्षमता एवं उर्वरा शक्ति कम होती जाती है तथा फसलों में विभिन्न प्रकार के रोग, कीट एवं बीमारियों एवं खरपतवारों की समस्या दिन प्रति दिन बढ़ती जाती है। जिससे फसलों के उत्पादन में गिरावट देखी जा रही है। प्रशिक्षण में राजपाल, राजू, विनोद पाल सहित अन्य प्रगतिशिल कृषक और कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया।



# सपा मुखिया की टिप्पणी से सपाइयों में नये जोश का संचार

**प्रशासन ने मंडी के मुख्य गेट मे लगाये कैमरे**



अवधनामा संवाददाता

**भरूआ सुमेरपुर।** नवीन गल्ला मंडी में लोकसभा चुनाव की ईवीएम के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूमों की बिजली कटौती के बारे में सपा मुखिया के एक्स में टिप्पणी करने के बाद सपाइयों में नए जोश का संचार हुआ है। हमीरपुर महोबा के सपाई नवीन गल्ला मंडी के बाहर अपना ठिकाना बनाकर जोशोखरोश के साथ निगरानी कर रहे हैं। हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट पर मतदान के बाद मिल रहे रुझानों से सपाई जीत के प्रति बेहद आश्वस्त हैं। मतदान के बाद नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम की निगरानी सपाई प्रथम दिन से ही कर रहे हैं। शुरुआत में रात के समय कुछ देर के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर सपाइयों ने अधिकारियों से आपत्ति जताकर निर्बाध आपूर्ति की मांग की थी। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। इसके बाद आपूर्ति को दुरुस्त कराया गया था। शुक्रवार को देर रात सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स के माध्यम से पोस्ट करके चुनाव आयोग एवं प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराकर जिले के सपाइयों की सराहना करते हुए जीत के प्रमाण पत्र तक संघर्ष बनाए रखने का आह्वान किया है। सपा मुखिया की इस टिप्पणी से सपाइयों में नए जोश का संचार हुआ है और वह जो जोशोखरोश के साथ नवीन गल्ला मंडी के बाहर डेरा जमाए हैं। उधर सपा मुखिया की टिप्पणी के बाद प्रशासन भी व्यवस्था मुस्तैद करने में जुट गया है। शनिवार को सुबह नवीन गल्ला मंडी के मुख्य गेट में भी सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी पुख्ता की जा रही है। उधर शनिवार को दोपहर बाद जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने पुनः गल्ला मंडी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी तरह की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम न्यायिक नागेंद्र नाथ, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, मंडी सचिन नितिन कुमार गौतम के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आरईएस के इंजीनियरों से पंचायतें तैयार करा रही हैं स्टीमेट

अवधनामा संवाददाता

**मण्डल के 1400 के सापेक्ष 579 में कार्यरत है कंसल्टिंग इंजीनियर**

**भरुआ सुमेरपुर।** प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री तथा बुंदेलखंड क्षेत्र के कई विधायकों की शिकायत मिलने के बाद मंडलायुक्त ने मंडल के चारों जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आरईएस अवर अभियंताओं के स्थान पर कंसलटिंग इंजीनियरों से पंचायत में कार्य करने की निर्देश दिए हैं। मंडल के चारों जिलों में कुल 1400 ग्राम पंचायत हैं। जिसमें महज 579 पंचायतों में ही कंसलटिंग इंजीनियर ही कार्यरत हैं। चित्रकूट धाम मंडल के मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने गत 23 मई को मंडल के चारों जिलाधिकारियों को भेजे पत्र में निर्देशित किया है कि विधायक बांदा सदर, विधायक चित्रकूट सदर एवं राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन के पत्रों का अवलोकन करें। जिसमें मंडल की 1400 ग्राम पंचायतों में महज 579 पंचायत में ही कंसलटिंग इंजीनियरों से एस्टीमेट व कार्य मापन तैयार कराएं जा रहे हैं। जबकि अन्य सभी पंचायतों के ग्राम प्रधान व सचिव अभी भी अपने मनमाफिक आरईएस के अवर अभियंता कार्य करा रहे हैं। जबकि शासनादेश में कंसलटिंग इंजीनियरों से कार्य कराने का है। इस मामले में महोबा जनपद अव्वल है। यहां सभी पंचायत 273 पंचायत में कंसलटिंग इंजीनियर कार्यरत हैं। जबकि बांदा में 469 के सापेक्ष 76, चित्रकूट के 328 के सापेक्ष 104, हमीरपुर में 330 के सापेक्ष 126 पंचायत में ही कंसलटिंग इंजीनियरों से कार्य कराया जा रहा है। मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वह पंचायत के सभी राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त योजना के कार्यों के एस्टीमेट बनाने व कार्य मापन करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अब देखना है कि मंडलायुक्त यह आदेश जिले में कब तक लागू होता है।

## विद्युत विभाग के जेई की तहरीर पर ट्रक मालिक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर।** बस स्टैंड में शुक्रवार को ट्रक हादसे के बाद विद्युत विभाग की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक मालिक एवं चालक के खिलाफ 8 लाख से अधिक की संपत्ति की क्षति का मुकदमा दर्ज किया है। उधर शनिवार को हादसे की शिकार दूकानदार व्यापार मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में थानाध्यक्ष से भेंट करके नुकसान की भरपाई की मांग की है। शुक्रवार की रात तेज रफ्तार डंपर बस स्टैंड में विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर को ध्वस्त करके दुकानों को क्षति पहुंचाकर पलट गया था। इस घटना में विद्युत विभाग को 8 लाख 26 हजार की क्षति हुई थी। विद्युत वितरण उपखंड की अवर अभियंता अनिल कुमार ने ट्रक मालिक प्रहलाद सिंह मौदहा तथा चालक राजकुमार कुरारा के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी थी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने ट्रक मालिक एवं चालक के खिलाफ विद्युत विभाग की संपत्ति को क्षति पहुंचाने का अभियोग पंजीकृत किया है। उधर शनिवार को हादसे में नुकसान उठाने वाले दुकानदार व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू के नेतृत्व में थानाध्यक्ष से मुलाकात करके समझौते के तहत ट्रक मालिक से नुकसान दिलाने की मांग की है।

# पेड़ों की छांव में लोग पा रहे गर्मी से राहत



अवधनामा संवाददाता

**सरीला (हमीरपुर)** भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 27 व अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी के साथ बढ़ रही उमस ने समस्या बढ़ानी शुरू कर दी है। रही सही कसर बिजली कटौती पूरी कर रही है। बार-बार बिजली की ट्रिपिंग से दिन में बिजली के घंटों गुल रहने से परेशानी यह खड़ी होती है कि तेज धूप में लोग बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते और घर के अंदर बिजली न होने पर पसीना-पसीना होते हैं। दोपहर होते-होते गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। सूरज की तल्खी से लोगों का हाल-बेहाल था। दोपहर को तेज धूप और लू के कारण घरों से बाहर निकल पाना भी मुश्किल हो गया। जरूरी कामों के लिए ही लोग अपने घरों से बाहर निकले। सूरज की तेज तपन लोगों को परेशान कर रही थी। गर्म हवाओं से लोगों का सड़क पर चलना भी मुश्किल हो गया। गर्मी से बचने के लिए लोगों ने तरह-तरह के उपाय करते हुए नजर आ रहे थे। धूप से बचने के लिए बाजारों में लोग गमछा, टोपी आदि का इस्तेमाल करते हुए नजर आए, वहीं गांवों में लोग पेड़ों की छाव में गर्मी से राहत पा रहे हैं।

# रातोंरात करोड़ पति बनने की आस में युवा बन रहे रोड पति

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** क्रिकेट में सट्टेबाजी का त्योहार आईपीएल अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है और लोगों ने पूरे सीजन सोशल साइट्स ड्रीम एलेवन सहित अन्य साइटों और खुले रूप से जमकर सट्टा लगाया है जिसके चलते सटटा बाजार गुलजार रहा है और बेरोजगार युवा रातोंरात करोडपति बनने की आस में रोडपति बन गए हैं। ऐसे ही बेरोजगार युवाओं को साईबर ठगों ने भी जमकर ठगने का काम किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर अपने मोबाईल फोन की डिटेल दिखाते हुए बताया कि साईबर ठगों ने ड्रीम एलेवन में उसकी टीम को विनिंग कराने की बात कही और उसकी एवज में उससे बारह हजार रुपये की मांग की।युवक ने बताया कि उसने बारह हजार रुपये उनके दिए खाता में डाल दिए जिसके बाद उसके मोबाइल फोन पर एक दूसरी रेंक की दो लाख रुपये विनिंग टीम का स्क्रीन शाट भेजा गया लेकिन जीत का पैसा उसके खाते में नहीं आया।युवक ने बताया कि जब उसने उनसे फोन पर सम्पर्क किया तो उक्त साईबर ठगों ने उससे सोलह हजार रुपये की और डिमांड की जिसके बाद उसे अहसास हुआ कि वह ठगा जा चुका है। बताते चलें कि पुलिस और साईबर सेल लगातार लोगों को साईबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है फिर भी इस तरह की घटनाओं का सामने आना जागरूकता अभियान पर सवालिया निशान लगाता है।

## खंड विकास अधिकारी ने पीएम सीएम आवासों का मौके पर जाकर सत्यापन किया

**कुरारा - हमीरपुर।** विकासखंड क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में खंड विकास अधिकारी ने पीएम , सीएम आवासों का मौके पर जाकर सत्यापन किया जिसमे 8 आवास अपूर्ण मिलने पर लाभार्थियों को 5 दिन में कार्य पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। विकासखंड क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में को प्रधानमंत्री आवासों 4 आवास गोमती, आशा, प्रधान, रामायण के अपूर्ण पाए जाने पर 5 दिन के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए वही 16 मुख्यमंत्री आवासों का सत्यापन किया जिसमें 12 आवास पूर्ण पाए गए और 4 आवास विनोद, राजकुमार, गनेशी लाल, राकेश के अपूर्ण मिले , खण्ड विकाश अधिकारी बिपिन गुप्ता ने बताया कि 8 आवास अपूर्ण पाए गए है जिनको बनवाने के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है नही तो कार्यवाही की जाएगी।

# लोक जागरण मंच ने किया मतदाता जागरूकता अभियान

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** लोक जागरण मंच सोनभद्र द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोनभद्र नगर के राज बैंक्वेट (चंडी होटल), मे प्रबुद्ध वर्ग की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मंचासीन राष्ट्रीय स्वयं संघ के जिला संघ चालक हर्ष अग्रवाल, चित्रा जालान प्रधानाचार्य आर्यंस एकेडमी, अंजलि विक्रम प्राचार्य विंध्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय व विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अंबरीश जी रहे। मंचासीन अतिथि व प्रांतीय अधिकारी श्याम को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रावर्ट्सगंज विधानसभा समन्वयक नीरज कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि अंबरीश जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि, मतदान लोकतंत्र को मजबूत करता है और भारत में लगभग 90 करोड़ लोग मतदान करते हैं। लोकसभा चुनाव में देश की सीमाओं की सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, भ्रष्टाचार कम करना, पीने के पानी की उपलब्धता और जाति आधारित भेदभाव जैसे मुद्दे महत्वपूर्ण हैं। देश के विकास और प्रगति के लिए इन मुद्दों पर ध्यान देना आवश्यक है। देश में बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या पर चर्चा और हिंदू आबादी में तेजी से गिरावट चिंता का विषय है। 4 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी पर सवाल उठाया गया है। जिसमें रोहिंग्या मुद्दा, देश में सही इतिहास न पढ़ाना और हिंदू समुदाय के अपमान को रोकना शामिल है। धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा है जिस पर विचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि मुसलमानों की जनसंख्या में अत्यधिक वृद्धि और हिंदुओं की जनसंख्या में कमी चिंता का विषय है।

देश में आतंकवाद और साधुओं पर अत्याचार बड़ी समस्याएँ हैं, जैसे कि शंकराचार्य की गिरफ्तारी और राम जन्मभूमि में रामभक्तो पर गोलियां बरसाना।एक समय में अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियों की वर्षा की जा रही थी और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राम भक्तों पर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा हो रही है और 500 वर्षों का गुलामी का कलंक मिटाकर भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण किया गया, इन मुद्दों पर भी चर्चा होनी चाहिए। पूर्व के सरकारों के कार्यकाल में चीन ने भारत के काफी भूभाग पर कब्जा कर लिया था। भारत के कश्मीर का काफी भूभाग पाकिस्तान व चीन के कब्जे में है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है जिसे वापस लेने की आवश्यकता है। हिंदू धर्म और संस्कृति का सम्मान देश के सम्मान के लिए आवश्यक है, क्योंकि हिंदू धर्म के कमजोर होने से देश कमजोर होगा।

पश्चिम बंगाल में पिछड़े व दलितों का 77 प्रतिशत भाग मुस्लिमों के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने आरक्षित कर दिया है जिसे असवैधानिक मानते हुए उच्च न्यायालय पश्चिम बंगाल ने 2010 के बाद के सभी ओबीसी के जारी किए गए प्रमाण पत्र को निरस्त करने का आदेश जारी किया गया है और कर्नाटक सरकार ने ओबीसी का शत प्रतिशत आरक्षण मुसलमानो के लिए दे दिया है। धर्म के नाम पर इस प्रकार का आरक्षण देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है और संविधान के मूलभूत स्वरूप को बदलता है।

## खाया जहरीला पदार्थ

**कुरारा-हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के भौली गांव के डेरा में किशोरी ने परिवार जनों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया हालत खराब होने परिजन एक चिकित्सक से प्राइवेट उपचार करवाते रहे वही हालत खराब होने पर किशोरी को कुरारा सीएचसी उपचार के लिए लेकर आए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार ना होते देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के भौली डेरा निवासी कविता (17) पुत्री चंदा शुक्रवार की सुबह घर वालों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया था, हालत खराब होने पर एक प्राइवेट डॉक्टर के यहां उपचार करवाने के बाद सुधार न होने पर परिवारजन कुरारा सीएचसी उपचार के लिए लेकर आए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# इंडी गठबंधन देश के लुटेरे की जमातः अनुप्रिया




अवधनामा ब्यूरो

**हर हाल में कोई भी ताकत मोदी को सरकार बनाने से नहीं रोक सकती, राजग गठबंधन के साथ देश की जनता**

**सोनभद्र।** रावर्टसगंज सुरक्षित संसदीय सीट के राजग गठबंधन के प्रत्याशी रिंकी कोल के पक्ष में शनिवार को चिलचिलाती धूप में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्षा मा0 अनुप्रिया पटेल ने हुंकार भरते हुए विपक्ष को जोरदार चुनौती दी नगवां विकासखंड के कोहरवल गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने अपना दल एस प्रत्याशी रिंकी कोल को कप प्लेट के निशान ईवीएम की बटन दबाकर विजय दिलाने की अपील की उन्होंने कहा कि रावर्टसगंज संसदीय सुरक्षित सीट की जनता पूरी तरह इंडि गठबंधन के प्रत्याशी को नकार चुकी है और मोदी के नेतृत्व में पुनः एक बार देश का नेतृत्व सौंपने जा रही है उन्होंने कहा कि मतदाताओं की ताकत से बड़ी कोई ताकत नहीं है इंडि गठबंधन में देश के लुटेरों की पूरी जमात इकट्ठा हुई है देश को लूटने वाले पुनः एक बार देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं बिहार झारखंड दिल्ली आदि प्रान्त के बड़े नेता जमानत पर है अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में तीसरी बार मोदी की सरकार बनने जा रही है और यह पूरा विपक्ष जान रहा है ऐसे में वह तरह-तरह का अनर्गल और झूठा दुष्प्रचार करके देश में भ्रम और अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहा है सोनभद्र के लिए विकास की कई परियोजनाओं को इस सरकार ने चालू किया है ऐसे में यहां की जनता पूरी तरह दोबारा अपना दल यस प्रत्याशी रिंकी कोल को विजय श्री दिलाएगा। अपने संबोधन में उन्होंने स्पष्ट कहा कि विपक्ष के पास ना कोई मुद्दा है न भविष्य के लिए कोई विजन है दो कार्यकाल के दौरान केंद्र में राजग सरकार पूरी तरह साफ सुथरी और बेदाग है ऐसे में विपक्ष के पास सिर्फ और सिर्फ भ्रांतियां बची हैं। राजग सरकार की प्राथमिकता में सिर्फ और सिर्फ विकास मुद्दा रहा है राष्ट्रहित मुद्दा रहा है आतंकवाद को कुचलना मुद्दा रहा है। अंत में अपना दल एस के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने आये हुए सभी अतिथियों व जनता जनार्दन का आभार प्रकट करते हुए सभा का समापन किया।इस मौके पर राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद व सदर विधायक भूपेश चौबे समेत अन्य ने भी संबोधित किया। सभा मे मुख्यरुप से एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी, सांसद पकौडी लाल कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, जिला प्रभारी अनिल सिंह, लोकसभा प्रभारी रामप्रकाश दूबे, लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, अपना दल विधी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संयोजक अभिषेक चौबे, लोकसभा प्रभारी अपना दल प्रभात पटेल, नगवां ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह, विधानसभा संयोजक शितला आचार्य, संतोष शुक्ला, सुरेश शुक्ला, अनूप तिवारी, अनिल सिंह, हिरेश दूबे, परमानन्द पटेल, श्यामाचरण गिरी सहित आम जनमानस उपस्थित रहा।

# मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण



**सामान्य प्रेक्षक एवं सीडीओ ने मतदान कार्मिकों से विभिन्न प्रश्न पूछ कर प्रशिक्षण प्रक्रिया से हुये संतुष्ट**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व दुद्धी विधान सभा उप निर्वाचन,2024 को निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जनपद में मतदान अधिकारियों और कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क का सामान्य प्रेक्षक श्रीमती जी0 जया लक्ष्मी ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किये, इस दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों से प्रश्न पूछे और प्रशिक्षण प्रक्रिया से संतुष्ट हुये। इस दौरान मा0 सामान्य प्रेक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारी/ मतदान अधिकारी से विभिन्न प्रश्न पूछे जैसे सीआरसी क्या होता है, 17ए क्या है, 17सी कितने कापी में भरा जाता है, एएसडी सूची क्या होती है इस सूची के मतदाता का वोट कैसे कराया जायेगा, दो बैलेट यूनिट कैसे जोड़ी जायेगी एवं अन्य सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होने मतदान कार्मिकों से कहा कि वास्तविक मतदान प्रारम्भ करने से पहले टोटल बटन दबाकर देखा जायेगा की पोल शून्य है कि नही और उसे प्रथम मतदान के पहले 17ए रजिस्टर में सबसे पहले अंकित करके तब मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि जनपद सोनभद्र में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न करायें, सभी पीठासीन अधिकारी एमपीएस ऐप डाउनलोड कर लें, आज के प्रशिक्षण में कुल 677 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण प्राप्त करना था, जिसमें से 02 मतदान कर्मी बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहें।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के दृष्टिगत सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट को दिया गया प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन व विधान सभा उप निर्वाचन,2024 की प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना सभी अधिकारियों का परम दायित्व है, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया जाये, सभी सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट अपने मोबाइल में एम0पी0एस0 ऐप मतदाता प्रतिशत की जानकारी हेतु अनिवार्य रूप से अपलोड कर लें, जिससे कि मतदान दिवस पर मतदाता प्रतिशत की जानकारी समय से हो सके, उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा किसी का अतिथ्य स्वीकार नहीं किया जायेगा, इस प्रकार की यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल के साथ प्रवेश निषेध रहेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का कार्य, व्यवहार एवं आचरण पारदर्शी होना आवश्यक है, जिससे निर्वाचन जैसी संवेदनशील प्रक्रिया के लिये जिला प्रशासन के प्रति जन सामान्य, पार्टी पदाधिकारियों तथा प्रत्याशियों का विश्वास बना रहे।

## धर्मपाल सिंह ने की बैठक

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने राबर्ट्सगंज लोकसभा के व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव की विधानसभा संचालन समिति, विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों तथा मंडल अध्यक्ष, प्रभारी व प्रवासियों के साथ बैठक में मार्गदर्शन दिया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ देशवासियों की आर्थिक उन्नति तथा विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए भाजपा काम कर रही है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, सामरिक व आर्थिक रूप से संपन्न भारत निर्माण के लिए अर्हिनश कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए भाजपा की सरकार आवश्यक है और सरकार बनाने के लिए प्रत्येक चुनाव जीतना आवश्यक है। चुनाव जीतने के लिए हमें प्रत्येक बूथ पर विजय प्राप्त करना है। श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि मजबूत बूथ प्रबंधन से प्रत्येक बूथ पर अभेद्य व्यूह रचना तैयार करके लक्ष्य केन्द्रित कार्य करना है। हर बूथ पर अभियान चलाकर अवश्य मतदान और भाजपा के लिए मतदान के आग्रह के साथ मतदाताओं से जुड़ना है। मतदान पूर्ण होने तक बूथ पर डटे रहना है और हर बूथ पर पिछले चुनाव से 370 अधिक वोटों को भाजपा से जोड़ना है।

## पानी न होने से तालाब में उड़ रही है धूल

**कुरारा-हमीरपुर।** विकासखंड क्षेत्र की 20 ग्राम पंचायतों में 25 अमृत सरोवर तालाब बनाए गए हैं वहीं चकोठी गांव में अम्रत तालाब का कार्य पूर्ण होने के बाद भी पानी न होने पर तालाब में धूल उड़ रही है। विकासखंड क्षेत्र में 25 अमृत सरोवर तालाब बनाए गए थे वहीं कुछ तालाबों में कीचड़ युक्त पानी तो कुछ तालाबों में धूल उड़ रही है, वहीं क्षेत्र के चकोठी गांव के अम्रत सरोवर तालाब में एक भी बूंद पानी न होने से धूल उड़ रही है वही जखेला गांव में अमृत सरोवर तालाब में पंचचिरई होने से पशु भी पानी पीने से कतराते हैं , जखेला गांव के शिवम सिंह ने बताया कि बेतवा नहर की माइनरों में पानी न आने से तालाबों में पानी सूख रहा है वही गांव में संचालित राजकीय नलकूप खराब पड़े होने से पानी भरने के लिए अन्य कोई विकल्प नहीं है, बेतवा नहर में पानी न आने से डामर जखेला भैंसापाली जल्ला आदि गांव में तालाबों में कीचड़युक्त पानी होने से अन्ना गोवंश पानी नहीं पी रहे हैं।

# राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर पंजीकरण करवाकर छूट का लाभ लें

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** जिला कृषि अधिकारी बांदा डॉक्टर प्रमोद कुमार ने बताया है कि किसान भाइयों के लिये खुशखबरी किसान भाइयो को अब से बीजों पर एटसोर्स सब्सिडी मिलेगी। जनपद के कृषकों को बीजों पर मिलने वाले अनुदान के लिये उन्हे राजकीय कृषि बीज भण्डारों द्वारा बीज क्रय के समय ही 50 प्रति0 अनुदान का लाभ उसी समय पर ही मिल जायेगा। कुल बीज मूल्य का केवल कृषक अंश नगद /ऑनलाइन जमा करना होगा। बाँदा जनपद में कृषि विभाग को खरीफ में 1335.00 कु0 धान बीज वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसका राजकीय बीज भण्डारों से पॉस मशीन के द्वारा वितरण शुरू कर दिया गया है। जनपद में बासमती धान प्रजाति पूसा बासमती 1718, पूसा बासमती 1728, पूसा बासमती 1692 एवं मोटा धान पन्त-24 के बीजों का आवंटन हुआ है। साथ ही तिल, उर्द, मूंग आदि के बीज भी बीज भण्डारों पर उपलब्ध हैं। इसका लाभ लेने के लिये किसानों को राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर जिनका पंजीकरण नहीं है उनको पंजीकरण कराना होगा। धान की फसल लगाने से पहले किसान कैंचा की बुवाई करें।, ऊँचा की बुवाई करने के 45 दिन के बाद खेत में पलटने पर धान की फसल को पर्याप्त मात्रा में नाईट्रोजन मिल जाता है साथ ही भूमि में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ने से लाभदायक जीवों की संख्या भी बढ़ जाती है एवं खेत के खरपतवार भी नष्ट हो जाते हैं। धान बासमती आधारीय बीज 6780.00 रु0प्रति0 कु0 एवं धान बासमती प्रमाणित की दर 6534.00 रू0 प्रति0 कु0 तय है, जिसमें 50प्रति0 अनुदान देय है। किसानों को बीज खरीदते समय कृषक अंश की राशि को नगद अथवा ऑनलाइन जमा करके अनुदान का लाभ ले सकते हैं।

## सोना यादव को जनपद मे सर्वाधिक मतदान कराने हेतु पुरूस्कृत किया गया

आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा श्री बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में अपने-अपने बूथों पर 70 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने वाले 115 बीएलओ को बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त ने कहा कि जिन बीएलओ के द्वारा अपने कार्यों को उत्कृष्ट रूप से कार्य किया है, यह प्रशंसनीय है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उनकी टीम के द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान का मूल उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। लोकतंत्र को मजबूत करने में बीएलओ ने सराहनीय कार्य किया है, यह कार्य अन्य बीएलओ को भी प्रेरणा देंगे, जिससे कि वह भी इसी प्रकार बेहतर कार्य कर सके। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा निर्वाचन के दौरान पूरे वर्ष भर कडी मेहनत से मतदाताओं के वोटर आईडी कार्य बनवाना, मतदाता सूची को तैयार कराना, मतदाता पर्ची को समय से घर-घर वितरण करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये हैं, जिससे कि जनपद का मतदान प्रतिशत भी 60 प्रतिशत तक हो पाया है। बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को जागरुक करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित करने का भी कार्य सम्पादित किया गया है। उन्होंने जनपद में अपने-अपने बूथों पर 70 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने वाले बीएलओ को बेहतर कार्य करने पर उनकी प्रशंसा करते हुए इसी प्रकार अन्य बीएलओं को भी कार्य करने की सीख दी। कार्यक्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में बेहतर कार्य करने वाले 09 बीएलओ द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक मतदान सम्पन्न कराया, जिसमें सबसे अधिक 95.21 प्रतिशत मतदान कराने वाली सोना यादव, सुरेश कुमार रावत 89.21प्रतिशत, ममता खरे 84.77 प्रतिशत, श्री सुरेश कुमार 84.67 प्रतिशत, गोमती देवी 83.07 प्रतिशत, रामचरित मिश्रा 82.39 प्रतिशत, राधा पटेल 81.42 प्रतिशत, माया देवी 88.30 प्रतिशत, अल्ताफ 80.26 प्रतिशत मतदान कराने पर प्रशस्ति पर देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ अन्य बीएलओ जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने में अपनी भूमिका निभाई उनको भी प्रशस्ति पर देकर सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट सहित बूथ लेवल ऑफीसर एवं निर्वाचन से जुडे अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अर्चना भारती द्वारा किया गया।



राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा अपने पति रॉबर्ट वाड्रा और अपने बच्चों रेहान और मिराया के साथ वोट किया।



राहुल गांधी ने वोट डालने के बाद अपनी मां सोनिया गांधी के साथ सेल्फी ली।



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने रांची में वोट डाला



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला।



पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने परिवार के सदस्यों के साथ रांची में मतदान किया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिल्ली में मतदान किया। उन्हें अपने बूथ पर सबसे पहले वोट करने पर सर्टिफिकेट मिला।



दिल्ली उत्तर पूर्व सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी और उनकी पत्नी सुरभि तिवारी ने मतदान किया।



दिल्ली के मंत्री गोपाल राय और कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने दिल्ली में मतदान किया।



भाजपा पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला।



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुडा अपने बेटे और कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र सिंह हुडा के साथ वोट किया।



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने भी दिल्ली में पत्नी के साथ जाकर मतदान किया।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) नेता बृंदा करात और प्रकाश करात ने दिल्ली में मतदान किया।



चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दिल्ली में मतदान किया।

## डॉ. इन्द्रमणि ने सीजी सिटी योजना का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शनिवार को सीजी सिटी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वैट लैण्ड परियोजना के साथ ही क्षेत्र में विकसित किये जा रहे म्यूजिकल पार्क, मियावाकी फॉरेस्ट व फूड कोर्ट प्रोजेक्ट की समीक्षा कर सभी कामों को युद्धस्तर पर पूरा कराने के निर्देश दिये। म्यूजिकल पार्क के निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पार्क के पास अतिरिक्त पार्किंग का निर्माण कराने का निर्देश दिया, जिससे यहां घूमने आने वाले लोगों को अपने वाहन खड़ा करने में परेशानी न हो। इसके अलावा क्षेत्र में विकसित किये जा रहे मियावाकी फॉरेस्ट व फूड कोर्ट के संबंध में उन्होंने पेड़-पौधों की नियमित रूप से सिंचाई के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम अन्य सिविल कामों के साथ सुनिश्चित कराने को कहा। इस मौके पर मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता जोन-1 अजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी व अभियंतागण उपस्थित थे।

# विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा चंदौली: योगी

- सज गया है मार्कण्डेय महादेव का धाम: योगी'
- मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में बनाए हैं बाबा साहब के पंच तीर्थ



**अवधनामा ब्यूरो**

**चंदौली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परम रामभक्त हैं, भारतीय जनता पार्टी ने साफ-साफ कह दिया है कि भारत में सिर्फ बाबा साहब का ही संविधान चलेगा। इंडी गठबंधन जनता जनार्दन को गुमराह कर रही है कि देश में एनडीए सरकार आएगी तो संविधान बदल देगी, लेकिन वह इनके झूठ को समझ गयी है। जनता अच्छी तरह से जानती है कि मोदी सरकार ने ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बाबा साहब के पंच तीर्थ बनाए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मुगलसराय में चंदौली लोकसभा क्षेत्र के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज चंदौली विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज सबसे अधिक वॉटर वे का लाभ चंदौलीवासियों को ही मिल रहा है। वहीं विरासत का सम्मान भी हो रहा है। यहां पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर बना स्मारक इसका जीता जागता उदाहरण है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम के साथ ही भगवान मारकंडेय धाम का सौंदर्यीकरण सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। चंदौली में बाबा कीना राम के नाम पर मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार है। यहां की सड़कें फोर लोन की बन रही हैं। यहां पर फ्लाईओवर और पुल का जाल बिछाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चंदौली कृषि बाहुल्य क्षेत्र है। ऐसे में यहां सिंचाई के लिए किसानों को नई-नई सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ भी सबसे अधिक चंदौली को ही दिया गया है। श्रमिकों, गरीबों के अनाथ और निराश्रित बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में हाईटेक टेक्नलॉजी से शिक्षा दी जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में एक भी आतंकी वारदात नहीं हुई है। पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हम एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें दुनिया में सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद-नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगा है। वहीं इंडी गठबंधन देश को दोबारा गर्त में धकेलना चाहता है। इस अवसर पर राज्यसभा की सांसद दर्शना सिंह, साधना सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, विधायक सुशील सिंह, रमेश जायसवाल, कैलाश, त्रिभुवन राम, लोकसभा प्रभारी ओमकार केशरी, संयोजक सर्वेश कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

# पूरा देश मोदी जी के साथ खड़ा है: केशव मौर्य

- भाजपा की सरकार में कोई भी गुंडागर्दी करने की हिम्मत नहीं जुटा सकता

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते है कि देश की सम्पत्ति और संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार के समय गुंडागर्दी अपने चरम पर थी। अगर जनता ने सपा की साइकिल पंचर ना की होती, तो अब तक सपाई आधे से ज्यादा यूपी लूट चुके होते। केशव प्रसाद मौर्य महराजगंज में भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी तथा कुशीनगर के नगर पंचायत दुदही में देवरिया लोकसभा के प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे।



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूरा देश मोदी जी के साथ खड़ा है। देश के गरीबो, किसानों, नौजवानों, मां, बहिन, बेटियों ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की जिम्मेदारी ले ली है। उन्होंने कहा गुंडागर्दी नहीं रहेगी, अमन चैन का शासन होगा, जेल के अन्दर गुंडे होंगे, इतना सख्त प्रशासन होगा यह वादा भाजपा ने जनता के साथ किया था और इसको करके दिखाया है। श्री मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव माफिया की मौत पर 500 किमी चलकर मातम मनाने जाते है।

## दो अवैध निर्माणों को कराया सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शनिवार को चिनहट क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अवैध निर्माणों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि गुफरान अहमद व अन्य की ओर से चिनहट कोतवाली रोड पर मटियारी तिराहे के पास लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा नौमीलाल व अन्य की ओर से चिनहट के लौलाई में कांशीराम आवास के सामने लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय ने दोनों मामलों में सीलिंग के आदेश दिये थे, जिस पर कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण के सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव व एस.के. दीक्षित ने दोनों अवैध निर्माणों को सील कराया।

## सामूहिक निकाह का आयोजन आज

**लखनऊ।** मुस्लिम इज्तेमाई कमेटी की ओर से रविवार को सामूहिक निकाह का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष सलीम अहमद राईनी ने बताया कि कमेटी की ओर से रविवार को सुबह 11 बजे लाटूश रोड स्थित होटल मेजबान में 4 मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया जाएगा। सामूहिक निकाह आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कपड़े, कुर्सी-मेज, बेड, बिस्तर, रोजमर्रा की जरूरत का सामान, बर्तन, आदि तोहफे में दिया जाएगा।

## 84.83 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

# प्रियंका व डिम्पल के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रदेश में जोरदार प्रचार किया। प्रियंका गांधी ने गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ़ में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार काजल निषाद के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त रूप से जनसभा को सम्बोधित किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समर्थन में समाजवादी पार्टी नेता व सांसद डिम्पल यादव के साथ रोड शो कर गठबंधन उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की। वाराणसी में रोड शो का आगाज प्राचीन आदिशक्ति मां दुर्गा के पवित्र मंदिर में आरती से हुआ। आरती के बाद प्रियंका गांधी, डिम्पल यादव और गठबंधन उम्मीदवार अजय राय गाड़ी में बने मंच पर चढ़े और सभी का अभिवादन कर रोड शो शुरू किया। रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी और



- डिम्पल यादव के साथ रोड शो कर गठबंधन उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की
- प्रियंका और डिम्पल को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े

डिम्पल यादव ने रास्ते में जगह-जगह खड़े लोगों का अभिवादन कर अजय राय को जिताने की अपील की। प्रियंका गांधी और डिम्पल यादव को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चे अपने घरों की छतों पर फूल-माला लेकर खड़े थे, जिन्होंने प्रियंका और डिम्पल का स्वागत किया। मां दुर्गा के मंदिर से आगे बढ़े रोड शो संत रविदास गेट पहुंचा जहां बड़ी संख्या में लोग सड़क पर दोनों नेताओं के स्वागत के लिए फूल-माला लिये खड़े थे। प्रियंका गांधी ने छतों पर खड़ी महिलाओं, बुजुर्गो और बच्चों का हाथ हिला कर अभिवादन किया और इशारों-इशारों में हाल-चाल पूछा, जिससे उत्साहित भीड़ ने तालियां बजा उत्साह बढ़ाया। प्रियंका गांधी का निर्देश मिलते ही कार्यकर्ता सड़क के एक किनारे हो गये और एम्बुलेंस को रास्ता दिया। लगे प्रियंका-डिम्पल, राहुल-अखिलेश जिंदाबाद के नारे रोड शो आगे बढ़ा तो बीएचयू गेट पर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने रोड शो का जोरदार स्वागत किया। रोड शो के दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने प्रियंका गांधी, डिम्पल यादव जिन्दाबाद के नारे लगाए वहीं कांग्रेस और सपा कार्यकर्ताओं ने भी प्रियंका-डिम्पल, राहुल गांधी-अखिलेश यादव, अजय राय जिन्दाबाद के नारे लगाए। रोड शो के दौरान कई जगहों पर लोगों ने प्रियंका गांधी को स्मृति चिन्ह और फूल-माला देकर स्वागत किया। रोड शो में राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, नीलांशू चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, जिलाध्यक्ष राजेशवर सिंह पटेल, शहर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, सपा जिला-शहर अध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, प्रवक्ता अंशू अवस्थी, आलोक सिंह रैकवार, अख्तर मोदी सहित हजारों की संख्या में सपा, कांग्रेस व आप कार्यकर्ता व नेता शामिल थे।

# प्रवास कार्यक्रम

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव

**लखनऊ।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार 26 मई को वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश मोहन यादव सायं 05 बजे सीर गोवर्धनपुर, रोहनियां, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार 26 मई को मीरजापुर के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 09 बजे बरघाकला चक मझवां, मीरजापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रविवार 26 मई को मऊ व वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 10:45 बजे भुड़सुरी, मेवाड़ीकला, रतनपुरा मऊ में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे। इसके पश्चात सायं 05 बजे रामनगर चौक, वाराणसी तथा सायं 07 बजे आशीर्वाद वाटिका प्रहलाद घाट, वाराणसी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा रविवार 26 मई 2024, को मीरजापुर के प्रवास पर रहेंगे तथा मीरजापुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री भानुप्रताप वर्मा रविवार 26 मई 2024, को गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे तथा गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगें तथा बांसगांव में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर रविवार 26 मई को मऊ के प्रवास पर रहेंगे। ओमप्रकाश राजभर सुबह 10:45 बजे भुड़सुरी, मेवाड़ीकला, रतनपुरा, मऊ में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे।

### मंत्री डा. संजय निषाद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद रविवार 26 मई को मऊ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद सुबह 10:45 भुड़सुरी, मेवाड़ीकला, रतनपुरा, मऊ में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे।

### पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष (दिल्ली) मनोज तिवारी

**लखनऊ।** पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी रविवार 26 मई 2024, को वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। मनोज तिवारी सायं 05 बजे पंच कोशी चन्द्रा चौराहा, पाण्डेयपुर, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री गुलाब देवी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री गुलाब देवी रविवार 26 मई को महाराजगंज में जनसम्पर्क करेंगी।

### मंत्री जयवीर सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह रविवार 26 मई को महाराजगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री राकेश सचान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान रविवार 26 मई को बलिया में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल रविवार 26 मई को कुशीनगर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री धर्मवीर प्रजापति

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति रविवार 26 मई को मऊ के प्रवास पर रहेंगे। धर्मवीर प्रजापति सुबह 10:45 बजे भुड़सुरी, मेवाड़ीकला, रतनपुरा, मऊ में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे।

### मंत्री जसवंत सैनी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सैनी रविवार 26 मई को महाराजगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री प्रतिभा शुक्ला

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री प्रतिभा शुक्ला रविवार 26 मई को देवरिया जिले में जनसम्पर्क करेंगी।

### मंत्री रजनी तिवारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री रजनी तिवारी रविवार 26 मई को गोरखपुर में जनसम्पर्क करेंगी।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 मई 2024, को मीरजापुर, मऊ एवं देवरिया में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह 09:30 बजे वरकछा कलां, मड़िहान रोड़, मीरजापुर में आयोजित मीरजापुर एवं राबर्ट्सगंज लोकसभाओं की संयुक्त जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 11:15 बजे भुडसुरी, मेवाड़ी कलां, रतनपुरा मऊ में आयोजित घोसी, बलिया तथा सलेमपुर लोकसभाओं की संयुक्त जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 01 बजे पचलडी मार्ग, रूद्रपुर, देवरिया में आयोजित बांसगांव व देवरिया लोकसभाओं की संयुक्त जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी जी

**लखनऊ।** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी रविवार 26 मई 2024, देवरिया के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी जी दोपहर 12:30 बजे पचलड़ी मार्ग रूद्रपुर, देवरिया में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित होंगे।